वार्षिक प्रतिवेदन

2011-2012

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली

वार्षिक प्रतिवेदन 2011-2012 केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्

विषय–सूची

विषय	पृष्ठ संख्या
प्रस्तावना	1
संकेताक्षर	3
उद्देश्य	4
प्रशासनिक प्रतिवेदन	**5**
– के.हो.अ.प. का संगठनात्मक ढांचा	8
– शासी निकाय	9
– वैज्ञानिक सलाहकार समिति	10
– स्थायी वित्त समिति	12
– नैतिक समिति	13
– नैदानिक अनुसंधान के लिए विशेष समिति	15
– औषध मानकीकरण के लिए विशेष समिति	16
– मानव विकारी परीक्षण (औषध प्रमाणन) के लिए विशेष समिति	18
– परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व	18
– बजट	19
– सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005	19
तकनीकी प्रतिवेदन	**21**
• अनुसंधान परियोजनाएँ	23
• नैदानिक अनुसंधान	29
• नैदानिक सत्यापन	40
• औषध प्रमाणन (होम्यापैथिक रोगमूलक परीक्षण)	45
• औषध मानकीकरण	48
• औषधीय पादपों का सर्वेक्षण, संग्रहण और खेती	52
• सहयोगात्मक अनुसंधान अध्ययन	56
• प्रकार बाह्य अनुसंधान अध्ययन	64
• लैंगिक मुद्दे	68

प्रकाशन एवं पुस्तकालय 69

विविध कार्यकलाप

- माता एवं शिशु सुरक्षा के लिए होम्योपैथी पर राष्ट्रीय अभियान 73
- समितियों की बैठकें 75
- होम्योपैथिक भेषज समिति (एचपीसी) 77
- कार्यशालाएं/संगोष्ठियां/अभिमुखीकरण कार्यक्रम 80
- स्वास्थ्य मेले/प्रदर्शनियाँ 82
- आयुष अनुसंधान पोर्टल 84

कें.हो.अ.प. के अधीनस्थ संस्थानों/इकाइयों की अनुसूची 86

वित्तीय विवरण 88

91

प्रस्तावना

मेरे लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि मैं केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् का वर्ष 2011–12 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर रहा हूँ। यद्यपि मैंने जुलाई 2012 में परिषद् में कार्यभार संभाला लेकिन मुझे परिषद् से जुड़े हुए अधिक समय नही हुआ है। मेरे पदभार संभालने से पूर्व हुई बैठकों में परिषद् के कार्यकलापों के बारे में मुझे अवगत करवाने के लिए मैं अपनें सहकर्मियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। परिषद् की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों को इस वार्षिक प्रतिवेदन में प्रस्तुत किया गया है।

वर्ष 2011–12 के दौरान नीति निर्धारक समितियों जैसे शासी निकाय, वैज्ञानिक परामर्श समिति, स्थायी वित्त समिति और नैतिकता समिति का कार्यकाल पूर्ण हुआ और इनके पुर्नगठन हेतु कदम उठाये गये। जनवरी 2012 में वैज्ञानिक परामर्श समिति, स्थायी वित्त समिति, नैतिकता समिति और नैदानिक अनुसंधान, औषध मानकीकरण एवं मानव रोग मूलक परीक्षण पर विशेष समितियों का पुर्नगठन किया गया।

परिषद् पूरे देश अपने 28 संस्थानों/इकाईयों के माध्यम से कार्य कर रही है। अतः इन इकाईयों/संस्थानों में आधार सुविधाएं जैसे भवन, बाह्य रोगी विभाग, आंतरिक रोगी विभाग और सामान्य प्रयोगशाला सुविधाएँ उपलब्ध होनी चाहिए। प्रतिवेदित वर्ष के दौरान परिषद् ने क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) मुम्बई और गुड़ीवाड़ा के लिए भवन निर्माण कार्य का आरंभ किया। परिषद् को कोयम्बटूर में क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) की स्थापना करने हेतु मार्टिन चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा 2 एकड़ भूमि देने का प्रस्ताव भी मिला। क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) गुड़ीवाड़ा और कोलकाता में रोगी शय्याओं में वृद्धि, चूंकि राजस्व विभाग त्रिपुरा सरकार द्वारा परिषद् को 2 एकड़ भूमि प्रदान की गई है अतः नैदानिक अनुसंधान इकाई, अगरतला को क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) अगरतला के रूप में प्रोन्नत करने के प्रस्ताव भी परिषद् को प्राप्त हुए।

परिषद् के संस्थानों/इकाईयों में कार्यरत अधिकारियों को गत एवं प्रतिवेदित वर्ष के दौरान विभिन्न प्रकार अनुसंधान कार्य सौपें गए। प्रस्तुत प्रतिवेदन नैदानिक अनुसंधान, नैदानिक सत्यापन, औषध प्रमाणन, औषध मानकीकरण, औषधीय पादपों का सर्वेक्षण, संग्रहण एवं खेती के क्षेत्रों में परिषद् की उपलब्धियों को प्रस्तुत करता है। इन पहलुओं के अतिरिक्त परिषद् आयुष विभाग की प्राकार आंतरिक अनुसंधान योजना के अंतर्गत अनुमोदित होम्योपैथी अनुसंधान परियोजनाओं का समन्वय करती है। प्रतिवेदित वर्ष के दौरान प्राकार आंतरिक अनुसंधान एवं सहयोगात्मक अनुसंधान के अंतर्गत परियोजनाओं का विविरण एवं उनका स्तर प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन में दिया गया है। अनुसंधान अध्ययनों से संबंधित परिषद् के शोध पत्र जिनका की प्रतिवेदित वर्ष के दौरान प्रकाशन हुआ, उनका विवरण भी संबंधित अनुभाग में दिया गया है।

परिषद् ने जेन्डर स्पेसिफिक तीन अनुसंधान परियोजनाओं का आरंभ किया और अपने अनुसंधान केन्द्रों के माध्यम से माता एवं शिशु स्वास्थ्य निदानगृहों और समुदाय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया। आयुष विभाग के निर्देशों के अनुसार परिषद् ने जेन्डर बजट सैल की स्थापना की है और जेन्डर स्पेसिफिक मुद्दों का रिकार्ड रखती है। इससे संबंधित सूचना भी प्रतिवेदन में प्रस्तुत की गई है।

वर्ष 2007 में आरंभ हुए 'माता एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल हेतु होम्योपैथी पर राष्ट्रीय अभियान' प्रतिवेदित वर्ष के दौरान संपूर्ण हुआ। परिषद् ने इन वर्षों के दौरान माता एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की भूमिका के बारे में सामान्य जन में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से समुदाय जागरूकता शिविर और माता एवं शिशु स्वास्थ्य निदानगृहों का आयोजन किया। इस अभियान के अन्तर्गत होम्योपैथी चिकित्सकों हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाओं और अभिमुखी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अभियान के अतिरिक्त प्रतिवेदित वर्ष के दौरान परिषद् ने स्वास्थ्य मेलों/ प्रदर्शनियों आदि में भाग ले कर सामान्य जन तक पहुँच दर्ज की। परिषद् के अधिकारियों ने संदर्भ व्यक्तियों, प्रतिनिधियों के रूप में विभिन्न सम्मेलनों, कार्यशालाओं और

निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में भाग लिया। लीगा मेडिकोरम होम्योपैथिका इण्टरनेशनलिस सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अवसर था जिसमें परिषद् ने संपूर्ण सामर्थ्य के साथ भाग लिया।

अनुसंधान परिणामों को होम्योपैथिक चिकित्सकों तक पहुँचाने और ज्ञान में वृद्धि हेतु पुस्तकालय अनुभाग के साथ प्रलेखन एवं प्रकाशन अनुभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। परिषद् के प्रकाशनों, पुस्तकों, पत्रिकाओं और अन्य प्रकाशित सामग्री जिनको पुस्तकालय द्वारा संरक्षित रखा गया है, आदि की सूचना भी प्रतिवेदन में प्रस्तुत की गई है। अनुसंधान सूचनाओं के प्रसार हेतु आयुष विभाग के द्वारा आयुष अनुसंधान पोर्टल विकसित किया गया जिस पर परिषद् ने शोध पत्रों और उनके सार को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध करवाया है।

मैं आयुष विभाग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिसके सहयोग और प्रोत्साहन के कारण अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सके। मैं होम्योपैथिक अनुसंधान में महत्त्वपूर्ण कार्य करने वाले परिश्रमी समूह भावना से परिपूर्ण अपने सहकर्मियों के प्रति धन्यवाद प्रकट करता हूँ। सबसे अन्त में मैं विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अनुसंधान को सुगम बनाने में मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया।

(डा. आर.के. मनचन्दा)
महानिदेशक

संकेताक्षर

एड्स	एक्वायर्ड इम्यूनों डेफिसिएन्सी सिन्ड्रोम
सीएसी	कम्युनीटि अवेयरनेस कैंप्स
सीसीआरएच	सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी
सीओएलएल	कोलाबोरेटिव स्टडीज
सीआर	क्लिनिकल रिसर्च
सीआरआई (एच)	सेंट्रल रिसर्च इंस्टि्टयूट फॉर होम्योपैथी
सीआरयू (एच)	क्लिनिकल रिसर्च यूनिट फॉर होम्योपैथी इन जनरल एरिया
सीआरयू (टी)	क्लिनिकल रिसर्च यूनिट इन ट्राइबल एरिया
सीवी	क्लिनिकल वेरिफिकेशन
सीवीयू	क्लिनिकल वेरिफिकेशन यूनिट
डीओसी	डॉक्यूमेंटेशन एण्ड पब्लिकेशन
डीपी	ड्रग प्रूविंग
डीपीआरयू	ड्रग प्रूविंग रिसर्च यूनिट
डीएस	ड्रग स्टेन्र्डडाइजेशन
डीएसयू	ड्रग स्टेण्र्डडाइजेशन यूनिट
ईसी	विस्तरित इकाई
ईएमआर	एक्ट्रा म्यूरल रिसर्च
जीडीवी	गैस डिफयुजन विजुअलाइजेशन
एचडीआरआई	होम्योपैथिक ड्रग रिसर्च इंस्टि्टयूट
एचआईवी	ह्यूमन इम्यूनों डेफिसिएन्सी सिन्ड्रोम
एचपीटी	होम्योपैथिक पैथेजेनेटिक ट्रायल
एचटीसी	होम्योपैथिक ट्रीटमेंट सेंटर
आईईसी	इंफोरमेशन एजूकेशन एण्ड कम्यूनिकेशन
आईएसएमएण्डएच	इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसन एण्ड होम्योपैथी
जेआईपीएमईआर	जवाहर लाल इंस्टि्टयूट ऑफ पोस्ट–ग्रेजुएट मेडिकल एजूकेशन एण्ड रिसर्च
एमसीएच	मदर एंड चाइल्ड हेल्थ
एमडीएनआईवाई	मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान
एनई	नार्थ इस्ट
आरओ (एच)	रिसर्च आफिसर (होम्योपैथी)
आरओ(पी)	रिसर्च आफिसर (भेषज–अभिज्ञान)
आरआरआई (एच)	रीजनल रिसर्च इंस्टि्टयूट फॉर होम्योपैथी
एससीसीएमपी	सर्वे कलेक्शन एण्ड कलटिवेशन ऑफ मेडिसिनल प्लांट
डब्ल्यूएचओ	वर्ल्ड हैल्थ आर्गेनाइजेशन

उद्देश्य

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 का XXI के अंतर्गत निम्नलिखित मुख्य उद्देश्यों से की गई थी :

- होम्योपैथी में कोई अनुसंधान या अन्य कार्यक्रम शुरू करना।
- होम्योपैथी में अनुसंधान से संबंधित सूचना का प्रसार करना और जानकारी का प्रचार करना।
- रोगों के कारणों, फैलने के तरीके, निवारण और उपचार के संबंध में प्रयोगात्मक उपाय प्रारंभ करना।
- होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं–मूलभूत एवं अनुप्रयुक्त में, वैज्ञानिक अनुसंधान प्रारंभ करना, उसमें सहायता, विकास और समन्वय करना।
- के.हो.अ.प. के उद्देश्यों के समान उद्देश्यों में रूचि रखने वाले अन्य संस्थानों, एसोसिएशनों, समितियों के साथ सूचना का आदान प्रदान करना।

प्रशासनिक प्रतिवेदन

वार्षिक प्रतिवेदन 2011-2012 केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्

परिषद् का प्रबंधन

शासी निकाय

अध्यक्ष
(केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री)

उपाध्यक्ष–I
(केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री)

उपाध्यक्ष–II
(होम्योपैथी में कोई प्रतिष्ठित अनुसंधाता/अध्यापक/व्यवसायविद्)

- स्थाई वित्त समिति
- वैज्ञानिक परामर्श समिति
- नैतिकता समिति

संगठनात्मक ढांचा



शासी निकाय

परिषद के शासी निकाय का पुनर्गठन, शासी निकाय के अध्यक्ष की हैसियत से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा 26 फरवरी, 2009 को किया गया था।

नामांकनों के परिणामस्वरूप के.हो.अ.प. का पुनर्गठित शासी निकाय निम्नलिखित होगा :

1	**अध्यक्ष**	माननीय, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,
2	**उपाध्यक्ष–I** (सरकारी)	केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री,
3	**उपाध्यक्ष–II** (गैर–सरकारी)	डा. दीवान हरीश चन्द 1, हनुमान रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110 001.

सरकारी सदस्य

1. अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
2. संयुक्त सचिव (आयुष), आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आईआरसीएस बिल्डिंग, नई दिल्ली।

गैर–सरकारी सदस्य

1. होम्योपैथी विशेषज्ञ

क) डा. वी.के. गुप्ता,
सी–3/29, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली

ख) प्रोफेसर (डा.) के. जनार्दन रेड्डी,
भूतपूर्व अपर निदेशक (होम्यो.) आंध्र प्रदेश सरकार,
म.सं. 3–5–199/ए15, गली सं. 5,
नारायणगुडा, एस बी एच, हिमायतनगर लेन,
हैदराबाद।

ग) डा. आर. ज्ञानसंबंदम,
अध्यक्ष, तमिलनाडु होम्योपैथी चिकित्सा परिषद्,
भूतपूर्व अपर निदेशक (होम्यो.) आंध्र प्रदेश सरकार,
6, लॉयड द्वितीय लेन, रॉयापेटा,
चेन्नई–600 014 (तमिलनाडु)।

घ) डा. पा.यू. लेनिन,
110, चौथा क्रॉस, जवाहर नगर, बूमियनपेट,
पुददुचेरी–605 001.

ड) डा. वी.टी. रुद्रेश,
'माडिलु' 54 ई, द्वितीय क्रास, बी एस के तृतीय स्टेज,, तृतीय फेज,
चतुर्थ ब्लॉक, काथरीगुप्पा,
बंगलौर–85.

2. वनस्पति विज्ञान और भेषज–विज्ञान में विशेषज्ञ

क) डा. आर.के. शर्मा,
विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय औषध अनुसंधान संस्थान,
लखनऊ–226 001.

ख) डा. मोहनासुद्रम,
प्रोफसर भेषज–विज्ञान एवं डीन, राजकीय स्टैनले मेडिकल कालेज एंव अस्पताल,
चेन्नई–600 001.

3. आधुनिक औषधि में विशेषज्ञ

क) डा. डी. सैन गुप्ता,
औषधि सलाहकार, 83, लखनऊ रोड़,
तिमारपुर, दिल्ली–110 054.

4. पदेन सदस्य

1. निदेशक, राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, कोलकाता।
2. निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्, –सदस्य सचिव।

परिषद् के शासी निकाय का कार्यकाल 25 फरवरी, 2012 को समाप्त हो चुका है। परिषद् में अपने पत्र संख्या 1–20/2012–के. हो.अ.प./एमओएन/शा.नि. गठन/1162 दिनांक 17.02.2012 के माध्यम से माननीय स्वास्थय एवं परिवार कल्याण मंत्री को शासी निकाय के पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव भेजा है।

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा परिषद् के शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता

वैज्ञानिक सलाहकार समिति एवं विशेष समितियां

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् के शासी निकाय के अध्यक्ष की हैसियत से माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा परिषद् की वैज्ञानिक सलाहकार समिति और विशेष समितियों का पुनर्गठन दिनांक 21 जुलाई, 2006 से तीन वर्ष के लिए किया गया था जो 20 जुलाई, 2009 को समाप्त हो गया। सचिव (आयुष) ने नई वैज्ञानिक सलाहकार समिति गठित होने तक विद्यमान वैज्ञानिक सलाहकार समिति को जारी रखने पर सहमति दी।

1 डा. दीवान हरीश चन्द,
1, हनुमान रोड,
नई दिल्ली–110 001। — अध्यक्ष

2 डा. एस.पी. सिंह, सलाहकार (होम्यो.)
आयुष विभाग,
आई.आर.सी.एस. बिल्डिंग,
1, रेड क्रास रोड, नई दिल्ली। — सदस्य

3 डा. वी.के. गुप्ता,
सी–3/29, राजौरी गार्डन,
नई दिल्ली। — सदस्य

4 डा. एम.पी. आर्य, — सदस्य
67/2, ओबेराय हाउस,
नल स्टाप, कार्वे रोड़, पुणे (महाराष्ट्र)

5 डा. वी.वी. नागराज राव, — सदस्य
फ्लैट नं. 5 और 8,
नंदिनी मेन्सन, 1–10–234,
अशोक नगर, हैदराबाद।

6 डा. रथिन चक्रवर्ती, — सदस्य
5, सुबल कोले लेन, पी.एस. शिबपुर,
हावड़ा–711 101 (पश्चिम बंगाल)।

7 डा. सत्य नारायण सिंह, — सदस्य
प्रधानाचार्य,
नारायणश्री होम्योपैथिक मेडिकल कालेज,
पुष्पा नगर, भोपाल।

8 डा. पा.यू. लेनिन, — सदस्य
110, चौथा क्रॉस,
जवाहर नगर, बूमियनपेट, पुडुचेरी–605 001।

9 प्रो. एल.के. नन्दा, प्रोफेसर, — सदस्य
डा. ए.सी. होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल,
यूनिट–3, भुवनेश्वर–751 001 (उड़ीसा)।

10 डा. आदित्य कौशिक, — सदस्य
ओ–14, परवाना विहार, सैक्टर–9,
रोहिणी, नई दिल्ली–110 085।

11 महानिदेशक, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद — सदस्य–सचिव

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 17 जनवरी, 2012 को वैज्ञानिक सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया जिसका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

1. डा. वी.टी. अगस्तीन, — अध्यक्ष
401, मंदाकिनी इन्कलेव,
अल्कनंदा, नई दिल्ली–110019

2. सलाहकार/सयुक्त सलाहकार/उप सलाहकार– (होम्यो.), — सदस्य
आयुष विभाग में परिषद् के मामलों से संबंधित,
नई दिल्ली–110001

3. डा. वी.के. गुप्ता, — सदस्य
सी–3/29, राजौरी गार्डन,
नई दिल्ली–110027

4. डा. एम.पी. आर्य — सदस्य
67/2, ऑबरोय हाउस,
नल स्टॉप, कर्व रोड़,
पूना, महाराष्ट्रा–411004

5. प्रो. (डा.) सी. नायक — सदस्य
पूर्व महानिदेशक, सीसीआरएच,
हाउस नं. 47सी, सी–4डी ब्लाक,
जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

6. डा. रथिन चक्रवर्ती — सदस्य
5, सुबल कोले लेन,
पी.एस. सिबपुर, हावडा–711101
पश्चिम बंगाल

7. डा. आर. के. मनचन्दा — सदस्य
उप–निदेशक,
सीएससी बिलडिंग, ब्लाक–बी,
भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी के होम्योपैथी विभाग
प्रीत विहार, दिल्ली–110092

8. प्रो. एल.के. नन्दा — सदस्य
प्लाट नं. 409–बी,
पाइका नगर, डेल्टा स्क्वायर,
पोस्ट बारामुण्डा,
भुवनेश्वर–751003

9. डा. वी.के. चौहान — सदस्य
प्रधानाचार्य, डा. बी.आर.सूर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज,
अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र,
नानक पुरा, नई दिल्ली–110021

10. डा. डी.के. शर्मा — सदस्य
आचार्य एवं औषधी परामर्शदाता
वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज एवं सफदरजंग अस्पताल,
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)
नई दिल्ली–110029

11. महानिदेशक, — सदस्य–सचिव
केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद,
61–65, संस्थागत क्षेत्र, डी–ब्लाक,
जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

स्थायी वित्त समिति

परिषद् का निम्नलिखित सदस्यों के साथ वित्त समिति:

1. संयुक्त सचिव — अध्यक्ष,
आयुष विभाग,
आईआरसीएस बिल्डिंग,
रेड क्रॉस रोड़, नई दिल्ली

2. अतिरिक्त सचिव सह वित्त सलाहकार — सदस्य
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली

3. डा. दिवान हरीश चन्द — सदस्य
1, हनुमान रोड़, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली–110001

4. डा. वी.के. गुप्ता — सदस्य
सी–3/29, राजौरी गार्डन,
नई दिल्ली

5. महानिदेशक, — सदस्य सचिव
केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिशद्
नई दिल्ली

नैतिक समिति

1. डा. डी. सेन गुप्ता — अध्यक्ष
2/3–4, रूप नगर,
दिल्ली–110001

2. डा. आर.के. वार्षेनेय — सदस्य
4649/21, दरिया गंज,
नई दिल्ली–110002

3. श्री सुधीर गंदोत्रा — सदस्य
आर–10, तृतीय तल, खिडकी एक्टेंशन,
मालवीय नगर, नई दिल्ली–110017

4. डा. उमेश कंसरा — सदस्य
अतिरिक्त आचार्य,
औषध विभाग,
सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली–110029

5. डा. डी.आर. लोहार — सदस्य
निदेशक, होम्योपैथी भेषजकोश प्रयोगशाला,
एम–ब्लाक के सामने, संजय नगर,
एन.टी.एच. के पास, कमला नेहरू,
गाजियाबाद

6. डा. एस.सी. गोस्वामी — सदस्य
67, वैशाली, पीतमपुरा,
दिल्ली–110034

7. आचार्य पी.आर. मंगला — सदस्य
ईबी 210, माया इन्क्लेव,
नई दिल्ली–110064

8. डा. पी. रॉय वैद — सदस्य
1490/21डी, जिम खाना क्लब के पास,
फरीदाबाद

9. डा. (श्रीमती) लुबना खान — सदस्य
बी–3, सेक्टर–19, नोएडा

10. डा. सुरेन्द्र सिंह
सहायक आचार्य भेषजगुण विज्ञान
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली — सदस्य

11. डा. एस.एन साहू
उप सलाहकार (होम्यो.)
आयुष विभाग, आईआरसीएस बिल्डिंग,
नई दिल्ली — सदस्य

12. डा. विक्रम सिंह
उप निदेशक
केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली — सदस्य

13. डा. अनिल खुराना
सहायक निदेशक (होम्यो.),
केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्
नई दिल्ली — सदस्य

14. महानिदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् — सदस्य सचिव

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 17 जनवरी, 2012 को नैतिक समिति का पुनर्गठन किया जिसका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

1. डा. डी. सेन गुप्ता
2/3–4,रूप नगर,
दिल्ली–110001 — अध्यक्ष

2. डा. आर.के. वार्ष्णेय
4649/21, दरिया गंज,
नई दिल्ली–110002 — सदस्य

3. श्री सुधीर गंदोत्रा
आर–10, तृतीय तल, खिडकी एक्टेंशन,
मालवीय नगर, नई दिल्ली–110017 — सदस्य

4. डा. उमेश कंसारा
अतिरिक्त आचार्य,
औषध विभाग,
सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली–110029 — सदस्य

5. डा. एस.सी. गोस्वामी
67, वैशाली, पीतमपुरा,
दिल्ली–110034 — सदस्य

6. डा. पी. रॉय वैद
1490/21डी, जिम खाना क्लब के पास,
फरीदाबाद — सदस्य

7. डा. सुरेन्द्र सिंह
सहायक आचार्य भेषजगुण विज्ञान
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली — सदस्य

8. डा. श्रीमती मधु अग्रवाल
आचार्य, प्रसूती एवं स्त्रीरोग विज्ञान
डा. बी.आर. सूर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल
नानक पुरा, नई दिल्ली–110021 — सदस्य

9. डा. राजेश सागर
अतिरिक्त आचार्य, मनोरोग विभाग,
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान,
अंसारी नगर, नई दिल्ली–110029 — सदस्य

10. डा. अनिल खुराना
सहायक निदेशक (होम्यो.),
केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्
नई दिल्ली — सदस्य

11. निदेशक, होम्योपैथी भेषजगुण विज्ञान प्रयोगशाला
एम–ब्लाक के सामने, संजय नगर,
एन.टी.एच. के पास, कमला नेहरू, गाज़ियाबाद — सदस्य

12. महानिदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् — सदस्य सचिव

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 17 जनवरी, 2012 को विशेष समिति का पुनर्गठन किया जिसका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

नैदानिक अनुसंधान के लिए विशेष समिति

1. डा. वी.के. गुप्ता
सी–3/29, राजौरी गार्डन
नई दिल्ली–110027 — अध्यक्ष

2. डा. के.एम. धावले
डा. एम.एल. धावले मेमोरियल ट्रस्टस बीएमसी मदर
एण्ड चाईल्ड केयर सेन्टर, तृतीय तल,
हरीशंकर जोशी मार्ग, दहीसर ईस्ट, मुम्बई–400068 — सदस्य

3. डा. वी.के. चौहान
प्रधानाचार्य,
डा. बी.आर.सूर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय,
अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र
नानक पुरा, नई दिल्ली–110021 — सदस्य

4. निदेशक
राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान,
जीई–ब्लाक, सेक्टर–3,
साल्ट लेक सिटी–कोलकाता–700106 — सदस्य

5.	डा. हर्ष निगम 37/51, शिवाला रोड़, कानपुर–208001	सदस्य
6.	परिषद् से संबंधित मामलों के सलाहकार/ संयुक्त सलाहकार/उप सलाहकार (होम्यो.) आयुष विभाग, दिल्ली–110001	सदस्य
7.	डा. मौ. कासिम बी–36, हज़रत निजामुद्दीन पश्चिम, नई दिल्ली–110013	सदस्य
8.	डा. एस.के. भट्टाचार्य विभागाध्यक्ष, मेट्रिया मेडिका, राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, कोलकाता–700106	सदस्य
9.	डा. आलोक पारीक पारीक अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, 4/10, बाग फरजाना, सिविल लाईन, आगरा–282002	सदस्य
10.	महानिदेशक केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्, 61–65, संस्थागत क्षेत्र, डी–ब्लाक, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058	सदस्य

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 17 जनवरी, 2012 को अन्य तीन विशेष समिति का पुनर्गठन किया जिसका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

औषध मानकीकरण के लिए विशेष समिति

1.	डा. पी.एन. वर्मा तकनीकी सलाहकार डा. विलियम सवाबे इंडिया प्रा.ल. (वि.स.इ.) ए–36, सेक्टर–60, फेस–3, नोएडा–201304	सदस्य
2.	डा. सी.डी. त्रिपाठी विभागाध्यक्ष, फार्माकोलॉजी विभाग, वर्धमान महावीर चिकित्सा महाविद्यालय, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली–110029	सदस्य
3.	डा. राकेश शुक्ला वरिष्ठ वैज्ञानिक, केन्द्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ–226001	सदस्य

4.	डा. डी.एस. भार प्रबंध निदेशक, हेनीमैन प्रकाशन कम्पनी प्रा.ल., 165, बिपिन बेहरे गांगुली स्ट्रीट, कोलकाता–700012	सदस्य
5.	डा. वीरब्रह्मचारी डा. ब्रह्मचारी होम्योपैथी केन्द्र, 358, 3 स्टेज, ब्लाक– 4, मेन 8, बासवदेसवरी नगर, बैंगलौर–560049 कर्नाटक	सदस्य
6.	डा. पी.वी. वेंकटरमन अध्यक्ष तमिलनाडू होम्योपैथिक चिकित्सक संघ 33, फर्स्ट मेन रोड़, लेक एरिया, (वेलुवर कोटम के पास), नुनगमबक्कम, चेन्नई–600034	सदस्य
7.	निदेशक औषध एवं सुगंधित पौधे के केन्द्रीय संस्थान, पी.ओ. सीआईएमएपी, नियर कुकरेल पिकनिक स्पोट, लखनऊ–226015	सदस्य
8.	निदेशक होम्योपैथिक औषधकोश प्रयोगशाला, कमला नेहरू नगर, जिला गाज़ियाबाद, गाज़ियाबाद–201002	सदस्य
9.	डा. जी.पी. गर्ग वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ, आयुष विभाग–110001	सदस्य
10.	डा. सुरेन्द्र सिंह सहायक आचार्य, फार्माकोलॉजी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली–110029	सदस्य
11.	महानिदेशक केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्, 61–65, संस्थागत क्षेत्र, डी–ब्लाक, जनकपुरी नई दिल्ली–110058	सदस्य सचिव

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने 17 जनवरी, 2012 को अन्य तीन विशेष समिति का पुनर्गठन किया जिसका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

मानव विकारी परीक्षण (औषध प्रमाणन) के लिए विशेष समिति

1. डा. एन. मोहन्ती — अध्यक्ष
   प्लाट नं. 92, धर्मा विहार, कंधागिरि स्क्वायर,
   भुवन्नेश्वर–751013, ओडिशा
2. डा. गिरीश गुप्ता — सदस्य
   गोरंग क्लिनिक एवं होम्योपैथी अनुसंधान केन्द्र,
   बी–1/16, सेक्टर–ए, राजश्री टॉकिस के पास,
   कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ–226024
3. डा. मधु अग्रवाल — सदस्य
   आचार्य,
   डा. बी.आर. सूर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं
   अस्पताल, नई दिल्ली–110021
4. डा. अरविन्द कोठे — सदस्य
   प्रधानाचार्य,
   श्री कामाक्षीदेवी होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल
   शिव शाल, शिरोदा, गोवा–403103
5. डा. अजीत कुलकर्णी, — सदस्य
   होम्योपैथिक परामर्शदाता,
   प्रेस्टिज चेम्बरस्, पोवाई नाका,
   रविवर पेठ, सतारा, महाराष्ट्र–415110
6. डा. जी.आर. मोहन — सदस्य
   प्रधानाचार्य,
   देव होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय,
   देव नगर, अंकी, रेडी पेली,
   किसारा मंडल, आरआर डिस्ट्रीक,
   आन्ध्र प्रदेश–501301
7. डा. डी.के. गुप्ता — सदस्य
   होम्योपैथिक परामर्शदाता,
   बी1ए/33ए ब्लाक,
   जनकपुरी, नई दिल्ली–110058
8. महानिदेशक — सदस्य सचिव
   केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्,
   61–65, संस्थागत क्षेत्र, डी–ब्लाक,
   जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति के आरक्षण तथा प्रतिनिधित्व के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए आदेशों एवं दिशा–निर्देशों का पालन परिषद् कर रही है। दिनांक 31.3.2012 को यथास्थिति परिषद् में स्वीकृत पदों, भरे गए पदों की संख्या और कार्यरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों की संख्या निम्नलिखित थी :

समूह	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे गए पदों की संख्या	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग
क	127	01	–	–	–
ख	52	00	–	–	–
ग	178	08	–	01	02
घ	99	06	02	–	01

बजट

निम्नलिखित सारणी परिषद् के वर्ष 2011–12 के बजट को दर्शाती है:

आवंटित बजट आंकलन	योजना (लाखों में)					कुल योजना (लाखों में)	गैर–योजना (लाखों में)
2011–12 (बजट आंकलन)	सामान्य क्षेत्र योजना	पूंजी परिसंपत्ति	अनुसूचित जाति हेतु एस.सी.पी.	जनजातीय क्षेत्र योजना	चिकित्सा, शिक्षा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान		
	1,861.51	977.50	279.99	158.00	115.00	3392.00	1480.00

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

सूचना की पहुँच को बेहत्तर और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 14 अक्तूबर, 2005 से केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू किया गया। यह अधिकार नागरिकों को संसद सदस्यों एवं राज्य विधानसभा के सदस्यों के समान सूचना प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है। अधिनियम के तहत लोक सेवक पहले से हो और लोक सेवक के पास उपलब्ध हो। लोक सेवक को सूचना उत्पन्न करने, सूचनाओं की व्याख्या करने, अपीलार्थी की समस्याओं को हल करने या परिकल्पित प्रश्नों के उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है। वर्ष 2011–12 के दौरान, नागरिकों से 151 सूचना संबंधी आवेदन प्राप्त हुए और उनका उत्तर दिया गया। इनमें से एक अपील को कन्द्रीय सूचना आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसका निस्तारण 'केन्द्रीय सूचना आयोग लोक सूचना अधिकारी के जवाब से संतुष्ट है' की टिप्पणी के साथ किया गया।

तकनीकी प्रतिवेदन

वार्षिक प्रतिवेदन 2011-2012 केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद

वर्ष 2011–12 के दौरान परिषद् ने निम्नलिखित अनुसंधान कार्यकलाप किए हैं:

- नैदानिक अनुसंधान
- नैदानिक सत्यापन अनुसंधान
- औषध प्रमाणन अनुसंधान
- औषध मानकीकरण अनुसंधान
- औषधीय पादपों का सर्वेक्षण, संग्रहण और खेती
- सहयोगात्मक अनुसंधान
- प्राकार बाह्य अनुसंधान

अनुसंधान परियोजनाएं (2011–12)
(इकाई / संस्थान के आधार पर)

क्र.सं.	राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र के नाम	संस्थान / इकाई के नाम	परियोजनाएं एवं अन्य गतिविधियां
1.	अंडमान एवं निकोबार	नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), एम.बी. 31, मिडिल पॉईट, महात्मा गाँधी रोड़, पोर्ट ब्लेयर	**अनुसंधान परियोजनाएं** 1. नैदानिक अनुसंधान क) लेप्टोस्पाइरोसिस (आरसीटी) ख) सुसाध्य प्रॉस्टेट अतिवृद्धि (आरसीटी) 2. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
2.	आंध्र प्रदेश	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), डा. जीजीएच चिकित्सा महाविद्यालय केम्पस, इलूरू रोड़, जिला कृष्णा, गुड़ीवाड़ा–521301	**अनुसंधान परियोजनाएँ** 1 नैदानिक अनुसंधान क) सुसाध्य प्रॉस्टेट अतिवृद्धि (आरसीटी) ख) मधुमेह दूरस्थ सममित बहुतंत्रिका रोग (आरसीटी) ग) ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीडा (आरसीटी) 2 औषध प्रमाणन अनुसंधान कार्यक्रम 3 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर 3. प्राकार बाह्य अनुसंधान क) अवसाद
3.		औषध मानकीकरण इकाई (होम्यो.), क्यू.यू.बी. 32, कमरा न.4, विक्रम पुरी, हबसीगुडा, हैदराबाद–500007	**अनुसंधान परियोजनाएँ** 1. नैदानिक अनुसंधान क) मधुमेह दूरस्थ सममित बहुतंत्रिका रोग (आरसीटी) 2. औषध मानकीकरण **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
4.		**डी. एस. यू. एक्सटेन्शन यूनिट,** प्रिंसेस दूरू शहवार चिल्ड्रन होस्पिटल, पुरानी हवेली, हैदराबाद–500002	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीडा (आरसीटी) **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर

क्र.सं.	राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र के नाम	संस्थान/इकाई के नाम	परियोजनाएं एवं अन्य गतिविधियां
5.		नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), ओल्ड मेटरनिटी होसपिटल केम्पस, त्रिरूपति–517507	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) सुसाध्य प्रॉस्टेट अतिवृद्धि (आरसीटी) ख) मधुमेह दूरस्थ सममित बहुतंत्रिका रोग (आरसीटी) **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
6.	अरूणाचल प्रदेश	केन्द्रीय अनुसंधान इकाई (होम्यो.), विवेक विहार, ईटानगर–791113	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह, 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
7	असम (उ.पू.)	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), सभा भवन, खालीपारा, ओडल बकारा, गुवाहाटी–781019	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) चिरकालिक नासा विवरशोथ (आरसीटी) ख) गर्भाश्य फाईब्राइड **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
8	बिहार	नैदानिक सत्यापन इकाई (होम्यो.), गुरू गोविन्द सिंह अस्पताल, पटना–800008	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
9	हिमाचल प्रदेश	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), सी–12, लेन–1, सेक्टर–1, बी.सी.एस. के नीचे, न्यू शिमला–171009	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) गर्भाश्य फाईब्राइड ख) चिरकालिक नासा विवरशोथ (आरसीटी) ग) मूत्राश्यमता (आरसीटी) 2. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर 3. प्राकार बाह्य अनुसंधान क) एलोक्सन के अल्ट्रा आणविक अवमिश्रणों के मधुमेह प्रतिरोधी कार्यों की पद्धति और तरीकों की पहचान

क्र.सं.	राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र के नाम	संस्थान/इकाई के नाम	परियोजनाएं एवं अन्य गतिविधियां
10	झारखण्ड	नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी.), अरसंडे, बोरया रोड, पोस्ट– बोरया, रांची–835240	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) रजोनिवृति वर्षो के दौरान अवसाद (आरसीटी) ख) खण्डित मनस्कता (आरसीटी) **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
11	केरला	नैदानिक अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), साचीवोथामापुरम, कोट्टायम–686532	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) खण्डित मनस्कता (आरसीटी) ख) ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीड़ा (आरसीटी) ग) ध्यान में कमी संबंधी अतिसक्रियता विकार घ) गर्भाशय फाईब्राइड ङ) सुसाध्य प्रॉस्टेट अतिवृद्धि (आरसीटी) च) स्वपरायणता छ) शराब के दुरूपयोग 2. औषध प्रमाणन अनुसंधान कार्यक्रम **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
12	महाराष्ट्र	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), एम.टी.एन.एल. हॉल नं.–4, शोपिंग सेन्टर, सेक्टर–9, सीबीडी बेलापुर, नवी मुम्बई–400614	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीड़ा (आरसीटी) ख) रजोनिवृति वर्षो के दौरान अवसाद (आरसीटी) ग) एचआईवी/एड्स (आरसीटी) **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. बीएआरसी के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान अध्ययन 2. मातृ एवं शिशु निदानगृह 3. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर 4. प्राकार बाह्य अनुसंधान क) एचआईवी
13.	मणिपुर (उ.पू.)	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), न्यू चेकोन, मेरिंग लैंड, त्रिवल कलोनी के सामने, इम्फाल–795001	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर

क्र.सं.	राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र के नाम	संस्थान/इकाई के नाम	परियोजनाएं एवं अन्य गतिविधियां
14.	मेघालय(उ.पू.)	नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी.), धनखेती, शिलोंग लॉ कॉलेज के पास, शिलोंग–793001	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
15	मिज़ोरम	नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), आयुष विभाग, सिविल अस्पताल, आइजॉल–796001 शिलांग	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
16	नागालैंड	नैदानिक अनुसंधान इकाई (जनजातीय), मकान न. 408, श्री एम. इमती एओ एडीसी कोर्ट जंक्शन, दनकन क्लोनी, दिमापुर–797172	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
17	उड़ीसा	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), सीसीआरएच बिल्डिंग, मराची कोट लेन, लामानिखिया चाक, पुरी–752001	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) गर्भाशय फाईब्राइड ख) फालेरिया रोग (आरसीटी) ग) रजनोवृत्ति के दौरान अवसाद (आरसीटी) 2. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
18		क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), पुरी का विस्तार केन्द्र, पुरी, डा. अभिन चन्द्र होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल इकाई–3, खरवेका नगर, भुवनेश्वर–751001	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. औषध प्रमाणन अनुसंधान कार्यक्रम 2. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. प्राकार बाह्य अनुसंधान क) पौधो पर आधारित बायोसिस का प्रयोग करते हुए होम्योपैथिक औषधियों का प्रभाव ख) राउवोलफिया का उच्च रक्तचाप पर मूल्याकंन 2. सहयोगात्मक अनुसंधान क) मेडिकल ऐनलाइजर– एचआर, बीएफवी–डा. ए. सी. होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल

क्र.सं.	राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र के नाम	संस्थान/इकाई के नाम	परियोजनाएं एवं अन्य गतिविधियां
19	राजस्थान	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), डा. मदन प्रताप खुटेटा राजस्थान होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल, स्टेशन रोड़, जयपुर–302006	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) मूत्राश्यमता (आरसीटी) ख) ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीड़ा (आरसीटी) ग) चिरकालिक रिहनो भवसनीशोथ (आरसीटी) **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
20.	सिक्किम (उ.पू.)	नैदानिक अनुसंधान इकाई (जनजातीय), समपाल होटल के सामने, संग्राम भवन के पास, विकसित क्षेत्र, गंगटोक–737101	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) सुसाध्य प्रॉस्टेट अतिवृद्धि (आरसीटी) ख) मूत्राश्यमता (आरसीटी) मार्च 2012 तक **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
21.	तमिलनाडु	नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), न. बी–32, 3 क्रोस स्ट्रीट, ए.जी.एस. कलोनी (सि साईड) कोटीवक्कम, चेन्नई–600041	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) मधुमेह दूरस्थ सममित बहुतंत्रिका रोग (आरसीटी) ख) गर्भाशय फाईब्राइड ग) एचआईवी/एड्स (आरसीटी) **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर **सहयोगात्मक अनुसंधान** क) सिजिजियम और सिफलेंड्रा इंडिका के मधुमेह प्रतिरोधी गुण – मद्रास विश्वविद्यालय ख) मूत्राश्यमता के लिए बरबैरिस वैलगैरिस – मद्रास विश्वविद्यालय
22.		औषधीय पादपों का सर्वेक्षण, संग्रहण एवं खेती इकाई (होम्यो.), 3/126, इंदरा नगर, इमिरलड पोस्ट, उटी, जिला नीलगिरी–643209	औषधीय पादपों का सर्वेक्षण, संग्रहण एवं खेती 1. सौंपी गई 8 औषधियों की परिषद् की विभिन्न औषध मानकीकरण इकाईयों को आपूर्ति 2. होम्योपैथी में विशेषकर अन्यस्थानिक और सरलता से उपलब्ध न होने वाले औषधीय पादपों की खेती
23.	पुद्दुचेरी	होम्योपैथी नैदानिक अनुसंधान इकाई (जनजातीय), प्रथम क्रॉस, मंगालक्ष्मी नगर, (नया बस स्टैंड के पीछे), पुद्दुचेरी–605013	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) मधुमेह दूरस्थ सममित बहुतंत्रिका रोग (आरसीटी) ख) ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीड़ा (आरसीटी) **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर

क्र.सं.	राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र के नाम	संस्थान/इकाई के नाम	परियोजनाएं एवं अन्य गतिविधियां
24.	त्रिपुरा (पूर्वोत्तर क्षेत्र)	होम्योपैथी नैदानिक अनुसंधान इकाई (जनजातीय), 1/4, मेन रोड़ कर्नल चऊमुंहानी, कृष्णा नगर, पोस्ट–अगरतला–799001	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर
25.	उत्तर प्रदेश	होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), राष्ट्रीय होम्योपैथिक चिकित्सा कॉलेज और अस्पताल परिसर, 1, विराज खण्ड़, गोमती नगर, लखनऊ–226010 (यू.पी.)	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) मूत्राश्यमता (आरसीटी) 2. औषध प्रमाणन अनुसंधान कार्यक्रम 3. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर 3. सहयोगात्मक अनुसंधान क) होम्योपैथी i) होम्योपैथी औषधि का इम्युनो नियंत्रणकारी और एंटीऑक्सिडेंड प्रभाव–आईवीआरआई– इज्जतनगर ख) होम्योपैथी औषधियों के औषधीय मूल्यांकन– सीडीआरआई, लखनऊ
26.		होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, गोरखपुर	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) वायरल इनसेफेलाइटिस **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. प्राकार बाह्य अनुसंधान ख) स्तन का सुसाध्य नियोप्लास्टिक घाव
27.		केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), ए–1/1, सेक्टर–24, नोएडा	**अनुसंधान परियोजनाएँ:** 1. नैदानिक अनुसंधान क) ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीडा (आरसीटी) ख) गर्भाशय फाईब्राइड ग) सुसाध्य प्रॉस्टेट अतिवृद्धि (आरसीटी) घ) चिरकालिक रिहनो श्वसनीशोथ रोग (आरसीटी) ड.) मूत्राश्यमता (आरसीटी) च) खण्डित मनस्कता (आरसीटी) छ) रजोनिवृत्ति वर्ष के दौरान अवसाद 2. औषध प्रमाणन अनुसंधान कार्यक्रम 3. 23 औषधियों का नैदानिक सत्यापन अनुसंधान 4. औषध मानकीकरण **सौंपी गई अन्य गतिविधियाँ** 1. मातृ एवं शिशु निदानगृह 2. मातृ एवं शिशु रक्षा पर समुदाय जागरूकता शिविर

1
नैदानिक अनुसंधान

परिषद् ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य महत्त्व की कुछ रोग स्थितियों में और ऐसे रोगों में जिनका परंपरागत औषधियों में कोई संतोषजनक उपचारात्मक ईलाज उपलब्ध नहीं है तथा देश के विभिन्न भागों में आमतौर पर होने वाली कुछ अन्य बिमारियों में होम्योपैथिक औषधियों के नैदानिक मूल्यांकन पर बल दिया है। परिषद् ने आधुनिक औषधि प्रणाली और होम्योपैथी के विशेषज्ञों के परामर्श से तैयार किए गये संलेखों पर 16 नए बहु–उद्देश्यीय केन्द्र और 20 एकल–केंद्रिक अनुसंधान नैदानिक अध्ययन प्रारंभ किए गए हैं। ये अध्ययन सामान्य क्षेत्रों तथा जन जातीय क्षेत्रों, दोनों में स्थित संस्थानों और इकाईयों में आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान गर्भाश्य फायब्रायड, ध्यान में कमी संबंधी अतिसक्रियता विकार, इनफ्लूऐंजा जैसी बीमारी और बवासीर पर अध्ययन पूर्ण किये गये और आँकडों का संकलन किया गया। शोध पत्र 'रजोनिवृत्ति काल में अवसाद' जर्नल ऑफ आल्टनेटिव एंड कंमलिमेंट्री मेडिसन में, 'मधुमेह फुट अल्सर' अमेरिकन जर्नल ऑफ बायोमेडिकल रीसर्च में और 'तीव्र मध्य कर्ण शोथ' होम्योपैथी पत्रिका में प्रकाशन हुआ। सुसाध्य प्रोस्टेट अतिवृद्धि और चिरकालिक श्वसनी शोथ अध्ययन की पाण्डुलिपि प्रकाशन हेतु प्रस्तुत की गई और खंडित मनस्कता, अवसादक घटना, लेप्टोस्पाईरा रोग और भवेत कुष्ठ पर पाण्डुलिपि पूर्ण कर ली गई है व उसको संकलित किया जा रहा है।

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान परिषद् की नैतिकता समिति एवं वैज्ञानिक परामर्श समिति द्वारा निम्न वर्णित 13 नये अध्ययनों पर प्रोटोकाल का अनुमोदन किया गया। ग्रीवा कशेरूका संधिगृह पीड़ा एवं रजोनिवृत्ति अध्ययनों में नामांकन क्रमशः फरवरी, 2012 व मार्च, 2012 में शुरू किया गया। एलोपैथिक सलाहकारों, वरिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं (होम्यो.) की भर्ती में प्रशासनिक, अनुमोदन में देरी के कारण शेष अध्ययनों में नामांकन प्रारंभ नहीं हो सका। अध्ययनों को आरंभ करने हेतु पूर्व तैयारी (अनुसंधान औषधियों की आपूर्ति, अनुसंधाताओं का प्रशिक्षण, एलोपैथिक परामर्शकों की भर्ती और कुछ प्रोटोकालों में आंशिक संशोधन) शुरू की गई।

1. अध्ययनरत अनुसन्धानः

(अ) नामांकन प्रारंभ किया गयाः

1. ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीड़ा के उपचार में पूर्व चिन्हित होम्योपैथी औषधियों का बहुकेंद्रिक यादृच्छिक डबल ब्लांइड प्लासिबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण
2. रजोनिवृत्ति लक्षणों में सेपिया : एक बहुकेंदिक यादृच्छिक डबल ब्लांइड प्लासिबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण।

(ब) नामांकन हेतु पूर्व–परीक्षण तैयारियाँः

1. खंडित मनस्कता के उपचार में मानक परम्परागत चिकित्सा की सहायक के रूप में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन एक खुला यादृच्छिक प्लासिबों नियन्त्रित क्रॉस आवर परीक्षण।
2. चिरकालिक नासा वायु विवर शोथ पर होम्योपैथी औषधियों के प्रभाव पर एक यादृच्छिक डबल ब्लाइड प्लासिबों नियंत्रित बहुकेंद्रिक परीक्षण।
3. विषाणु जनित मस्तिष्क शोथ के उपचार में संस्थागत उपचार की सहायक के रूप में प्लासिबो बनाम होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता –एक यादृच्छिक, प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण।

4. शराब के आदियों के उपचार का तुलनात्मक अध्ययन : मानक एलोपैथी चिकित्सा बनाम होम्योपैथी – एक यादृच्छिक परीक्षण।
5. सुसाध्य प्रोस्टेट अतिवृद्धि से पीड़ित रोगी में निम्न मूत्रमार्गीय लक्षणों के उपचार हेतु होम्योपैथी चिकित्साः एक खुला यादृच्छिक बहुकेन्द्रिक प्लासिबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण।
6. स्वापरायणता के उपचार में होम्योपैथी औषधियों का एक यादृच्छिक, प्लासिबो नियंत्रित, क्रॉस ओवर, नैदानिक परीक्षण।
7. किमोथैरपी के दुष्प्रभावों से ग्रसित स्तन कैंसर के रोगियों हेतु सहयोगी होम्योपैथी चिकित्सा – एक प्रेक्षणात्मक अध्ययन
8. मूत्राश्मरता के उपचार में लाइकोपोडियम क्लेवेटम : एक यादृच्छिक, डबल ब्लांइड, प्लासिबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण
9. एच आई वी संक्रमण (प्री ए. आर. टी.) के उपचार में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन हेतु एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण – बहुकेन्द्रिक अध्ययन
10. लसिका संबंधी फाइलेरिया रोग के कारण तीव्र एडिनो लिम्फाग्नाइटिस के उपचार में पूर्व चिन्हित होम्योपैथी औषधियों का यादृच्छिक खुला नियंत्रित परीक्षण।
11. गंभीर लेप्टोस्पाईरा रोग से पीडित रोगी के परम्परागत उपचार में सहायक चिकित्सा के रूप में होम्योपैथी औषधियों का एक सिंगल–ब्लांइड खुला यादृच्छिक, प्लासिबो–नियंत्रित परीक्षण।

2. पूर्ण कर लिये गये अध्ययन

1. शतांश पोटेंसियों की तुलना में लाक्षणिक गर्भाशय फायब्रायड पर एल.एम. पोटेंसियों में होम्योपैथिक औषधियों का बहुकेंद्रिक यादृच्छिक नैदानिक परीक्षण।
2. ध्यान में कमी संबंधी अतिसक्रियता के विकार का होम्योपैथिक उपचार– एक यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित पायलेट अध्ययन।
3. इंफ्लुएंजा जैसी बीमारियों में होम्योपैथिक उपचार की प्रभावकारिता–एक यादृच्छिक, सिंगल ब्लाइंड, प्लासिबो नियंत्रित–अध्ययन
4. बवासीर रोग की अत्यधिक गंभीरता में एल.एम. पोटेंसियों का प्रभाव–एक बहु–केन्द्रिक यादृच्छिक सिंगल ब्लाइंड, प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण।

1. अध्ययनरत अनुसन्धानः

अ) नामांकन प्रारंभ किया गयाः

1. **ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीड़ा के उपचार में पूर्व चिन्हित होम्योपैथी औषधियों का बहुकेंद्रिक यादृच्छिक डबल ब्लांइड प्लासिबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण**

ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह आयु एवं व्यवसाय से जुडी एक अत्यंत गंभीर बीमारी है। वृद्धों की बढ़ती हुई आबादी और शारीरिक क्रिया रहित व्यवसाय ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीड़ा की घटनाओं में वृद्धि करते है। ग्रीवा कशेरूका संधि ग्रह पीड़ा के उपचार में होम्योपैथी औषधियों की भूमिका को सिद्ध करने हेतु परिषद् ने पूर्व चिन्हित होम्योपैथी औषधियों का डबल ब्लांइड प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण आरंभ किया।

यह बहुकेंद्रिक अध्ययन औषध मानकीकरण (विस्ता.), इकाई, हैदराबाद ; क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नवी मुम्बई; क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान जयपुर; केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) नोएडा और नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.) और नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), पुदुचेरी में किया जाएगा। अध्ययन के दो पक्ष है– होम्योपैथी औषध और प्लासिबो। औषधियों की दो श्रंखलाएं अपनाई जाएगी – एक लाईसेंस शुदा होम्योपैथी औषधि कम्पनी द्वारा निर्मित 30सी अवमिश्रण होम्योपैथी औषधि और दूसरी तरफ उसके सदृश्य प्लासिबों। मूल्यांकन विजुअल एनालॉग स्केल (वीएएस) और ग्रीवा कशेरूका संधि ग्रह पीडा मापक के आधार पर किया जाएगा। रोगी के 'ग्लोबल इंप्रेशन ऑफ चेंज' (पीजीआईसी) स्केल और क्लीनिक ग्लोबल

इंप्रेशन (सी जी आई) का प्रयोग मूल्यांकन हेतु किया जाएगा। अध्ययन का आरंभ मार्च, 2012 में किया गया। अब तक 54 मरीजों की जॉच की गई और 22 मरीजों को अध्ययन में शामिल किया गया।

2. रजोनिवृत्ति लक्षणों में सेपियाः एक बहुकेंदिक यादृच्छिक डबल ब्लांइड प्लासिबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण।

महिलाओं में रजोनिवृत्ति लक्षणों हेतु होम्योपैथी उपचार सुरक्षित, किफ़ायती और अत्यधिक सुलभ है।

परिषद् द्वारा रजोनिवृत्ति पर किये गये पूर्व अध्ययन में सेपिया को अत्यधिक उपयोगी एवं लाभदायक पाया गया। इसलिए इस डबल ब्लांड यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण के लिए सेपिया को चुना गया। यह बहुकेंद्रिक अध्ययन क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नवी मुम्बई, महाराष्ट्र; नैदानिक अनुसंधान इकाई (आ.), राँची, झारखंड; क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), पुरी, ओडिशा और केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा में किया जाएगा। अध्ययन के दो पक्ष हैः होम्योपैथी औषध व प्लासीबो। दो श्रृंख्लाओं में औषधियों का सेवन किया जाएगा– एक परिषद् द्वारा अनुमोदित लाइसेंसशुदा होम्योपैथिक औशधि कम्पनी से निर्मित सेपिया 200सी अवमिश्रण में और दूसरी तरफ सदृश्य प्लासिबो लक्षणों के मूल्यांकन हेतु 'ग्रीन क्लाइमेट्रिक स्केल' प्रयुक्त किया जाएगा। अध्ययन का आरंभ फरवरी, 2012 में किया गया। प्रतिवेदित समय के दौरान अब तक 32 मरीज़ों की जाँच की गई है।

(ब) नामांकन हेतु परीक्षण – पूर्व तैयारी

1. खंडित मनस्कता के उपचार में मानक परम्परागत चिकित्सा की सहायक के रूप में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन एक खुला यादृच्छिक प्लासिबो नियन्त्रित क्रॉस ओवर परीक्षण।

परिषद् ने अक्तूबर, 2005 से अक्तूबर, 2010 में अपने अनुसंधान केन्द्रों में से सकारात्मक परिणाम दर्शाने वाले एक अनुसंधान केन्द्र पर खंडित मनस्कता पर एक खुला अध्ययन किया है। इसलिए परिषद् ने अपने तीन केन्द्रों जिनमें से 2 में अन्तःरोगी विभाग सुविधा उपलब्ध है, पर खंडित मनस्कता के उपचार में मानक परम्परागत चिकित्सा की सहायक पद्धति के रूप में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने हेतु एक खुला यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित क्रॉस ऑवर परीक्षण आरंभ किया। राँची स्थित तीसरा केन्द्र मनोरोग विज्ञान संस्थान, राँची के सहयोग से अध्ययन की शुरूआत करेगा। अध्ययन की प्रस्तावित अवधि 3 वर्ष 6 मास है। अध्ययन का उद्देश्य खंडित मनस्कता के उपचार में परम्परागत औषधियों की सहयोगी के रूप में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभावों की तुलना करना है।

2. चिरकालिक नासा वायु विवर शोथ पर होम्योपैथी औषधियों के प्रभाव पर एक यादृच्छिक डबल ब्लाइड प्लासिबो नियंत्रित बहुकेंद्रिक परीक्षण।

परिषद् ने अक्तूबर, 2005 से मार्च, 2010 में सकारात्मक परिणाम देने वाले 8 केन्द्रों पर चिरकालिक श्वसनी शोथ पर एक खुला अध्ययन किया। इसलिए परिषद् ने अपने चार संस्थानों पर 18 माह (6 माह नामाकंन हेतु + 3 महीने उपचार + 3 महीने निरीक्षण अवधि + आंकडों का विश्लेशण पाण्डुलिपि तैयार करने हेतु) के लिए चिरकालिक नासा वायुविवरशोथ पर होम्योपैथी औषधियों के प्रभाव के मूल्यांकन हेतु एक यादृच्छिक डबल ब्लांइड प्लासिबो नियंत्रित बहुकेंद्रिक नैदानिक परीक्षण आरंभ किया, जिसका प्रांरभिक उद्देश्य टोटल सिम्टोम्स स्कोर (टीएसएस) और सिनो नेजल आउट कम टेस्ट–22 (एसएनओटी–22) में आय परिवर्तनों का मूल्यांकन करना है।

3. विषाणु जनित मस्तिष्क शोथ के उपचार में संस्थागत उपचार की सहायक के रूप में प्लासिबों बनाम होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता –एक यादृच्छिक, प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण।

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् द्वारा विषाणु जनित मस्तिष्क शोथ के उपचार में संस्थागत उपचार की सहायक के रूप में प्लासिबो बनाम होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता की जाँच हेतु एक यादृच्छिक, प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् और बीआरडी चिकित्सा महाविद्यालय, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया जाएगा। अध्ययन की अवधि 3 वर्ष होगी। अध्ययन का उद्देश्य विषाणु जनित मस्तिष्क शोथ के उपचार में बीआरडी चिकित्सा महाविद्यालय के आधुनिक चिकित्सा के अनुसंधाताओं द्वारा प्रद्धत मानकीकृत

संस्थागत उपचार प्रोटोकाल की सहयोगी औषधि के रूप में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की प्रभावकारिता का पता लगाना है।

4. शराब के आदियों के उपचार का तुलनात्मक अध्ययनः मानक एलोपैथी चिकित्सा बनाम होम्योपैथी – एक यादृच्छिक परीक्षण।

वर्ष 2010 में केरल राज्य में 15 वर्ष के ऊपर आयु वर्ग द्वारा एल्कोहल सेवन का प्रतिशत 11.1 लीटर/व्यक्ति है। अतः केरल राज्य में एल्कोहल के बढते हुए प्रयोग को देखते हुए परिषद् ने केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में एल्कोहल आदि के उपचार में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता और एलोपैथी मानक चिकित्सा से उनकी तुलना करने हेतु एक यादृच्छिक तुलनात्मक परीक्षण प्रस्तावित है। इस परीक्षण में 15 से 60आयु वर्ग के एल्कोहल के आदी चिह्नो और लक्षणों को प्रकट करने वाले महिला एवं पुरूषों को सम्मिलित किया जाऐगा। एल्कोहल के आदीयों का उपचार आईसीडी–10 मापदण्डों के आधार पर किया जाऐगा। रोगियों का परीक्षण संस्थान के बाह्य रोगी विभाग में केज पैमाने का उपयोग करते हुए किया जायेगा। नामांकित मरीजों को यादृच्छिकता के आधार पर दो समूहों होम्योपैथी समूह एवं एलोपैथी समूह में बांटा जाऐगा। अध्ययन में नामांकित मरीजों का उपचार एक वर्ष हेतु किया जाऐगा और एक वर्ष की अनुवर्तन अवधि होगी। अध्ययन के दौरान सुधार के मूल्याकंन हेतु अन्तर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत पद्धति 'स्वीयरटी ऑफ एल्कोहल डिपेंडेंस (एसएडीक्यू)' का प्रयोग किया जायेगा। आधार रेखा पर और अध्ययन के अन्त में दोनों समूहों की जीवन गुणवत्ता के मूल्यांकन हेतु लघु प्रश्न पुस्तिका डब्लूएचओक्यूओएल का प्रयोग किया जायेगा।

5. सुसाध्य प्रोस्टेट अतिवृद्धि से पीड़ित रोगी में निम्न मूत्रमार्गीय लक्षणों के उपचार हेतु होम्योपैथी चिकित्साः एक खुला यादृच्छिक बहुकेन्द्रिक प्लासिबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण।

सुसाध्य प्रोस्टेट अतिवृद्धि अधिक आयु के लोगों में अत्यधिक प्रचलित रोग है। रोग की वृद्धि को रोक देना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यद्यपि यह प्राणघातक नहीं है लेकिन रोग की वृद्धि से बचाव महत्वपूर्ण लक्ष्य होता है। उपलब्ध परम्परागत पद्धतियों जैसे अल्फा एडरेनजिक, अवरोधक कारक, 5 अल्फा–कमी कारकों से प्रोस्टेट ग्रंथि में 25% संकुचन लक्षणों के मान में 20% सुधार होता है। परिषद् द्वारा संस्थानों इकाईयों में साक्ष्य आधारित प्रेक्षणात्मक अध्ययन अक्तूबर 2005 से सितम्बर, 2010 (अप्रकाशित आँकडें) एवं जुलाई 2006 से सितम्बर, 2009 में होम्योपैथिक अनुसंधान फांउडेशन, लखनऊ के सहयोग से भारतीय होम्योपैथी अनुसंधान पत्रिका में प्रकाशन और भुवनेश्वर में प्राकार बाह्य अनुसंधान योजना उपयोगी एवं सकारात्मक परिणाम सामने आये।

अध्ययन का उद्देश्य यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित परिस्थितियों में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की प्रभावकारिता को सिद्ध करना है। अध्ययन का प्रांरभिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य आधार रेखा पर इंटरनेशनल प्रोस्टेट सिम्पटोम स्कोर के परिवर्तनों को ज्ञात करना है। यह अध्ययन नोएडा एवं कोट्टायम के केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडीवाडा और वैज्ञानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति, गंगटोक और पोर्टब्लेयर में किया जाएगा और अध्ययन के तीन पक्ष होगें। एक पक्ष में यादृच्छिकता के आधार पर होम्योपैथी संस्थागत औषधियों का सेवन, दूसरे पक्ष में ऑरगन चिकित्सा के साथ होम्योपैथी संस्थागत चिकित्सा और तीसरे पक्ष में प्लासिबो प्रयुक्त की जाएगी।

6. स्वपरायणता के उपचार में होम्योपैथी औषधियों का एक यादृच्छिक, प्लासिबो नियंत्रित, क्रॉस ओवर, नैदानिक परीक्षण।

स्वपरायणता एक गंभीर विकासात्मक बीमारी है जो कि विकास को बुरी तरह से प्रभावित करती है। यह बाल्य अवस्था की एक गंभीर बीमारी है जिससे कि जीवन की गुवत्ता नाकारात्मक रूप से प्रभावित होती है। यह बीमारी शुरू में बाल्य अवस्था में प्रकट होती है और धीरे–2 विकसित होती है। लगभग 10,000 बच्चों में से प्रत्येक 8 बच्चे स्वपरायणता के शिकार होते है। स्वपरायणता को 3 साल के बच्चें में पहचाना जा सकता है यद्यपि अन्य बच्चों में यह आयु ज्यादा हो सकती है।

यह कहा जाता है कि भेषजचिकित्सा विज्ञान की लघु भूमिका होती है लेकिन स्वपरायणता के उपचार में इसकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। स्वपरायणता की ऐसी कोई औषधि नही है जिसके लाभ के साथ में

दुष्प्रभाव न हो। प्रायः उपयोग की जाने वाले औषधियां विट बी 6, स्नायु प्रणाली को प्रभावित करने वाली औषधियां और शांति प्रदायक औषधियां प्रयोग की जाती है। होलोपिरिऑडल स्वपरायणता में प्रायः दी जाने वाली स्नायु प्रणाली को प्रभावित करने वाली औषधि है, लेकिन इन में कोई भी औषधि स्वपरायणता का उपचार नही कर सकी है।

स्वपरायणता से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु उनके माता–पिता द्वारा वैकल्पिक और सहायक चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग किया जाता है। अभिभावक समान्यतया स्वपरायणता के उपचार हेत होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का प्रयोग करते है। लेकिन वैज्ञानिक मूल्याकंन हेतु हमे मान्य अध्ययनों और प्रलेखित परिणामों की आवश्यकता होती है। इसलिए होम्योपैथिक उपचार की प्रभावकारिता को स्थापित करना समय की मांग है। अतः होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के लिए आवश्यक है कि पीड़ित मानवता के लाभ हेतु प्रत्येक रोगी के उपचार हेतु लघु और प्रभावकारी उपचार उपलब्ध करवायें। इस हेतु होम्योपैथी औशधियों का एक सुव्यवस्थित नियंत्रित परीक्षण किया गया। इस अध्ययन से बच्चों में स्वपरायणता के उपचार में होम्योपैथिक उपचार की प्रभावशीलता को पुनः प्रमाणित करने में सहायता मिलेगी। इस एकल ब्लांइड यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित क्रोस ओवर नियंत्रण के परिणामों को चिकित्सकों तक पहुंचा दिया जायेगा।

इस पहलु को ध्यान में रखते हुए –स्वपरायणता के उपचार में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन हेतु केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), कोट्टायम में एक यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित, क्रोस ओवर, नैदानिक अध्ययन किया गया।

यह अध्ययन रोग के प्रत्येक पहलु के आधार पर अलग–2 होम्योपैथी औषधि के निर्धारण पर केन्द्रित है।

अध्ययन का प्रारंभिक उद्देश्य स्वपरायणता के उपचार में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करना और द्वितीय उद्देश्य स्वपरायणता के उपचार में प्रभावकारी औषधियों के समूह का पता लगाना, स्वपरायणता में उपयोगी पायी गई औषधियों के विशेष लक्षणों को पहचानना और जीवन गुणवता में सुधार का पता लगाना है।

स्वपरायणता के उपचार में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने हेतु केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), कोट्टायम में एक यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित क्रॉस ऑवर नैदानिक अध्ययन शुरू किया गया। विभिन्न सामाजिक आर्थिक स्तरों के 3–16 वर्षो के लड़के–लड़कियों को अध्ययन में सम्मिलित किया गया। निदान और जॉच स्वपरायणता हेतु आईसीडी–10 कसौटी के आधार पर की जाएगी। कसौटी को पूरा करने वाले छांटे हुए मामलों को अध्ययन में सम्मिलित किया जाएगा। नामांकन की अवधि एक वर्ष होगी जिसके बाद क्रॉस ऑवर परीक्षण सहित 2 वर्ष का अनुवर्तन काल होगा। चुने हुए मरीजों को यादृच्छिकता के आधार पर होम्योपैथी समूह और प्लासिबों समूह में बाँटा जाएगा। स्वपरायणता से पीड़ितो (आई सी डी–10 के आधार पर) एक यादृच्छिक एकल ब्लांइड़ क्रास ओवर नैदानिक परीक्षण किया जाएगा।

दो समूह बनाये जाएगें–व्यक्ति आधारित होम्योपैथी औषधियों का सेवन करने वाला और इसका प्लासिबो समूह। समूहों का आबंटन यादृच्छिक संख्या टेबल, यादृच्छिक टेबल चार्ट (डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. रेन्डमाइजर. ऑरग) के आधार पर यादृच्छिकता द्वारा किया गया। एक वर्ष के अनुवर्तन के पश्चात् क्रास ऑवर परीक्षण किया जाएगा।

परीक्षण की अवधि तीन वर्ष की होगी जिसमें एक वर्ष नामांकन हेतु एक वर्ष अनुवर्तन हेतु और इसके बाद एक वर्ष का क्रॉस ऑवर परीक्षण सम्मिलित है।

स्वपरायणता रोग के लक्षणों को प्रकट करने वाले 3 से 16 वर्ष के लड़के–लड़कियों दानों को अध्ययन में सम्मिलित करने के मापदण्डों के आधार पर अध्ययन में नामांकित किया जाएगा। परियोजना सलाहकार द्वारा सम्मिलित करने के मापदण्डों की उपस्थिति और नामांकन न करने के कारणों की उपस्थिति के आधार पर जॉच अधिकारी की उपस्थिति में विस्तृत परीक्षण किया जाएगा।

अध्ययन के लिए योग्य पाये गये व्यक्तियों का परियोजना सलाहकार द्वारा सीएआरएस, एटीइसी, वीएसएमएस, एएचएस, सीजीआई पैमाने के आधार पर आधार रेखा मूल्यांकन किया जाएगा। प्रोटोकॉल में दिये गये निर्देशों के

अनुसार परीक्षण किये गये मरीजों नैदानिक परीक्षण किया जाएगा। अध्ययन पूर्ण होने के पश्चात् आधार रेखा माना के आधार पर तुलना की जाएगी।

प्रारंम्भिक अध्ययन का अंत सीएआरएस और एटीईसी के अनुसार आधार रेखा मान में 50 प्रतिशत की कमी और द्वितीयक अध्ययन का अंत बिन्दु दो समूहों में सुधार या राहत, मरीज की वातावरण में ढलने की क्षमता, किसी दुष्प्रभाव की उत्पत्ति और जीवन की गुणवत्ता के आधार पर तुलना करना है।

7. किमोथैरपी के दुष्प्रभावों से ग्रसित स्तन कैंसर के रोगियों हेतु सहयोगी होम्योपैथी चिकित्सा – एक प्रेक्षणात्मक अध्ययन

कई प्रकार के कैंसर का उपचार करने में किमोथेरपी अत्यन्त कारगर है, लेकिन औषधि केवल कैंसर कोशिकाओं को ही प्रभावित नहीं करती अन्य कोशिकाओं पर भी उसका असर पडता है जिसके कारण उपचार के कई दुष्प्रभाव भी उत्पन्न होते हैं। वर्तमान अध्ययन स्तन कैंसर हेतु किमोथैरपी के दुष्प्रभावों से लड़ने में होम्योपैथी औषधियों की उपयोगिता का पता लगाने के लिए यह अध्ययन प्रस्तावित है।

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् द्वारा अपने अनुसंधान केन्द्र डा. अंजली चेटर्जी क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), कोलकाता मे स्तन कैंसर से पीड़ित रोगियों में किमोथैरपी के दुष्प्रभावों से लडने में होम्योपैथी औषधियों की उपयोगिता का पता लगाने के लिए एक प्रक्षेणात्मक पायलट अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन में 18 वर्ष और इससे ऊपर के आयु वर्ग की महिला जो कि स्तन कैंसर से पीडित एवं किमोथेरपी के दुष्प्रभावों से ग्रस्त को अध्ययन में नामांकित किया गया। लक्षणों की संपूर्णता के आधार पर रोग उपचार के लिए होम्योपैथी औषधियां दी गई। आधार रेखा और उपचार के उपरांत मूल्यांकन एडमोन्टन सिम्पटोम असेसमेंट स्केल (संशोधित), इ ओ आर टी सी क्यू एल क्यू–सी 30 और क्यू एल क्यू–बीआर 23 के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। कैंसर पीड़ित रोगियों में किमोथैरपी के दुष्प्रभावों के उपचार में होम्योपैथी औषधियों की उपयोगिता दर्शाने हेतु अध्ययन के पूर्ण होने पर प्राप्त आंकड़ों को एक उपयुक्त सांख्यिकी पद्धति (एसपीएसएस सांख्यिकी पैकेज वर्जन 16) का उपयोग किया गया।

8. मूत्राश्मरता के उपचार में लाइकोपोडियम क्लेवेटम : एक यादृच्छिक, डबल ब्लांइड, प्लासिबो नियंत्रित नैदानिक परीक्षण

मूत्राश्य की पत्थरी के निष्कासन और गुर्दे की पत्थरी उपचार में होम्योपैथी औषधियों की चिकित्सीय उपयोगिता दर्शाने हेतु 2005 से 2010 में परिषद् द्वारा एक बहुकेंद्रिक अग्रदर्शी प्रेक्षणात्मक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में लाइकोपोडियम क्लेवेटम सर्वाधिक उपयोगी औषधि पायी गई। इस अध्ययन के परिणामों के आधार पर परिषद् ने मूत्राश्य की पत्थरी के उपचार में प्लासिबों की तुलना में होम्योपैथी औषधि लाइकोपोडियम क्लेवेटम की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने हेतु एक यादृच्छिक डबल ब्लांइड प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण करने के निश्चय किया।

यह अध्ययन केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा, होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), शिमला, जयपुर व कोलकाता और नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), सिलिगुडी में किया जाएगा। सम्मिलित करने की कसौटी को पूर्ण करने वाले मूत्राश्य की पत्थरी से पीड़ित मरीजों को यादृच्छिकता के आधार पर लाइकोपोडियम क्लेवेटम और प्लासिबो में बांटा गया। दोनों समूहों का मूल्यांकन यू एस एस स्कोरिंग चार्ट और अल्ट्रासोनोग्राफी के आधार पर किया गया। यह इस औषधि के लक्षणों के सत्यापन करने में सहायक होगा, जो कि इस अध्ययन का द्वितीयक उददेश्य है।

9. एच आई वी संक्रमण (प्री ए. आर. टी.) के उपचार में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन हेतु एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण – बहुकेन्द्रिक अध्ययन

परिषद् ने एच आई वी संकुचित (प्री ए. आर. टी.) मरीजों के अध्ययन हेतु एक अध्ययन शुरू करने का प्रस्ताव किया है। यह अध्ययन 18 से 50 आयु वर्ग के एच आईवी मरीजों (प्री एआरटी) में होम्योपैथी औषधियों और

प्लासिबो में तुलनात्मक यादृच्छिकता के आधार पर किया जाएगा। समूह में पुरूष एवं महिला दोनो को धर्म अथवा जाति से अनजान होगें एवं इन्होंने अभी तक एन्टी रीट्रोवायरल थैरेपी (एआरटी) की शुरूआत नही की है। परिषद् के अध्ययन केन्द्रों के समीप स्थित एआरटी केन्द्रो से सीडी4 गणना 350/सीएमएम से 500/सीएमएम (प्री एआरटी समूह) वाले एचआईवी ग्रसित मरीजों को अध्ययन अनुसंधाताओं के पास भेजा जाऐगा। अध्ययन की अवधि 2 वर्ष 6 माह होगी जिसमें 1 वर्ष का नामांकन, 1 वर्ष का अनुवर्तनकाल और आंकड़ो के संकलन हेतु 6 माह की अवधि सम्मिलित है।

यादृच्छिकता चार्ट के आधार पर मरीजों को दो समूहों में बांटा जाएगा। एक समूह को होम्योपैथी उपचार दिया जाएगा और दूसरे को प्लासिबों एन्टीरिट्रोवायरल थैरपी केन्द्र से प्रभारी अधिकारी अध्ययन में सह–अनुसंधाता के रूप में सम्मिलित होगें और परामर्शदाता/सलाहकार अनुसंधाताओं मरीजों के उपचार में सहायता करेगें। अध्ययन के अन्त में सीडी 4 कोशिकाओं की संख्या और विषाणु संख्या में परिवर्तन गंभीर अवस्था की बारम्बारता और मरीजों के जीवन की गुणवता में परिवर्तन के आधार पर परिणामों का विश्लेशण किया गया।

इस अध्ययन का प्रोटोकॉल होम्योपैथी एवं एलोपैथी विशेषज्ञों के परामर्श से किया गया। अध्ययन का आरंभ परिषद् के क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), मुम्बई और नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), चेन्नई में होगा। परिषद् की नैतिकता एवं वैज्ञानिक परामर्श समितियों द्वारा प्रोटोकोल का अनुमोदन कर दिया गया है और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन को उनकी नैतिकता समिति की सहमति हेतु प्रस्तुत किया गया है।

10. लसिका संबंधी फाइलेरिया रोग के कारण तीव्र एडिनो लिम्फाग्नाइटिस के उपचार में पूर्व चिन्हित होम्योपैथी औषधियों का यादृच्छिक खुला नियंत्रित परीक्षण।

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् द्वारा 1980 से 2003 में किया गया बहुकेन्द्रीक खुला नैदानिक परीक्षण अध्ययन लसिका संबंधी फाइलेरिया रोग में होम्योपैथी औषधियों की सकारात्मक भूमिका को दर्शाता है। चूंकि परिषद् ने लसिका संबंधी फाइलेरिया रोग के कारण तीव्र एडिनो लिम्फाग्नाइटिस पर यादृच्छिक खुला नियंत्रित परीक्षण नही किया है। अतः पूर्ण रूप से परिभाषित मापदण्डों के आधार पर यह अध्ययन प्रारंभ किया गया है।

यह अध्ययन क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), पुरी, ओडिशा में किया जाएगा। इस अध्ययन में तीव्र एडिनो लिम्फाग्नाइटिस के लक्षणों वाले 15–60 वर्ष की आयु के पुरूष एवं महिला दोनों को सम्मिलित किया जाएगा। इस अध्ययन के दो पक्ष होगें। एक पक्ष को यादृच्छिकता के आधार पूर्व चिन्हित होम्योपैथी औशधियों का उपयोग किया जाएगा। दूसरे पक्ष को रोगी की अवस्था के अनुसार एलोपैथिक परामर्शदाता द्वारा परम्परागत उपचार दिया जाएगा। अध्ययन का प्रारम्भिक उद्देश्य तीव्र एडिनोलिम्फाग्नाइटिस का नैदानिक उपचार जो कि तीव्र एडिनोलिम्फाग्नाइटिस स्कोरिंग पैमाने से स्पष्ट है।

11. गंभीर लेप्टोस्पाईरा रोग से पीडित रोगी के परम्परागत उपचार में सहायक चिकित्सा के रूप में होम्योपैथी औषधियों का एक सिंगल–ब्लांइड खुला यादृच्छिक, प्लासिबो–नियंत्रित परीक्षण।

परिषद् ने अगस्त 2009 से दिसम्बर 2010 में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के सहयोग से अपने पोर्ट ब्लेयर स्थित केन्द्र और अंडमान और निकोबार, (डिगलिपुर, मायाबन्दर और रंगत) स्थित समुदाय केन्द्रों के माध्यम से लेप्टोस्पाईरा रोग पर सकारात्मक परिणामों सहित एक खुला पायलट अध्ययन किया। इसलिए लेप्टोस्पाईरा रोग में होम्योपैथी औशधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन हेतु 'गंभीर लेप्टोस्पाईरा रोग से पीडित रोगी के परम्परागत उपचार में सहायक चिकित्सा के रूप में होम्योपैथी औषधियों का एक सिंगल–ब्लांइड खुला यादृच्छिक, प्लासिबो–नियंत्रित परीक्षण' भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के सहयोग से अपने पोर्ट ब्लेयर स्थित केन्द्र और अंडमान और निकोबार, (डिगलिपुर, मायाबन्दर और रंगत) स्थित समुदाय स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से लेप्टोस्पाईरा रोग पर अध्ययन प्रारंभ किया। अध्ययन अवधि एक वर्ष और तीन माह है। अध्ययन का उददेश्य गंभीर लेप्टोस्पाईरा रोग से पीडित रोगी के परम्परागत उपचार में सहायक चिकित्सा के रूप में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करना है।

2. पूर्ण कर लिये गये अध्ययन

1. शतांश पोटेंसियों की तुलना में लाक्षणिक गर्भाशय फाईब्राइड पर एल॰एम॰ पोटेंसियों में होम्योपैथिक औषधियों का बहुकेंद्रिक यादृच्छिक नैदानिक परीक्षण।

अध्ययन की अवधि–जून 2009 से नवम्बर 2011

गर्भाशय फाईब्राइड (लियोमियोमास) गर्भाशय का सुसाध्य मांसपेशीय अर्बुद (ट्यूमर) होता है। यह लगभग 25 प्रतिशत से 35 प्रतिशत महिलाओं में प्रजनन कालिक अवस्था में पाया जाता है जो कि महिला स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है। उपचार के अभाव में मरीज की हालत बिगड जाती है और उपचार का एकमात्र साधन गर्भाशयोच्छेदन बचता है। फाईब्राइड का उपचार काफी मंहगा होता है और इसके दोबारा होने की आंशका रहती है बहुत से अध्ययनों से यह सिद्ध हुआ है कि गर्भाशय फाईब्राइड के उपचार मे होम्योपैथी औषधियां कारगर है। चिकित्सकों द्वारा एलएम पोटेंसी और शतांश पोटेंसी दोनो का सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया है। लेकिन दोनो पोटेंसियों की प्रभावकारिता का तुलनात्मक रूप से मानकीकृत व्यवस्था में मूल्यांकन नही किया गया है। इसलिए केन्द्र होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् ने जून 2009 से नवम्बर 2011 मे अपने छः अनुसंधान केन्द्रों अर्थात केन्द्र अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), कोट्टायम और नोएडा एवं शिमला, गुवाहाटी, पुरी के क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) और नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), चेन्नई में 'होम्योपैथी औषधियों की एलएम पोटेंसी की तुलना में शतांश पोटेंसी का बहुकेंद्रीक यादृच्छिक नैदानिक परीक्षण' किया। अध्ययन की अवधि एक वर्ष के अनुवर्तन काल सहित 2 वर्ष 6 माह थी। अध्ययन के दौरान कुल 878 मरीजों की जांच की गई और 216 मरीजों का अध्ययन में नामांकन किया गया (एलएम समूह संख्या = 108, सीएम समूह संख्या 108)। अध्ययन नवम्बर 2011 में पूर्ण हुआ और आंकड़ों का संग्रहण किया गया। आंकड़ों के सत्यापन का कार्य प्रगति पर है जिसके उपरान्त आंकड़ों का विश्लेषण और पाण्डुलिपि तैयार की जाएगी। अध्ययन का पंजीकरण भारतीय नैदानिक पंजीकरण, सीटीआरआई/2011/12/002211 में किया गया है।

2. ध्यान में कमी संबंधी अतिसक्रियता के विकार का होम्योपैथिक उपचार – एक यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित पायलेट अध्ययन।

अध्ययन की अवधि जून 2009 से नवम्बर 2011

ध्यान में कमी संबंधी अतिसक्रियता के विकार 19 वर्ष की आयु तक के बच्चों और किशोरों में पाई जाने वाली मानसिक असमर्थता है जो कि विश्व स्तर पर 5 प्रतिशत लोगो मे पाई जाती है। भारत में इसका फैलाव 15.6 प्रतिशत तक है। अभिभावकगण ध्यान में कमी संबंधी अतिसक्रियता के विकार का उपचार सामान्यता होम्योपैथी पद्धति से करवाते है। इसलिए केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् ने जून 2009 से नवम्बर 2011 में अपने अधीन मनोवैज्ञानिक/मानसिक विकार उपचार में अग्रणी संस्थान केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो), कोट्टायम, केरल में ध्यान में कमी संबंधी अतिसक्रियता के विकार के उपचार में चिन्हित होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन हेतु अध्ययन आरंभ किया। इस अध्ययन की एक वर्ष के अनुवर्तन काल सहित 2 वर्ष 6 माह थी।

कुल 133 बच्चों की जांच की गई, जिनमें से 61 बच्चों का इस रोग में अध्ययन हेतु नामांकन किया गया। नामांकित किये गये 61 बच्चों में से 18 बच्चों के आंकड़ों का विश्लेषण निम्न कारणों से नही किया जा सका– 7 बच्चों के उपचार में यादृच्छिकता का पालन नही किया गया, 12 बच्चे अध्ययन के दौरान बीच में छोड़ गये। इसलिए कुल 42 बच्चों (होम्योपैथी समूह संख्या = 22, प्लासिबों संख्या = 20) का विश्लेषण किया गया। होम्योपैथी समूह के 22 मरीजों के उपचार में 9 औषधियों का उपयोग किया गया– केल्केरिया कारबोनिका (संख्या = 8), लाइकोपोडियम कलेवेटम (संख्या = 5), फासफोरस (संख्या = 3), हायोसियामस नाईगर (संख्या = 2), अरजेन्टम नाईटरिकम (संख्या = 1), बेलाडोना (संख्या = 1), पलसाटिला निगरिकेन्स (संख्या = 1) और सल्फर (संख्या = 1)। 12 महिनों के उपचार के उपरान्त ध्यान

में कमी संबंधी अतिसक्रियता के विकार तालिका में परिणामों की गणना कि गई। केवल होम्योपैथी समूह के 77 प्रतिशत मरीजों में अल्प सुधार देखा गया। होम्योपैथी समूह के 23 प्रतिशत और प्लासिबो समूह के 25 प्रतिशत मरीजों की हालत स्थिर रही। होम्योपैथी समूह के 55 प्रतिशत और प्लासिबो समूह के 20 प्रतिशत मरीजों में महत्वपूर्ण सुधार अथवा हालत का बिगड़ना नही पाया गया। अध्ययन का पंजीकरण भारतीय नैदानिक पंजीकरण, सीटीआरआई/2011/12/002305 में किया गया है।

3. इन्फ्ल्यूऐंज़ा जैसी बीमारियों मे होम्योपैथिक उपचार की प्रभावकारिता – एक यादृच्छिक, सिंगल ब्लाइंड प्लासिबो नियंत्रित – अध्ययन

अध्ययन की अवधि जून 2009 से दिसम्बर 2010

परिषद् ने जून 2009 से अपने 9 केन्द्रों – केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), पुरी, कोलकाता, इम्फॉल, शिमला और गुवाहाटी, नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), चेन्नई, पोर्ट ब्लेयर और सिलिगुरी में इंफुलुन्जा जैसी बिमारी के उपचार में चिन्हित होम्योपैथी औशधियों का बहुकेन्द्रीक यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित अध्ययन किया गया। अध्ययन का उद्देश्य इंफुलुन्जा जैसी बिमारियों का होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव से उपचार करना था। इस अध्ययन की अवधि 30 दिनों के अनुवर्तन काल सहित 2 वर्ष थी। इस अध्ययन में कुल 447 मरीजों का नामांकन किया गया जिनमें से 399 मरीजों ने इस अध्ययन का अनुगमन किया, 30 मरीजों ने छोड़ दिया, 16 मरीजों को कुछ कारणों से उचित चिकित्सा देखभाल के लिए भेजा गया और बचे 2 मामलों में प्रोटोकाल के उल्लंघन का उल्लेख किया गया। नामांकित मरीजों के आंकड़ों का सत्यापन पूरा किया गया है और आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण चल रहा है। अध्ययन का पंजीकरण भारतीय नैदानिक पंजीकरण, सीटीआरआई/2012/04/002590 में किया गया है।

4. बवासीर रोग की अत्यधिक गंभीरता में एल॰एम॰ पोटेंसियों का प्रभाव – एक बहु–केन्द्रिक यादृच्छिक सिंगल ब्लाइंड प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण।

अध्ययन की अवधि जून 2009 से दिसम्बर 2010

बवासीर एक साधारण गुदामलाशीय रोग है। एलएम पोटेन्सी में होम्योपैथिक उपचार की प्रभावकारिता में तीव्र बवासीर रोग को एक बहु–केन्द्रिय यादृच्छिक सिंगल ब्लांइड प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण को केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् के अन्तर्गत 6 केन्द्रों में संचालित किया गया; विषयों को केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् के अन्तर्गत 6 केन्द्रों से जून 2009 और सितम्बर 2010 के बीच से नामांकित किया गया: क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), जयपुर; गुडीवाडा; कोलकाता, नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), सिलिगुडी; अगरतला और तिरूपत्ति। बवासीर रोग के तीव्र दर्द के साथ मरीजों का एलएम पोटेंसी में या तो यादृच्छिक होम्योपैथी औषधि या प्लासिबो को 90 दिन के लिए निदान किया गया। मरीजों के आंकड़ों के लिए दृष्टिकोण के इलाज के इरादे के साथ विश्लेषण किया गया। अध्ययन को भारतीय चिकित्सीय परीक्षण रजिस्ट्री, सीटीआरआई/2012/04/002541 में पंजीकृत किया गया।

कुल 501 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 279 मरीजों (होम्योपैथी, संख्या = 140, प्लेसिबो, संख्या = 139) को नामांकित किया गया। नामांकित किये गये मरीजों में से 264 मरीजों के आंकडो का विश्लेषण और तुलना (होम्योपैथी: 137; प्लेसबो : 127) किया गया। होम्योपैथी समूह के बीच सांख्यिकीय महत्व अन्तर के रूप अलग अलग लक्षण और कुल लक्षण स्कोर में प्लासिबो (पी = 0.0001) की तुलना है। 18 औषधियों के लिए इन 137 मरीजों, होम्योपैथी के लिए यादृच्छिक का इलाज करने के लिए प्रयोग किया गया। सबसे उपयोगी दवाओं : फास्फोरस (एन=30), सल्फर (एन=25), नक्स वोमिका (एन=21), और एसी. नाईट्रिक (एन=16) है। अध्ययन का पंजीकरण भारतीय नैदानिक पंजीकरण सीटीआरआई/2012/04/002541 में किया गया है।

अनुवीक्षण

एच.आई.वी. – आर.सी.सी. प्रोटोकॉल पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा

मधुमेह दूरस्थ सममित बहुतंत्रिका रोग प्रोटोकॉल के निर्धारण हेतु बैठक

13 नये नैदानिक अनुसंधान अध्ययन प्रगति पर है और 04 विभिन्न केन्द्रों में पिछले वर्ष 01.04.11 से 31.03.2012 जारी इस अवधि के दौरान यह निष्कर्ष निकाला गया। निम्नलिखित नैदानिक अनुसंधान अध्ययन के लिए संबंधित जांचकर्ताओं द्वारा किए गये कार्यो की समीक्षा भी परिषद् के मुख्यालय में कार्यालय प्रासगिंक रिकॉर्ड या निरीक्षण टीम की साइट के दौरे के साथ–2 उन्हे फोन करके किया गया। नैदानिक अनुसंधान 2011–12 के दौरान किए गए अध्ययन की अनुवीक्षण की सूची नीचे दी गई है।

1. आन्तरिक और बाह्य समीक्षा

निम्नलिखित अध्ययनों की परिषद् मुख्यालय में समन्वयकों द्वारा समीक्षा की गई।

क्र. सं.	लघु अध्ययन शीर्षक	संस्थान/ इकाई	अध्ययन का स्थान	दिनांक/समीक्षा का स्थान	विशेषज्ञों के नाम जिन्होंने समीक्षा की
1	गर्भाशय फाईब्राइड	क्षे.अ.स. (होम्यो.)	गुवाहाटी	10 से 12 अक्तूबर, 2011/सीसीआरएच, मुख्यालय	डा. एस.एन. साहू, उप सलाहकार, आयुष विभाग
		क्षे.अ.स. (होम्यो.)	शिमला		डा. कुसुम चन्द, मानद आचार्य, नेहरू होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, दिल्ली
		क्षे.अ.स. (होम्यो.)	पुरी		डा. मधु अग्रवाल, आचार्य, डा. बी.आर.सूर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय, दिल्ली
		नै.अ.इ. (होम्यो.)	चेन्नई		डा. संगीता अजमानी, प्रसूतिशास्त्री, कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
		के.अ.स. (होम्यो.)	नोएडा		
		के.अ.स. (होम्यो.)	कोट्टायम		

क्र. सं.	लघु अध्ययन शीर्षक	संस्थान/ इकाई	अध्ययन का स्थान	दिनांक/समीक्षा का स्थान	विशेषज्ञों के नाम जिन्होंने समीक्षा की
2	ध्यान में कमी संबंधी अति सक्रियता विकार	के.अ.स. (होम्यो.)	कोट्टायम	10 से 13 अक्तूबर, 2011/सीसीआरएच, मुख्यालय	डा. एस.एन. साहू, उप सलाहकार, आयुष विभागडा. के.एम. धावले, निदेशक, डा. एम.एल. धावले मेमोरियल ट्रस्ट, मुम्बई। डा. राजेश सागर, सहायक आचार्य, मनोरोग विभाग, अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली। डा. सरन कोच्चर, आचार्य, गोंदिया होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय, नागपुर।

अध्ययन स्थल पर अनुवीक्षण

क्र. सं.	लघु अध्ययन शीर्षक	संस्थान/ इकाई	अध्ययन का स्थान	दिनांक/समीक्षा का स्थान	विशेषज्ञों के नाम जिन्होंने समीक्षा की
1	गर्भाशय फाईब्राइड	नै.अ.इ. (होम्यो.) क्षे.अ.स. (होम्यो.) क्षे.अ.स. (होम्यो.) के.अ.स. (होम्यो.)	चेन्नई पुरी गुवाहाटी कोट्टायम	7 एवं 8 जुलाई, 2011 14 एवं 15 जुलाई,2011 25 अप्रैल, 2011 18–20 अप्रैल, 2011	नै.अ.इ. (होम्यो.), चेन्नई क्षे.अ.स. (होम्यो.), पुरी क्षे.अ.स. (होम्यो.), गुवाहाटी के.अ.स. (होम्यो.), कोट्टायम
2	ध्यान में कमी संबंधी अति सक्रियता विकार	के.अ.स. (होम्यो.)	कोट्टायम	18–20 अप्रैल, 2011	के.अ.स. (होम्यो.), कोट्टायम
3	विषाणु जनित मस्तिष्क शोथ	एचडीआरआई	लखनऊ	16–18 दिसम्बर, 2011	एचडीआरआई, लखनऊ, बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गोरखपुर

2

नैदानिक सत्यापन

होम्योपैथिक मेटिरिया मेडिका में, स्वस्थ मानव स्वयंसेवकों पर औषध के प्रमाणन के दौरान परिलक्षित लक्षणों, औषध के लम्बे समय तक इस्तेमाल या प्रासंगिक विषाक्तन के दौरान अवलोकन किए गए विषैले प्रभाव और नैदानिक रोगलक्षण दिए गए हैं। इस पहलू को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने इन औषधियों के प्रमाणिकरण से प्राप्त रोग लक्षण संबंधी आंकडों का सत्यापन और इनके नैदानिक लक्षणों का सत्यापन करने के उद्देश्य से नैदानिक सत्यापन कार्यक्रम आरम्भ किया है।

परिषद् द्वारा प्रमाणित की गई औषधियों सहित 86 औषधियों के रोगमूलक प्रभावों (संलक्षणों) का नैदानिक रूप से सत्यापन हेतु नैदानिक सत्यापन कार्यक्रम आरंभ किया। इन औषधियों पर अनुसंधान अध्ययन पहले ही पूर्ण कर लिये गये हैं। शेष 34 औषधियों पर मेटिरीया मेडिका तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान 23 औषधियों पर अध्ययन प्रगति पर है जो कि जून 2010 में परिषद के निम्न 10 केन्द्रों पर आरंभ किये गये।

1. केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा
2. होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
3. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), शिमला
4. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुड़िवाडा
5. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), पुरी
6. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), इम्फाल
7. औषध प्रमाणन अनुसंधान संस्थान, कोलकाता
8. नैदानिक सत्यापन इकाई (होम्यो.), पोर्ट ब्लेयर
9. नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), शिलॉंग
10. नैदानिक सत्यापन इकाई (होम्यो.), पटना

अप्रैल, 2011 में इस अध्ययन में 4 अन्य केन्द्रों को सम्मिलित किया गया जो कि निम्न है:

1. नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), अगरतला
2. नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), इटानगर
3. नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), दिमापुर
4. नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), आईजोल

परिषद् द्वारा प्रमाणित की गई औषधियों सहित 23 औषधियों के रोगमूलक प्रभावों (संलक्षणों) का नैदानिक रूप से सत्यापन हेतु कार्यक्रम आरंभ किया। इन औषधियों पर अनुसंधान अध्ययन पहले ही पूर्ण कर लिये गये हैं। शेष 34 औषधियों पर मेटिरीया मेडिका तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान, परिषद् द्वारा प्रमाणित 23 अन्य औषधियों पर नैदानिक सत्यापन निम्न 9 केन्द्रों पर आरंभ कियाः रोगलक्षणों का नैदानिक सत्यापन करने के लिए कुल 3440 रोगियों का पंजीकरण किया गया। अध्ययन केंद्रों से प्राप्त औषधि–वार आंकड़ों को नीचे सारणीकृत किया गया है :

क्र.सं.	औषधियों के नाम	(अप्रैल 2011 से मार्च 2012 तक) रिर्पोटिंग के दौरान नामांकित मरीजों की संख्या	नैदानिक सत्यापित शर्तें
1.	अगेव अमरिकाना	105	अपच, अमाश्यशोथ, पीठ दर्द, सिर दर्द
2.	एन्डोग्राफिस पेनिक्यूलेटा	322	एर्ल्जिक नासाशोथ, अपच, सिर दर्द, इंफ्लूएंजा जैसी बिमारी, ग्रसनीशोथ
3.	आर्जिमोन मेक्सिकाना	304	उदर शूल, सूजन, पेचिश, अमाश्यशोथ
4.	बकोपा मोनियर	89	ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीडा, डिसमेनोरिया, सिर दर्द
5.	चिलोन गलेब्रा	45	कब्ज, सिर दर्द
6.	क्लेरोडेन्ड्रोन इनफोरट्यूनेटम	30	पेचिश, अनिद्रा
7.	कोलियस अरोमेटिक्स	56	पेचिश, अपच, बवासीर
8.	कोरनुअस सरसिनाटा	59	कंजंक्टिवाईटिस, पेचिश, अमाश्यशोथ
9.	क्यूपरम ऑक्सीडेटम नाइग्रम	87	त्वक्शोथ, अपच, पेचिश, पित्ति
10.	फाइकस रेलिजिओसा	62	अमाश्यशोथ, मसूडे की सूजन, सिर दर्द, बवासीर, अंजनी, ऊपरी श्वास पथ के संक्रमण, चक्कर आना
11.	फोरमिक एसिड	101	अपच, गैसट्रालिगिया, सिर दर्द, वात रोग, अज्ञात में शुक्रपात
12.	हाइड्रोकोटाइल एसियाटिका	117	श्वसनीशोथ, कब्ज, मूत्रकश्च्छ, लम्बर स्पोंडिलोसिस, अस्थिसंधिशोथ, नासाशोथ
13.	जुगलैन्स रेजिया	116	पनसिका, बृहदांत्र शोथ, त्वक्शोथ, अपच, पेचिश, गैसट्रालिगिया, सिर दर्द, पिटिका
14.	लियाट्रिस स्पिकैटा	116	तीव्र कर्ण शोथ, संधिशोथ, कब्ज, सूजन, दस्त, पेचिश, कृच्छार्तव, अपच, अमाश्यशोथ ,सिरदर्द उष्माघात
15.	मिमोसा ह्युमेलिस	92	कब्ज, सिर दर्द, अपच, आमवात रूमेटिज्म, यू.आर.टी. आई., मूत्र पथ के संक्रमण
16.	ओसिमम सेंक्टम	329	पनसिका, तीव्र नासाशोथ, केशाभाव, मुंह के अन्दर एपथस्स, कब्ज, अमाश्यशोथ, ग्रसनीशोथ
17.	पैराफिन	228	ए.पी.डी., श्वसनीशोथ, कब्ज, अपच, अमाश्यशोथ, सिरदर्द, स्वरयंत्रशोथ, ग्रसनीशोथ, नासाशोथ, ऊपरी श्वास पथ का संक्रमण

क्र.सं.	औषधियों के नाम	(अप्रैल 2011 से मार्च 2012 तक) रिर्पोटिंग के दौरान नामांकित मरीजों की संख्या	नैदानिक सत्यापित शर्तें
18.	पैथोस फोइटिडस	68	तीव्र और जीर्ण नासाशोथ, श्वास दमा, अमाश्यशोथ, इंफ्लूऐंजा जैसी बिमारी, ग्रसनीशोथ, ऊपरी श्वास पथ के संक्रमण
19.	सेनेगा	498	पनसिका, ए.पी.डी., संधिशोथ, श्वास दमा, श्वसनीशोथ, ग्रीवा कशेरूका संधिग्रह पीडा, कब्ज, अपच, सिरदर्द, ग्रसनीशोथ, दांतदर्द, ऊपरी श्वास पथ के संक्रमण, वायरल बुखार
20.	स्कूकम चक	211	त्वक्शोथ, दस्त, अपच, अमाश्यशोथ, जी.इ.आर.डी., सिरदर्द, माइग्रेन, चक्कर आना
21.	थाइमोल	101	माइग्रेन, वात रोग, वायुविवरशोथ, ऊपरी श्वास पथ के संक्रमण, चक्कर आना
22.	थाइरायोडिनम	59	संधि आर्ति, अपच, ग्रसनीशोथ, चक्कर आना
23.	टिनोस्पोरा कोरडिफोलिया	245	ए.पी.डी., पेचिश, अमाश्यशोथ, मसूड़ों की सूजन, सिरदर्द, ग्रसनीशोथ, नासाशोथ, खुजली, दांतदर्द, यू.टी.आई., वायरल बुखार
	कुल अनुसंधान मामले	3440	

प्रकाशन–

लेख:

1. **अध्ययन का शीर्षक: केसिया फिसटुला**– एक बहु नैदानिक सत्यापन अध्ययन
   जर्नल का नाम: इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी खंड 5 नं. 2, अप्रैल–जून 2011, पीपी. 20–29

सार

परिचय: नैदानिक सत्यापन कार्यक्रम केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् के अन्तर्गत इसकी स्थापना से चलने वाला अनुसंधान कार्यक्रम है। जिसमें बहुत सी भारतीय और दुर्लभ होम्योपैथिक औषधियों का सत्यापन किया गया। केसिया फिसटूला एक फूल वाला पौधा है और पारंपरिक रूप से इसका प्रयोग टयूमर के लिए, जलना, रक्तमेह, मलेरिया, गठिया, उपदंश और कुष्ठ रोग, दाने, अल्सर, विसर्प और यहा तक की कैंसर के लिए किया जाता है। परिषद् ने कैसिया फिसटूला पर अक्तूबर 2005 से मार्च 2010 तक नैदानिक सत्यापन के माध्यम से इसके चिकित्सीय प्रभाव को निर्धारित करने के लिए पर्यवेक्षणीय अध्ययन किया है।

उद्देश्य: परिषद् द्वारा औषध प्रमाणन के दौरान पाये गये लक्षणों के अनुसार केसिया फिसटूला के चिकित्सीय लक्षणों को नैदानिक रूप प्रमाणित करना प्राथमिक उद्देश्य और नैदानिक लक्षणों का पता लगाना द्वितीय उद्देश्य था।

विधि: इस बहुकेंद्रीय अध्ययन में सभी आयु समूह से और दोनो लिंगो के 129 मरीजों का नामांकन किया गया। परिषद् के विभिन्न संस्थानों और इकाईयों के बाह्य रोगी विभागों से इन मरीजों का चुनाव किया गया जो कि प्रोटोकॉल के अनुसार अध्ययन में सम्मिलित होने के मापदण्ड को पूरा करते थे। इन मरीजों से लिखित सहमति पत्र भी प्राप्त किये गये। मरीजों के चिन्हों और लक्षणों को पूर्वनिर्धारित रोग मामला रिर्कोडिंग प्रारूप में दर्ज किया गया और होम्योपैथी दृष्टिकोण के अनुसार मरीजों के शारीरिक, मानसिक लक्षणों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके उपरान्त, यदि रेपर्टराजिंग लक्षण केसिया फिसटूला नांमाकित मामलों के निकटतम सिमिलिमम औषधियों के लिए पाये जाते है तो, उसको विभिन्न प्रकार की पोटेंसी में जैसे 6सी, 60सी और 200सी को अवरोही क्रम में मामले की जरूरत के अनुसार निर्धारित किया गया और होम्योपैथी सिद्धान्तों और औषधियों के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए प्रगति को पेपर पर लिपिबद्ध किया गया।

परिणाम: अध्ययन के पूर्ण होने के उपरान्त अध्ययन परिणामों का विश्लेषण किया गया। यह पाया गया कि परिषद् द्वारा औषध प्रमाणन के बहुत से लक्षण नैदानिक रूप से मरीजों मे पाये गये और उनका सत्यापन किया गया। इसके अलावा अध्ययन के दौरान कुछ नैदानिक लक्षण भी सामने आये, जिससे की इस औषधि के व्यापक चिकित्सकीय क्षेत्र उपयोगिता का पता चलता है।

चर्चा: यह पाया गया की अध्ययन के दौरान केसिया फिसटूला के 95 प्रमाणन लक्षणों का सत्यापन किया गया। ज्यादातर लक्षण आंत्रशोथ प्रणाली, श्वसन तंत्र, सिर, कान और पेशीयकंकालीय तंत्र के थे। इस औषधि के लक्षण जकड़न, नजला–जुकाम, पीड़ादायक, गैस बनना, गठिया, तंत्रिका रोग और दांयी तरफ की अधिक तकलीफ।

निष्कर्ष: केसिया फिसटूला विभिन्न नैदानिक अवस्थाओं जैसे एनोरेक्सिया, असमंजस, कब्ज, कोराईजा, कर्ण पीड़ा, ज्वर, सिर दर्द, आलस्य, बंद नाक, पेट दर्द, छिंक, अनिद्रा, जड़ों का अकड़ना, गठिया, गर्दन का दर्द, टोंसिलाईटस एवं कमजोरी के उपचार में सहायक है। यह भी पाया गया की औषध प्रमाणन के लक्षणों को प्राप्त रूप से सत्यापित किया गया और अध्ययन के दौरान सामने आये नैदानिक लक्षणों ने विभिन्न चिकित्सीय अवस्थाओं में इसके उपयोग के क्षेत्र को और बढा दिया।

खोजशब्द: होम्योपैथी; नैदानिक सत्यापन; केसिया फिसटूला

2. **अध्ययन का शीर्षक : अल्फाल्फा**– एक बहुकेन्द्रिक नैदानिक सत्यापन अध्ययन
   जर्नल का नाम: इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी खंड 5 नं. 3, जुलाई–सितम्बर 2011, पीपी. 36–43

सार

परिचय: अल्फाल्फा एक फूल वाला पौधा है और इसका प्रयोग एक औषधि के रूप में भूख बढ़ाने और पचाने और पोषण को दुरूस्त करने के लिए किया जाता है। एनोरेक्सिया, घबराहट, अनिद्रा, मधुमेह, सुस्ती और कुपोषण जैसे विकार इसकी चिकित्सकीय सीमा के भीतर मुख्य रूप से है। परिषद् ने अल्फाल्फा के चिकित्सीय प्रभावों को नैदानिक रूप से सत्यापन हेतु अक्तूबर 2005 से मार्च 2010 तक एक पर्यवेक्षणीय अध्ययन किया।

उद्देश्य: परिषद् द्वारा औषध प्रमाणन के दौरान पाये गये लक्षणों के अनुसार अल्फाअल्फा के चिकित्सीय लक्षणों को नैदानिक रूप प्रमाणित करना प्राथमिक उद्देश्य और नैदानिक लक्षणों का पता लगाना द्वितीय उद्देश्य था।

विधि: इस बहुकेंद्रीय अध्ययन में सभी आयु समूह से और दोनो लिंगो के 169 मरीजों का नामांकन किया गया। परिषद् के विभिन्न संस्थानों और इकाईयों के बाह्राय रोगी विभागों से इन मरीजों का चुनाव किया गया जो कि प्रोटोकॉल के अनुसार अध्ययन में सम्मिलित होने के मापदण्ड को पूरा करते थे। रोगियों से लिखित सहमति भी प्राप्त की गई। उनके चिह्नों और लक्षणों को पूर्वनिर्धारित रोग मामले रिर्कोडिंग प्रारूप में दर्ज किया गया। इसके उपरान्त, यदि रेपर्टराजिंग लक्षण अल्फाल्फा नांमाकित मामलों के निकटतम सिमिलिमम औषधियों के लिए पाये जाते है तो, उसको विभिन्न प्रकार की पोटेंसी में जैसे 6सी, 30सी और 200सी को अवरोही क्रम में मामले

की जरूरत के अनुसार निर्धारित किया गया और होम्योपैथी सिद्धान्तों और औषधियों के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए प्रगति को पेपर पर लिपिबद्ध किया गया।

परिणामः नामांकित रोगियों से प्राप्त परिणामों का विश्लेषण किया गया और यह पाया गया कि औषधि के प्रमाणन (परिषद् द्वारा किये गये) से प्राप्त लक्षण रोगियों में नैदानिक रूप से मौजूद थे और इस तरह सत्यापित किये गये। इसके अलावा अध्ययन के (जो लक्षण अल्फाल्फा को सिद्ध करने के दौरान प्रदर्शित नही हुए, लेकिन औषधि के सेवन के उपरान्त मरीज में उनका उपचार हुआ) दौरान कुछ नैदानिक लक्षण उभर रहे थे, जिससे की इस औषधि के व्यापक चिकित्सकीय क्षेत्र उपयोगिता का पता चलता है।

चर्चाः अल्फाल्फा के 55 लक्षणों सहित इसके प्रमाणन लक्षणों का अध्ययन के दौरान सत्यापन किये गया और इनमें ज्यादातर लक्षण अमाश्य आंत्र प्रणाली, श्वसन प्रणाली, तंत्रिका तंत्र, सिरदर्द, पीठदर्द और नींद के थे। दवा की प्रकृति पाचन, विरोधी शोथयुक्त, विक्षिप्त और ज्वरहर की तरह है।

निष्कर्षः अल्फाल्फा विभिन्न नैदानिक अवस्थाओं जैसे भोजन के प्रति अरूचि, सर्दी जुकाम, तनाव, सूखी खाँसी, बुखार, सिर दर्द, चिड़चिड़ापन, सुस्ती, अनिद्रा, छींकना, ग्रीवा दर्द और कमजोरी के उपचार में सहायक है। अध्ययन के दौरान इस औषधि के 55 प्रमाणन लक्षणों को सत्यापित किया गया, अतः निष्कर्ष रूप में औषध लक्षणों कर पर्याप्त रूप से सत्यापित किये गये।

खोजशब्दः होम्योपैथी; नैदानिक सत्यापन; अल्फाल्फा

3

होम्योपैथिक रोगमूलक परीक्षण (औषध प्रमाणन)

मुख्य उद्देश्य होम्योपैथी औषधियों द्वारा स्वस्थ मानव स्वयंसेवकों पर लाक्षणिक प्रतिक्रिया प्रकाश में लाना है। औषध प्रमाणन एवं होम्योपैथिक रोगमूलक परीक्षण (एचपीटी) एक महत्वपूर्ण क्रिया है और परिषद् ने अपनी स्थापना के बाद से एक सतत अनुसंधान कार्यक्रम के रूप में शुरूआत की है। यह एक बहुकेन्द्रीक डबल ब्लाईड यादृच्छिक अध्ययन है और परिषद् के छः केन्द्रों केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा (उत्तर प्रदेश), केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), कोट्टायम, होम्योपैथी औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), डा. अंजली चटर्जी क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुड़ीवाड़ा (आंध्रप्रदेश) और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), पुरी की विस्तार इकाई, डा. ए.सी. होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, भुवन्नेश्वर (ओडिशा) में यह अध्ययन किया गया है।

इन में स्वदेशी मूल की औषधियों के प्रमाणन पर जोर दिया गया जिनके मानकीकरण अध्ययन (भौतिक–रासायनिक और भेषज–अभिज्ञानिक) परिषद् द्वारा पूरे कर लिये गए है।

निम्नलिखित पांच औषधियों का 6 सी एवं 30 सी पोटेंसी में प्रमाणन वर्ष 2011–12 में पूरा कर लिया गया है।

क्र. सं.	औषध का नाम	केन्द्र	रोगजनक (6सी और 30सी पोटेंसी के लिए)
1.	दतुरा मिटेल	• औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, कोलकाता • होम्योपैथिक औषधि अनुसंधान इकाई, लखनऊ • क्षेत्रीय अनुसंधान इकाई, गुड़ीवाड़ा	उत्पन्न लक्षणों में विभिन्न विशेषताओं के साथ सिरदर्द जैसे, नाक और आंख में जलन के साथ छींक, सूखी खाँसी, पेट का बढाव, पेट फूलना, जलन के साथ दस्त, विभिन्न तकलीफों के साथ मोच, ठंड के साथ ज्वर, त्वचा में खुजली का आकस्मिक आर्विभाव आदि सम्मिलित है।
2.	फिनिकुलम वलगेर	• औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, कोलकाता • होम्योपैथिक औषधि अनुसंधान इकाई, लखनऊ • केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, (होम्यो.), कोट्टायम • केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, (होम्यो.), नोएडा	उत्पन्न लक्षणों में दिल धड़कने सहित, विभिन्न विशेषताओं के साथ सिरदर्द (सिर फटने जैसा), तंग पट्टी, कान दर्द, छींकने के साथ सर्दी–जुकाम, मुँहासे, गले मे दर्द, टोंसिलाईटिस, कृच्छातर्व, शीर्ष मासिक धर्म, सूखी खांसी, पीठ दर्द, हाथ और पैर मे दर्द, अनिद्रा आदि सम्मिलित है।
3.	जिमनेमा सिलवेस्ट्री	• औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, कोलकाता • होम्योपैथिक औषधि अनुसंधान इकाई, लखनऊ • क्षेत्रीय अनुसंधान इकाई गुड़ीवाड़ा • औषध प्रमाणन इकाई, भुवनेश्वर	उत्पन्न लक्षणों में चिड़चिड़ेपन सहित, चक्कर आना, विभिन्न विशेषताओं के साथ सिरदर्द, छींकने के साथ सर्दी–जुकाम, दांत दर्द, मंसूडों से खून बहना, गले में दर्द, मुखपाक, मतली, उल्टी आना, अधिजठर, पेट में दर्द, कृच्छातर्व, सूखी खाँसी, पीठ दर्द, अनिद्रा, सामान्य उष्मा के साथ बुखार और पसीना, शरीर दर्द, पूरे शरीर में लाल चकते के साथ खुजली आदि सम्मिलित है।

क्र. सं.	औषध का नाम	केन्द्र	रोगजनक (6सी और 30सी पोटेंसी के लिए)
4.	हाईग्रोफिला स्पिनोसा	• औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, कोलकाता • औषध प्रमाणन इकाई, भुवनेश्वर • केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, (होम्यो.), नोएडा	उत्पन्न लक्षणों में व्यग्रता के साथ चक्कर आना, कमजोरी, मंदस्वनता, सिर भारी होना और विभिन्न तकलीफों के साथ सिर दर्द, कान दर्द, आँख में जलन, नाक, गला, मुँह में जलन के साथ अल्सर, प्रतिश्याय, पानी बहने के साथ छींक, मतली, उल्टी, पेट में दर्द, दस्त, कब्ज, जलन के साथ पित्त, बुखार के साथ शरीर दर्द आदि सम्मिलित है।
5.	मैंगनोलिया ग्रेन्डिफ्लोरा	• केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, (होम्यो.), कोट्टायम • औषध प्रमाणन इकाई, भुवनेश्वर • केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, (होम्यो.), नोएडा	उत्पन्न लक्षणों में चक्कर आने सहित विभिन्न तकलीफें जैसे सिर दर्द, पानी बहने के साथ सर्दी–जुकाम, गले मे दर्द, पेट मे दर्द, दस्त, कब्ज, हाथ और पैर में दर्द, बुखार, शरीर दर्द, दिल धड़कना, आवाज का भारीपन आदि।

प्रकाशनः–

वर्ष 2011–12 के दौरान इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी में निम्नलिखित औषधियों का औषध प्रमाणन पर लेख प्रकाशित हुआ।

1. अमूरा रोहितुकाः एक बहुकेन्द्रीक डबल ब्लाइंड होम्योपैथी रोगमूलक परीक्षण। इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी खंड 5 सं.1: पृष्ठ 6–14

सारः *अमूरा रोहितुका* को केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् द्वारा डबल ब्लाइंड प्लासिबो–नियंत्रित विधि के माध्यम से प्रमाणित किया गया। यह अध्ययन तीन केन्द्रों औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, कोलकाता, भुवनेश्वर में क्षेत्रीय अनुसंधान इकाई (होम्यो.), पुरी की विस्तार इकाई और केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) कोट्टायम में किया गया। औषध का प्रमाणन दो पोटेंसियों (6सी और 30सी) में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परीक्षण और नियमित प्रयोगशाला परीक्षणों के उपरांत योग्य पाये गये 53 स्वस्थ स्वयंसेवकों पर किया गया। अध्ययन के तीन स्तर थे। औषध प्रमाणन की प्रथम अवस्था में प्लासिबो की 56 खुराकें 4 खुराक प्रतिदिन 14 दिनों तक स्वयंसेवकों को दी गई। अगली दो अवस्थाओं में पूर्व में चुनी हुई पोटेन्सियों या प्लासिबों की 56 खुराके यादृच्छिकता के आधार पर प्रथम स्तर के अनुसार ही दी गई। परीक्षण काल के दौरान उत्पन लक्षणों को स्वयंसेवको द्वारा लिखा गया और विशेषज्ञ द्वारा सविस्तारित किया गया। प्रमाणन के बाद कुछ लक्षणों को दोबारा प्रमाणित किया गया जो विभिन्न साहित्य में भिन्न साबित किया गया। औषध प्रमाणन के दौरान औषधि ने मानसिक लक्षणों जैसे चिडचिडापन, जल्दी गुस्सा आना, व्यग्रता, मन मे बदलाव, आवेग और घबराहट को उत्पन्न किया। विभिन्न प्रकार के लक्षण जैसे सिर दर्द, छींक आना, सर्दी–जुकाम, सूखी खासी, चिडचिडापन और गले की व्यथा, टॉसिलाइटिस रोगजनक के दौरान विकसित हुए है। औषधि ने अमाश्यी आंत्र शोथ और खाने के बाद पेट की तकलीफों के लक्षणों को प्रकट किया। प्रमाणन परीक्षण के दौरान प्राप्त रोगमूलक प्रतिक्रियाएं इस औषधि अमूरा रोहितुका के प्रयोग क्षेत्र को विस्तारित करते रूप से सत्यापन के पश्चात् इस औषधि से उत्पन्न लक्षणों का और अधिक महत्त्व होगा। नैदानिक

2. एन्ड्रोग्राफिस पेनिकुलाटाः एक बहुकेन्द्रीक डबल ब्लाइंड होम्योपैथी रोगमूलक परीक्षण। इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी खंड 5 सं.2: पृष्ठ 9–14

सारः *एन्ड्रोग्राफिस पेनिकुलाटा* को केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद द्वारा डबल ब्लाइंड प्लासिबो–नियंत्रत विधि के माध्यम से प्रमाणित किया गया था। अध्ययन को तीन केन्द्रों औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, कोलकाता, औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, मिदनापुर और औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, गाजियाबाद में किया गया। औषध

का प्रमाणन दो पोटेंसियों (6सी और 30सी) में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परीक्षण और नियमित प्रयोगशाला परीक्षणों के उपरांत योग्य पाये गये 39 स्वस्थ स्वयंसेवकों पर किया गया। अध्ययन के तीन स्तर थे। औषध प्रमाणन की प्रथम अवस्था में प्लासिबो की 56 खुराकें 4 खुराक प्रतिदिन 14 दिनों तक स्वयंसेवकों को दी गई। अगली दो अवस्थाओं में पूर्व में चुनी हुई पोटेन्सियों या प्लासिबों की 56 खुराकें यादृच्छिकता के आधार पर प्रथम स्तर के अनुसार ही दी गई। परीक्षण काल के दौरान उत्पन लक्षणों को स्वयंसेवको द्वारा लिखा गया और विशेषज्ञ द्वारा सविस्तारित किया गया। प्रमाणन के दौरान औषधि ने मुख्य रूप से नाक, गैस्ट्रो आंत्र शोथ और बुखार के लक्षणों को प्रकट किया। औषधि ने विभिन्न प्रकार के सिरदर्द, ठंड के साथ बुखार, बेचैनी और कमजोरी जैसे लक्षणों को भी प्रकट किया। प्रमाणन परीक्षण के दौरान प्राप्त रोगमूलक प्रतिक्रियाएं इस औषधि अमूरा रोहितुका के प्रयोग क्षेत्र को विस्तारित करते है और अनुसंधान विद्वानों और चिकित्सकों के लिए बहुत लाभदायक है। नैदानिक रूप से सत्यापन के पश्चात् इस औषधि से उत्पन्न लक्षणों का और अधिक महत्त्व होगा।

3. एसक्लिपियस कुरासाविकाः एक बहुकेन्द्रीक डबल ब्लाइंड होम्योपैथी रोगमूलक परीक्षण। इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी खंड 5 सं.3: पृष्ठ 6–14

सारः *एसक्लिपियस कुरासाविका* को केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् द्वारा डबल ब्लाइंड प्लासिबो–नियंत्रत विधि के माध्यम से प्रमाणित किया गया। अध्ययन को तीन केन्द्रों औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, कोलकाता, औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, मिदनापुर और केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) कोट्टायम और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुड़ीवाड़ा में किया गया। औषध का प्रमाणन दो पोटेंसियों (6सी और 30सी) में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परीक्षण और नियमित प्रयोगशाला परीक्षणों के उपरांत योग्य पाये गये 39 स्वस्थ स्वयंसेवकों पर किया गया। अध्ययन के तीन स्तर थे। औषध प्रमाणन की प्रथम अवस्था में प्लासिबो की 56 खुराकें 4 खुराक प्रतिदिन 14 दिनों तक स्वयंसेवकों को दी गई। अगली दो अवस्थाओं में पूर्व में चुनी हुई पोटेन्सियों या प्लासिबों की 56 खुराकें यादृच्छिकता के आधार पर प्रथम स्तर के अनुसार ही दी गई। परीक्षण काल के दौरान उत्पन लक्षणों को स्वयंसेवको द्वारा लिखा गया और विशेषज्ञ द्वारा सविस्तारित किया गया। औषधि ने मानसिक लक्षणों जैसे बेचैनी, अकेले और भूत होने का डर, कठिनाई अवसाद, एकाग्रता और सुस्ती को प्रकट किया। औषधि ने विभिन्न प्रकार के सिरदर्द, ऊपरी श्वास पथ के संक्रमण जैसे छींक, सर्दी–जुकाम, सूखी खासी, गुदगुदी और गले में दर्द आदि लक्षणों को प्रकट किया। औषधि ने अमाश्यी आंत्र पथ में दर्द के साथ पेट में जलन के साथ अपचे हुए खाने की उल्टी, पेट फूलना, उदरवायु और पेट का बढ़ना जैसे लक्षणों को प्रकट किया। प्रमाणन परीक्षण के दौरान प्राप्त रोगमूलक प्रतिक्रियाएं इस औषधि एसक्लिपियस कुरासाविका के प्रयोग क्षेत्र को विस्तारित करते है और अनुसंधान विद्वानों और चिकित्सकों के लिए बहुत लाभदायक है। नैदानिक रूप से सत्यापन के पश्चात् इस औषधि से उत्पन्न लक्षणों का और अधिक महत्त्व होगा।

4. बकोपा मोनयरीः एक बहुकेन्द्रीक डबल ब्लाइंड होम्योपैथी रोगमूलक परीक्षण। इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी खंड 5 सं.4: पृष्ठ 22–27

सारः *बकोपा मोनयरी* को केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् द्वारा डबल ब्लाइंड प्लासिबो–नियंत्रत विधि के माध्यम से प्रमाणित किया गया। अध्ययन को दो केन्द्रों औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, कोलकाता और औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाई, मिदनापुर में किया गया। औषध का प्रमाणन दो पोटेंसियों (6सी और 30सी) में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परीक्षण और नियमित प्रयोगशाला परीक्षणों के उपरांत योग्य पाये गये 32 स्वस्थ स्वयंसेवकों पर किया गया। अध्ययन के चार स्तर थे। औषध प्रमाणन की प्रथम अवस्था में प्लासिबो की 56 खुराकें 4 खुराक प्रतिदिन 14 दिनों तक स्वयंसेवकों को दी गई। अगली तीन अवस्थाओं में पूर्व में चुनी हुई पोटेन्सियों या प्लासिबो की 56 खुराकें यादृच्छिकता के आधार पर प्रथम स्तर के अनुसार ही दी गई। परीक्षण काल के दौरान उत्पन लक्षणों को स्वयंसेवको द्वारा लिखा गया और विशेषज्ञ द्वारा सविस्तारित किया गया। औषधि ने विभिन्न प्रकार के सिरदर्द, गले में सूखापन और चूभने वाला दर्द, आंखों में जलन, गुद्दा में जलन, दस्त के साथ नाभि में दर्द आदि लक्षणों को प्रकट किया। प्रमाणन परीक्षण के दौरान प्राप्त रोगमूलक प्रतिक्रियाएं इस औषधि एसक्लिपियस कुरासाविका के प्रयोग क्षेत्र को विस्तारित करते है और अनुसंधान विद्वानों और चिकित्सकों के लिए बहुत लाभदायक है। नैदानिक रूप से सत्यापन के पश्चात् इस औषधि से उत्पन्न लक्षणों का और अधिक महत्त्व होगा।

4

औषध मानकीकरण

औषध मानकीकरण से किसी औषधि की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावोत्पादकता सुनिश्चित होती है। इसमें एसे अनेक मापदंड शामिल होते हैं जो होम्योपैथिक औषधि की गुणवत्ता और भेषजीय एकरूपता को परिभाषित करते हैं। होम्योपैथिक औषधियों के भेषज–अभिज्ञान और भौतिक–रसायन मूल्यांकन के लिए केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा और औषध मानकीकरण इकाई (होम्यो.), हैदराबाद में ये शोध जारी रखे गये। वर्ष 2011–12 के दौरान निम्नलिखित औषधियों पर मानकीकरण आरम्भ किया गया:

क्र. सं.	फार्माकोग्नोटिक अध्ययन	सामान्य नाम
1.	एमीगाडालस परसिका	पीच, आडू
2.	हिलियोट्रोपियम पिरूवायानम	हिलियोट्रोप
3.	पायरस मलस	सेब
4.	कोफिया टोसटा	रोस्टिड कॉफी
5.	रोसामेरिनस ऑफिसिनालिस	रोसमेरी, रूसमरी
6.	फिकस करिका	अंजीर, अंजिर
7.	बक्सस सेमिपिरवारन	बॉक्सवुड
8.	सिट्रस लेम्नम	लेंमन, बडानींबू
9.	विटेक्स ट्रिफला	पानी–की–सम्भालू
10.	सिफाइलिस इपिकाकुनहा	इपिक
11.	सिम्पलोकोस रेसिमोसा	लोध

क्र. सं.	रासायनिक भौतिक अध्ययन	सामान्य नाम
1.	एमीगडेलस परसिका	पीच, आडू
2.	हिलियोट्रोपियम पिरूवायानम	हिलियोट्रोप
3.	पायरस मलस	एपल, सेब
4.	कोफिया टोसटा	रोस्टिड कॉफी
5.	रोसामारिनस ऑफिसिनालिस	रोसमेरी, रूसमरी
6.	फिकस करिका	कॉमन फिग, अंजिर
7.	बक्सस सेमिपैरवारेनस	बॉक्सवुड
8.	सिट्रस लेम्नम	बड़ानींबू
9.	विटेक्स ट्रिफला	पानी–की–सम्भालू
10.	पाइमिनटा ऑफिसिनालिस	ऑल स्पाइस
11.	यूरिया प्यूरा	यूरिया
12.	मेथिलिन ब्लू	मेथिलिन ब्लू
13.	एसिडम बुटिरिक्म	बुटिरिक एसिड

प्रकाशन

1. ऐमी विसनागा एल. फ्रूट का मानकीकरण– एक होम्योपैथिक औषधी, इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी, 2011, खण्ड 5 (1) 15–18

सार: ऐमी विसनागा एल. एपिएसी परिवार से संबंधित एक वार्षिक औषधीय पादप है। इस पौधे का सूखा फल एक मजबूत फोटोसेनसिटाइजर के अलावा श्वसनी मरोड़ में राहत देने वाला, दमे का उपचार में लाभदायक होता

है। यह फल छोटा 2–2.5 मी.मी. व्यास, अंडाकार और दीर्घवृत्ताभ का होता है। प्रत्येक मेरिकर्प में उपविभाग होते है जो कि पेंटागन की तरह दिखाई देते है। द्वितीयक किनारों में विटे पाया जाता है। प्राथमिक किनारों में ग्रंथियां कमियां पाई जाती है। भ्रूणपोश बीजकवच के द्वारा जुडा हुआ होता है। कुछ सफरेफाइडस के अतिरिक्त भ्रूणपोश में ऐल्यूरोन कण पाये जाते है। सूक्ष्मदर्शी व ओरगेनोलेपटिक प्रकृति का पाउडर बनता है। कच्चे औषधियों के भौतिक रासायनिक मापदंड जैसे कि सत्व मान, भस्म की मात्रा, मिश्रण प्रत्येक मि.ली. भार, कुल ठोस, पतली परत क्रोमोटोग्राफिक्स के साथ एलकोहलिक तत्व और पराबैगंनी स्पेकट्रोस्कोपी अध्ययन मदर टिंचर हेतु आरंभ किया गया।

2. बेलिस परिनिस एल के फार्माकोग्निस्टिक और भौतिक–रसायनिक मूल्यांकन– एक होम्योपैथिक औषधियां, जे. आरइएस. इडीयूसी. इंडियन एमइडी., 2011, खण्ड 17 (3 एवं 4):1–8

सार: बेलिस परिनिस एल के भेषजगुण वैज्ञानिक और भौतिक रसायनिक मानकीकरण एक पोटेंट होम्योपैथिक औषधी का प्रस्तुतिकरण है। इसकी पत्तियां मांसल और आकार अंडाकार होता है। ये प्रकंद से बेसल गुच्छे के रूप में उत्पन्न होती है। इसकी जड़े मजबूत और कठोर होती है। पत्तियों की सतह पर लहरदार ऐपिडरमल कोशिकाएं होती है। दोनो पक्षों पर रंध्र होते है। पत्तियों की सतह पर यूनिसेरिएट शंक्वाकार बाल होते है। मध्य तल में एक नलि होती है। कटघरों के कमजोर पेच के साथ मेसोफिल को पहचानना कठिन होता है। एरेंचीमेटस मध्य तल में नीचे कि ओर होता है। संवहनी बंडल इंडोडर्मिस और पेरीसाइकिल द्वारा मध्य में संलग्न होता है। पत्ते का आधार रसीला और अच्छादित होता है। प्रकंद 0.6 सेमी मोटा और अण्डाकार होती है। संवहनी ऊतक संपाश्रिर्विक वी. बंडलों की एक अंगूठी के आकार के होते है। पत्ता ट्रेस बंडलों ओर शाखा निशान अंगूठी आकार संवहनी के बाहर होते है। इसकी जडी 0.7 सेमी मोटी अण्डाकार, आयताकार, रूपरेखा में लहरदार होती है। कोटेक्स में विभिन्न उप गुहिकाओं के द्वारा बटा हुआ होता है। वी. बंडल साथ–साथ जुडे हुए होते है और एक श्रंखला के रूप में दिखाई देते है। जडों के समूह और शाख समूह अंगूठी आकार की संवहनी के बाहर होते है। कच्ची औषधियों के भौतिक रसायनिक मापदण्डों जैसे सप्त मूल्यों, राख मूल्यों अल्कोहल की मात्रा के अलावा निर्माण, वजन एमएल प्रति, कुल ठोस टीएलसी और यूवी को मदर टींचर हेतु दिया जाता है।

3. होम्योपैथिक औषधी एक्यूलेगिया वलगैरिस एल. का मानकीकरण, आईजेआरएच, 2011,5(2): 15–19।

सार: इस परीक्षण में होम्योपैथी औषधि एक्यूलेगिया वलगैरिस की गुणवत्ता, विश्वसनीयता के लिए औषध मानकीकरण का अध्ययन किया गया। इस औषधी के चिकित्सकीय लक्षण महिलाओं में सूचीवेध हिस्टीरिया और श्वासरोधी हिस्टीरिया, अनिद्रा और कष्टदायी माहवारी है। औषधि को स्थापित करने के लिए मानकीकरण अध्ययन अत्यन्त आवश्यक होता है। इसमें भारतीय होम्योपैथी औषधकोश के मानको के आधार पर औषधीय पादप के उपयोगिता वाले हिस्सों का विश्लेषण किया जाता है। इस अध्ययन में पत्ते और डंठल का भेषजगुण वैज्ञानिक भौतिक–रसायनिक अध्ययन किया गया है। पत्तों के नैदानिक मैक्रो और सूक्ष्मदर्शीय विशेषताएं और डंठल, नमी सामग्री, राख और कच्ची औशधियों सारत्व मूल्यों के अतिसूक्ष्म पात्र प्रस्तुत होते है। मदर टिंचर तैयार करने दिया जाता है। औषधियों के भेषज मानको को स्थापित करने के लिए भी पतली परत क्रोमैटोग्राफी (टीएलसी) और पराबैंगनी स्पेक्ट्रोमेट्री (यूवी) को लिया जाता है।

4. होम्योपैथिक प्रणाली में बोरागा ऑफिसिनलिस एल. का गुणवत्ता नियंत्रण और भेषज मानकीकरण। एशियन जर्नल ऑफ होम्योपैथी। (2011), 5(2):22–25।

सार: पौधों का उपयोग मानव रोगों के इलाज के रूप में मानव सभ्यता से पुराना है। कच्ची औषधियों व अच्छी तरह से तैयार उत्पादों (मदर टिंचर) की वास्तविकता का पता लगाने के लिए गुणवत्ता, प्रभावकारिता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक मापदण्डों का पूर्णरूप से पालन किया जा रहा है। प्रस्तुत शोथ पत्र बोरागा ऑफिसिनलिस एल. के पूर्ण पादप का भौतिक रासायनिक मानकीकरण प्रस्तुत करता है।

कच्ची औषधियों के अध्ययन के लिए अध्ययन किये गये मापदंड सारत्व मूल्यों कुल राख सल्फर राख, अम्लीय अघुलनशील राख टपकन विधि द्वारा मदर टिंचर तैयार करना, भौतिक रसायनिक गुण, यूवी दृश्य स्पेक्ट्रोस्कोपी,

पीएच के अलावा टीएलसी अध्ययन प्रति मी.ली. वजन कुल ठोस तैयार उत्पादों हेतु अल्कोहल प्रदान किये गए। प्राप्त आंकड़ों से औषधि की वास्तविकता और गुणवत्ता को प्रमाणित करने में सहायता मिलेगी।

5. **ओइनेथेरा बेनिस की भेषजीय संरचना के साथ होम्योपैथी में प्रयुक्त भारतीय वनस्पतियों की गुणवत्ता विश्वसनीयता औषधीय तथा सुगन्धित विज्ञान जर्नल (2011), 33 (2): 198–203**

प्रस्तुत शोध पत्र होम्योपैथी में प्रयुक्त भारतीय औषधीय वनस्पतियों का भेषजकोशीय मानक स्तर और उनकी गुणवत्ता विश्वसनीयता के कारकों को प्रकट करता है। होम्योपैथी औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण पर भारतीय परिदृश्य पर प्रकाश डाला है। होम्योपैथी में कच्ची औषधि को प्रामाणित कर औषधि के रूप में स्थापित करना अत्यधिक महत्व का विषय है। इसकी आवश्यकता इसलिए भी है कि पूरे विश्व में औषधि विशेषकर उच्च अवमिश्रण औषधि में पोटेंसी की समस्या अधिक है। प्रस्तुत अध्ययन भी गुणवत्ता के विश्वसनियता को स्थापित करने के उद्देश्य से ऑनग्रेसी परिवार के पौधे ओइनेथेरा बेनिस एल. का भेषजिय विश्लेषण अध्ययन प्रस्तुत करता है। होम्योपैथी मे इस पादप का उपयोग दस्त की पुरानी बिमारी के उपचार में किया जाता है। यह अध्ययन इस पादप की जड़, तना, पत्ती का समग्रता पर आधारित, गुणात्मक, मात्रात्मक विशेषताएं प्रस्तुत करता है। अध्ययन से प्राप्त परिणामों को भेषज कोषीय मानकों के समान प्रयोग किया जा सकता है।

6. **प्रमाणित एचपीसीएल विधि द्वारा होम्योपैथिक टिंचर में फोरस्कोलिन का विश्लेषण। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एरोमेटिक प्लांटस, 2012, 2(1): 195–199**

सारः होम्योपैथिक मदर टिंचर जिसमें की फोरस्कोलिन एक सक्रिय तत्व के रूप में मौजूद था का मूल्यांकन करने के लिए और घरेलू और बाह्य दवा के नमूनों में फोरस्कोलिन की मात्रा के निर्धारण हेतु परीक्षण किया गया। इस तरीके में कोलियस जेनयुन और कोलियस बाजार नमूना से प्राप्त फोरस्कोलिन सम्मिलित है और इसका विश्लेषण यूवी और एचपीसीएल विधि द्वारा किया जाता है। फोरस्कोलिन को आंतरिक मानक के रूप में उपयोग किया गया। इस तरीके का उपयोग कोलियस फोरस्कोलिन से प्राप्त मदर टिंचर के सफलतापूर्वक विश्लेषण और फोरकोलिन के मानक के साथ तुलना के लिए किया गया था। इस प्रकार फोरकोलिन का निर्धारण चयनित होम्योपैथिक मदर टिंचर के मानकीकरण का एक सुविधाजनक और पर्याप्त विधि के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

7. **स्ट्रिपटोजोटोसीन मधुमेह चूहों में भारतीय औषध पादपों की हाईपोग्लासेकेमिक गतिविधियां। जर्नल ऑफ रिसर्च और एजुकेशन इन इंडिया मेडिसन, 2012, 18(1): 33–43।**

सारः प्रस्तुत अध्ययन में एम.चरनसिया, ए मारमोलोस और ई. जम्बोलेना के अल्कोहलिक सार का होईपोग्लाइसेमिक प्रभाव का अध्ययन स्ट्रिपटोजोटोसीन जनित मधुमेह में किया गया। चूहों को सिटरेट बफर में स्ट्रिपटोजोटोसीन (30 मी.ग्रा./कि.लो.) के इन्ट्रपेरिटोनियल इंजेक्शन देकर मधुमेह ग्रस्त किया गया। इंजेक्शन देने के 48 घण्टों के बाद मधुमेह की पुष्टि हो जाने के उपरान्त चूहों को 30 दिनो तक औषधीय पादप के अल्कोहलिक सार (250 एवं 500 मी.ग्रा./कि.लो.) मुख द्वारा सेवन करवाया गया। इन 3 पौधो ने खुराक और अवधि आधारित होईपोग्लाइसेमिक उत्पन्न किया जो कि गिलिबेनकेलेमाइड के समान था। एक माह के बाद 500 मी.ग्रा./कि.लो. अल्कोहलिक सार का प्रयोग करने वाले चूहों मे स्ट्रिपटोजोटोसीन का सिरम ग्लुकोज स्तर समान्य चूहों से 'कम और ज्यादा' था। इन पादपो का मधुमेह रोधी प्रभाव लेंगरहेंग्स कोशिकाओं की बीटा कोशिकाओं से इंसुलिन मात्रा में वृद्धि के कारण हो सकता है जैसा कि बीटा कोशिकाओं की अधिक उपस्थिति और नियंत्रित मधुमेह चूहों की तुलना में अग्नाश्य में कम परिगलित परिवर्तनों से पता चलता है। इस प्रकार ये पादप कृत्रिम होईपोग्लाइसेमिक औषधियों का निरन्तर सेवन से उत्पन्न दुष्प्रभावों से ग्रसत हो सकने वाले मरीजों के लिए एक बेहतर विकल्प है क्योंकि इन पादपों का कोई भी दुष्प्रभाव/विषाकत प्रभाव नहीं होता है।

- **भारतीय होम्योपैथी भेषजकोष के लिए विनिबंधों का सृजन**

वर्ष 2011–12 के लिए होम्योपैथिक भेषजकोश की योजना के तहत परिषद द्वारा निम्न 10 मोनोग्राफ तैयार किये गये और होम्योपैथिक भेषजकोश समिति को पेश किये गये। यह मोनोग्राफ समिति द्वारा दिनांक

23.08.2012, 04.01.2012 और 19.03.2012 को क्रमशः 99वीं, 100वीं और 101वीं बैठक में अनुमोदित किये गये।

1. सिटरस डेकुमिना
2. यूफोरबिया हापरिसिफोलिया
3. ओरिगेनम मेजोराना
4. वनिला पलानिफोलिया
5. यूजिनिया जम्बोस
6. विटेक्स ट्रिफोलिया
7. राइटिया टिनक्टोरिया
8. सिट्रस लिमोनुम
9. सोलेनम टुबरोसम
10. साइसर अरिटिनम

होम्योपैथिक भेषजकोश समिति की उप–समिति की बैठक

विनिबंधों को तैयार करने हेतु होम्योपैथिक भेषज प्रयोगशाला, गाजियाबाद को औषध मानकीकरण पर परिषद् का योगदानः

विनिबंधों को तैयार करने और 100वीं और 101वीं बैठक में विचार विमर्श हेतु निम्नलिखित आठ (08) औषधियों के औषध मानकीकरण आकड़ें होम्योपैथिक भेषज प्रयोगशाला गाजियाबाद को प्रदान किया गए।

होम्योपैथिक भेषजकोश समिति की 100वीं बैठक में

1. केसिया फिसटुला
2. कोफिया टोस्टा
3. सियाटिसस स्कोपारियस
4. मियुलिन फ्लावर

होम्योपैथिक भेषजकोश समिति की 101वीं बैठक में

1. एक्यूलिगिया वलगैरिस
2. गैलिनसोगा परवीफ्लोरा
3. कुकुरबिटा सिटरूलस (सिटरूलस लेनाटस)
4. अननथुरम मुरूकाटस (विटिविरा जिजानिओड)

वार्षिक प्रतिवेदन 2011-2012 केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्

5

औषधीय पादपों का सर्वेक्षण, संग्रहण और खेती

इमेराल्ड, जिला नीलगिरि (तमिलनाडु) में स्थित औषधीय पादपों की सर्वेक्षण और संग्रहण इकाई (एस सम पी सी यू) में होम्योपैथी में प्रयोग किए जाने वाले औषधीय पादपों का सर्वेक्षण और संग्रहण किया जाता है और केंदीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा तथा औषध मानकीकरण इकाई (होम्यो.), हैदराबाद को अपरिष्कृत औषधियों के नमूनों की आपूर्ति की जाती है। यह इकाई होम्योपैथी में प्रयुक्त देशी और विदेशी पादपों की खेती करती है और औषधियों के उद्यान का रखरखाव देखती है। वर्ष 2011–12 के दौरान निम्न कार्य किये गये :

अ) अपरिष्कृत औषधियों का सर्वेक्षण, संग्रहण एवं उनकी आपूर्ति:

1. खेतों से 14 अपरिष्कृत औषधीय पादप सामग्री एकत्र की गई।
2. निम्नलिखित अपरिष्कृत औषध पादप सामग्री को औषध मानकीकरण के लिए केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा और औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद को आपूर्ति की गई।

औषध मानकीकरण इकाई, VI हैदराबाद		केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा	
क्र.स.	औषधियों के नाम	क्र.स.	औषधियों के नाम
1.	बेरागो ऑफिसिनालिस एल.	1.	कोफिया अरबिका एल. (=कोफिया टोसटा)
2.	सिटरस लेमन (एल.) बुरम.एफ.	2.	फिकस करिका एल.
3.	सिसर एरिटिनम एल.	3.	हिलियोट्रोपियम अरबोरिसेंस एल.
4.	कोफिया अरबिका एल. (=कोफिया टोसटा)	4.	मलस सेलिवेसट्रिस (एल) मील.
5.	फिकस करिका एल.	5.	पूरूनस परसिका (एल) बेटस्च
6.	हिलियोट्रोपियम अरबोरिसेंस एल.	6.	रोसमेरिनस ओफिसिनालिस एल.
7.	मलस सेलिवेसट्रिस (एल) मील.		
8.	पूरूनस परसिका (एल) बेटस्च		
9.	रोसमेरिनस ओफिसिनालिस एल.		
10.	विटेक्स ट्रिफोलिया एल.		
11.	राईटिया टिनक्टोरिया (रोक्सब.) आर.बीआर.		

3. होम्योपैथिक भेषजकोष प्रयोगशाला, गाजियाबाद के निदेशक को निम्नलिखित चार (4) अपरिष्कृत औषध सामग्री की आपूर्ति की गई है।

क्र.स.	औषधियों के नाम
1.	वक्सस सेमपरवायरनस एल.
2.	सारोथामनस स्कोपारियस (एल.) डब्लू.डी.जे कोच
3.	वरवैसकम थाप्सस एल.
4.	कोफिया अराबिका एल.

4. अनुसंधान औषधि उद्यान में उत्पादित निम्न चार (04) अपरिष्कृत औषध पादप सामग्री विभिन्न होम्योपैथिक फार्मेसियों को विक्रय कर दिया गया।

क्र.स.	औषधियों के नाम
1.	सिनिरारिया मारिटिमा एल.
2.	डिजिटलिस पुरपुरिया एल.
3.	अचिलिया माईलिफोलियम एल.
4.	रोजमारिनस ओफिसिनालिस एल.

ब. औषधीय पादपों की खेती

इकाई के पास तमिलनाडु राज्य के नीलगिरि जिले की इमेराल्ड पोस्ट में इमेराल्ड पोस्ट में होम्योपेथी में प्रयोग किये जाने वाले औषधीय पादपों की खेती के लिए 12.7 एकड़ भूमि में एक अनुसंधान उद्यान है। वर्ष 2011–12 के दौरान इस अनुसंधान उद्यान में होम्योपैथी में प्रयोग किये जाने वाले कुल 72 औषधीय (62 विदेशी एवं 10 देशी) पादपों की खेती की गई :

विदेशी पौधे निम्नलिखित हैः

1. अचीलिया मेलीफोलियम
2. एगेव अमेरिकाना
3. एग्रोपाइरोन रेपेंस
4. एमी विसनागा
5. एंगालिस अर्वेंसिस
6. एंथोक्सन्थम ओडोरेटम
7. एपियम ग्रेवियालेंस
8. अर्जिमोन मेक्सिकाना
9. अर्जिमोन ओव्रोल्युका
10. अर्मोरेशिया रस्टिका
11. अर्टेमिसिया एनुआ
12. अर्टेमिसिया ड्रेकुन्कुलस
13. एस्क्लेपियस क्युरासविका
14. एस्परगेस ओफिसनेलिस
15. बेरेगो ओफिसनेलिस
16. केप्सेला बुर्सा–पेस्ट्रोरिस
17. च्रराइसेंथिमम ल्युकेंथिमम
18. च्रराइसेंथिमम पारथेनियम
19. सिनकोना ओफिसनेलिस
20. सिनरेरिया मरिटिमा

अचीलिया मेलीफोलियम

अर्टेमिसिया एनुआ एल. की कयारी

च्रराइसेंथिमम पारथेनियम

21. कोशलेरिया अर्मोरेशिया
22. दतुरा अर्बोरिया
23. डिजिटेलिस पर्पुरिया
24. इचिनेशिया पर्पुरिया
25. एशकोल्टज़िया केलिफोरनिका
26. एक्सोगोनियम पर्गा
27. फेगोपाइरम एस्क्यूलेंटम
28. फ्रगेरिया वेस्का
29. फ्युमेरिया ओफिसनेलिस
30. गिंको बिलोबा
31. हेड्रा हेलिक्स
32. हेलियोट्रोपियम पेरूवियानम
33. आईरिस फ्लोरेन्टिना
34. आईरिस ज़रमेनिका
35. लाइकोपर्सिक्युम एस्क्युलेंटम
36. मगनोलिया ग्रेंडिफ्लोरा
37. मेट्रिकारिया चामोमिला
38. मेल्सिया ऑफिसिनेलिस
39. मैंथा स्पाइकेटा
40. नेस्टूटियम ओफिसनेलिस
41. ओइनोथेरा बेन्निस
42. ओरिगनम वुलगैरे
43. पास्टिनाका सैटिवा
44. पेट्रोसेलिनम क्रिस्प्म
45. प्रुनुस परसिका
46. रेफानस सेटाइवस
47. रोजमैरिनस ऑफिसिनेलिस
48. रूमेक्स एसिटोसेला
49. सिम्फाइटम ओफिसनेलिस
50. सेलिया ओफिसनेलिस
51. सम्बूकस नाइग्रा
52. सेन्टोलिना चामीसिपारिसस



नर्सरी पौधे: केलनडुला ऑफिसनेलिस एल.

सिनरेरिया मरिटिमा

उत्पादित डिजिटल परपुरिया एल. की पत्तियों को सूखना

53. सिलिबम मैरियानम
54. सोलैनम नाइग्रम
55. सिम्फाइटम ओफिसनेल
56. टरैसैकम ऑफिसीनेल
57. थाइमस वल्गेरिस
58. ट्राईफोलियम प्रिटेंस
59. ट्राईफोलियम रेपेंस
60. ट्रोपायोलम मेजस
61. वर्बास्कम थैपसस
62. विओला ओडोराटा

हेलियोट्रोपियम पेरूवियानम एल.

अनुसंधान उद्यान में निम्न दस देशी होम्योपैथी औषधीय पादपों की खेती भी की गई:

1. अधाटोडा वसिका
2. एंड्रोग्राफिस पेनिक्युलेटा
3. सेंटेला एशियाटिका
4. साइट्रस ओरेंटियम
5. कोलियस फोर्सकोली
6. धतुरा मेटेल
7. पोलिगोनम हाइड्रोपाईपर
8. पोलिगोनम पंकटेटम
9. सिज़िगियम क्युमिनी
10. वेटिवरिया जिजेनोयड्स

आधाटोडा जेलनिका मेडिकस

स. वनस्पति–संग्रहालय पत्र (हरबेरियम शीट):

भारत के तमिलनाडु राज्य के इमेराल्ड जिले में स्थित औषधीय पादपों की सर्वेक्षण और संग्रहण इकाई के वनस्पति संग्रहालय को राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं सूचना स्त्रोत संस्थान, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्रदान की गई है और 'हेंडबुक ऑन हरबेरिया–इन इण्डिया एण्ड नेबरिंग कंटरीज़' सूचना पुस्तिका में सम्मिलित की गई है। इसको एक अंतर्राष्ट्रीय संक्षिप्त नाम 'एसएमपीआरजीएच' दिया गया है।

वर्ष 2011–12 में 113 वनस्पति–संग्रहालय पत्रों की अवाप्ति की गई जिससे कुल वनस्पति–संग्रहालय पत्रों की संख्या 8732 हो गई।

6

सहयोगात्मक अनुसंधान

अपनी नैदानिक प्रभावकारिता के कारण होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति दिन–प्रतिदिन लोकप्रियता हासिल कर रही है। यद्यपि इसके कार्य करने की पद्धति स्पष्ट रूप में प्रकट नहीं होने के कारण विवाद बना रहता है। आरंभ से ही होम्योपैथी में अनुसंधान का अधिक महत्त्व रहा है। हाल ही में होम्योपैथी के आधारभूत सिद्धांतो को स्पष्ट करने के लिए अनुसंधान हुए है। आधारभूत/पूर्व–नैदानिक और नैदानिक स्तरों पर विभिन्न अनुसंधान किये गये है।

इस आवश्यकता होती है। चूँकि कि परिषद् के पास ये सुविधाएँ सीमित है अतः परिषद् ने अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए आधारभूत सुविधाओं वाले उत्कृष्ठ संस्थानों के साथ मिलकर अध्ययन करती है। सहयोगात्मक अनुसंधानो का प्रमुख उद्देश्य साक्ष्य–आधारित अन्तर–विषयक अनुसंधान अध्ययन करना और होम्योपैथी की प्रभावकारिता/अवधारणा को वैज्ञानिक मापदण्डों पर सात्यापिक करना है। सहयोगात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण निम्न है–

पूर्ण कर लिये गये अध्ययन

1. "कैंसर के प्रत्यागमन और अवनमित प्रतिरक्षण प्रणाली के नवीनीकरण में होम्योपैथी औषधियों की भूमिका" (अवधि : जुलाई 2008–जून 2011)

कैंसर के प्रत्यागमन और अवनमित प्रतिरक्षण प्रणाली के नवीनीकरण में होम्योपैथी औषधियों की भूमिका का पता लगाने के लिए बोस संस्थान, कोलकाता के सहयोग से चूहा प्रतिरूप (मॉडल) पर आधारित एक अध्ययन किया गया। इसका उद्देश्य अर्बुद (ट्यूमर) की वृद्धि होम्योपैथी औषधियों की भूमिका और रोग प्रतिरोधक क्षमता–नियंत्रणकारी गुणों की खोज करते हुए कैंसर कोशिकाओं पर होम्योपैथी औषधियों के उपचारात्मक प्रभावों का मूल्यांकन करना है।

परिणामों से स्पष्ट है कि होम्योपैथी औषधियाँ प्रत्यागमित कैंसर कोशिकाओं और अवनमित रोग प्रतिरक्षण क्षमता को नवीनीकरण करने में सक्षम है। परिणामों द्वारा हमें अध्ययन में उपयोग की गई होम्योपैथी औषधियों के बारे में भी जानकारी मिलती है :–

- थूजा 30सी और मर्स्क.सोल.30सी. ने पी 53 वाइल्ड टाइप एम सी एफ–7 स्तन कैंसर कोशिका रेखा में एपोप्टोसिस प्रवृत्त किया।
- सल्फर 6सी, 30सी और 200सी नॉन–लघु–कोशिका फेफड़ें का कैंसर कोशिका रेखा में प्रभावकारी पायी गई।
- सिलिरिया 200सी पी 53 + /रस जीवी क्यूटेशन को दर्शाते हुए वृहदआंत्र कार्सिनोमा पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला।
- कलकेरिया कार्ब 6सी ने विभिन्न प्रतिरक्षण अंगों की अर्बुद धारित कोशिकाओं को ठीक कर दिया।

इसने टी कोशिकाओं को टी कोशिकाओं के बहुप्रसरण द्वारा उन्हें पुनः एकत्रित किया।



चित्र 1: अनुपचारित एवं कलकेरिया कार्ब से उपचारित अर्बुद ग्रस्त चूहों में जीवन प्रत्याशा प्रतिशत का ग्राफ द्वारा प्रदर्शन।

2. "सिजिगियम जम्बोलेनम और सिफालेन्ड्रा इंडिका होम्योपैथिक औषधियों के मधुमेह प्रतिरोधी गुणों का अध्ययन" (अवधिः जुलाई, 2008–जून, 2011)

टाइप–2 मधुमेह रोग 21वीं शती का सर्वाधिक भंयकर रोग बनकर उभर रहा है। कुछ उत्तकों के द्वारा इन्सुलिन ग्रहण न करने की विकारी भारीर क्रिया के कारण टाइप–2 मधुमेह रोग होता है, जिसका कारण इन्सुलिन का अप्रर्याप्त स्राव भी हो सकता है। सिजिगियम जम्बोलेनम और सिफालेण्ड्रा इंडिका होम्योपैथिक औषधियों मदर टींचर 6सी, 30सी में मधुमेह प्रतिरोधी गुणों का पता लगाने के लिए डा. ए एल एम स्नातकोत्तर आधारभूत चिकित्सा विज्ञान संस्थान, मद्रास विश्वविद्यालय में एक अध्ययन की शुरूआत की गई है। अध्ययन का उद्देश्य इन दोनों औषधियों के टाइप–1 और टाइप–2 मधुमेंह मे प्रतिरोधी गुणों का चूहा प्रतिरूप (मॉडल) में अध्ययन करते हुए इसके आणिवक क्रियाविधी के महत्व को स्पष्ट करना है। वर्तमान अध्ययन इस अवधारणा पर आधारित है कि सिजिगियम जेम्बोलेनम और सिफालेण्ड्रा इंडिका से तैयार होम्योपैथी औषधियाँ से मधुमेह ग्रस्त चुहों में इंसुलिन हार्मोन को नियंत्रित व नियमित किया जा सकता है।

प्रयोगात्मक अवस्था में 30 दिनों के उपचार उपरांत इंसुलिन, कॉलेस्टोल, ट्राईग्लिसराइड्स, लिपोप्रोटीन्स, ग्लूकोन, आक्सीकरण, इंसुलिन स्राव का आंत्र पेशी में मूल्यांकन किया गया। मधुमेह ग्रस्त चहों ने ग्लूकोस के स्तर एवं ऑक्सीकरण में महत्त्वपूर्ण कमी और आईआर, आइ आर एस–1, पी–आई आर एस–1, टी बाय आर 632, ए के टी, पी –ए के टी एस इ आर 473 और जीएलयूरी 4 प्रोटीन का मूल्यांकन किया गया। होम्योपैथी औषधियों द्वारा परिवर्तनों को सामान्य अथवा सामान्य के बराबर स्तरों पर लाया गया।

अध्ययन से यह निष्कर्ष निकला कि सिजिगियम जेम्बोलेनम (6सी, 30सी) और सिफलेण्ड्रा इंडिका (30सी) से तैयार होम्योपैथी औषधियाँ इंसुलिन के स्राव और ग्लूकोस के स्तरों को नियंत्रित व नियमित करती है। यद्यपि यह टाइप–1 एनिमल मॉडल की अपेक्षा टाइप–2 एनिमल मॉडल में अधिक कारगर है।



अ) सिरम इंसुलिन ब) रक्त में शर्करा

चित्र–2: सिजिगियम जम्बोलेनम और सिफालेण्ड्रा इंडिका से निर्मित होम्योपैथी औषधि का (अ) सिरम इंसुलिन (ब) व्यस्क मधुमेह ग्रस्त चूहे की रक्त में शर्करा स्तर पर प्रभाव

3. "गुर्दे की पत्थरी के रोग के निदान में होम्योपैथी औषधि बरबैरीज वुलगैरीज की रक्षात्मक भूमिका और आण्विक घटनाओं, जिनके कारण केल्सियम ऑक्सॉलेट क्रिस्टल का निक्षेपण होता है, पर इसका प्रभाव" (अवधि : फरवरी 2010–जनवरी 2012)

बेरबैरीज वलगैरीज होम्योपैथी चिकित्सा में सामान्यतः उपयोग की जाने वाली औषधि है जिसका उपयोग विभिन्न पोटेन्सियों से गुर्दे की पत्थरी के उपचार में किया जाता है। गुर्दे की पत्थरी के रोग के निदान में होम्योपैथी औषधि बेरबैरीज वलगैरीज की रक्षात्मक भूमिका और आण्विक घटनाओं, जिनके कारण कैल्सियम ऑक्सॉलेट क्रिस्टल का निक्षेपण होता है पर इसका प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए डा. ए.एम.एम. स्नातकोत्तर आधारभूत चिकित्सा विज्ञान संस्थान मद्रास विश्वविद्यालय में चूहा मॉडल पर एक पूर्व–नैदानिक अध्ययन आरम्भ किया गया। चूंकि गुर्दे की पत्थरी का संबंध ऑक्सलेट दबाव और अवसाद से होता है अतः अध्ययन क्यू 6 एक्स, 30सी और

200सी पोटेंसी में बरबेरीज वुलगैरीज की इन लक्षणों के विरूद्ध प्रभावकारिता की जाँच हेतु लक्षित है। अध्ययन परिणामों का संक्षेप निम्न है–

- यह अध्ययन दर्शाता है कि बेरबैरीज वलगेरीज अपने एन्टी ऑक्सीडेंट गुणों के कारण गुर्दे पर ऑक्सालेट के विषकारी प्रभाव को कम करता है।
- बरबैरीज वुलगेरीज की 30सी पोटेंसी की तुलना में 200 सी पोटेंसी से मूत्र संघटकों को सामान्य स्तर पर लाया जा सकता है।
- 30 सी पोटेंसी से मूत्र मार्कर एजाइम को सामान्य स्तर पर एवं 200सी पोटेंसी से पूर्णतः सामान्य स्तर पर लाया जा सकता है।
- बरबेरीज क्लगैरीज से हाइपरोक्सलुरिया जनित मेक्रो आण्विक क्षति को नियंत्रित किया जा सकता है।
- उपचारित चूहों के गुर्दे पर ऑक्सालेट के विशकारी प्रभावों का पता लगाने हेतु एथीलीन ग्लाईकॉल में महत्त्वपूर्ण उतकीय परिवर्तनों को दर्ज किया गया, लेकिन बरबेरीज वुलगैरीज ने इस रूपतामक परिवर्तन को रोका, जिससे इसकी गुर्दे की रक्षात्मक भूमिका सिद्ध होती है।
- बेरबैरीज वलगेरीस के उपयोग ने महत्वपूर्ण परिवर्तनों जैसे टी एच पी और आई जी जी कप्पा के स्तर को भी नियंत्रित किया, जिससे पत्थरी बनने की संभावनाएँ कम हुई। इसने एन्टी और प्रो–एयोप्टोरिक प्रोटीन्स के स्तरों का भी परिवर्तन किया जिससे एपोप्टोसिस की संभावनाएँ कम हुई जिससे कोशिकाओं की क्षति को रोकने इसकी लाभदायक भूमिका का पता चलता है।

औषधि की मात्रा	आण्विकता	संघटकता
मदर टिंचर	49.78629	–228.7
6सी	22.29685	पूर्ण इनहिबिशन
30सी	35.53871	पूर्ण इनहिबिशन
200सी	63.25563	पूर्ण इनहिबिशन

चित्र–3: अन्तःपात्र केल्सियम ऑक्सलेट आण्विक और एकत्रीकरण पर विभिन्न पोटेंसियों में बेरबेरीज क्लगैरीज का प्रभाव।

4. "होम्योपैथी औषधियों की प्रतिरक्षण अनुकूलन और प्रति ऑक्सीकारक संभाव्यता के लिए कुछ होम्योपैथी औषधियों का मूल्यांकन करना" (अवधि : अप्रैल 2009–मार्च, 2012)

यह माना जाता है कि होम्योपैथी औषधियाँ अपनी प्रतिरक्षण अनुकुलन और प्रति ऑक्सीकारक गुणों से मरीज को फायदा पहुँचाती है लेकिन इस तथ्य को सिद्ध करने के लिए प्रयोगशाला साक्ष्यों का अभाव है। वर्तमान अध्ययन हर्बल विथानिया सोमनिफेरा और कोमिफोरा मुकुल के साथ होम्योपैथी औषधियों जैसे अजादिरक्ता इंडिका, सेलेनियम, मर्क्यूरियस सोल्युबिलिस, एम्बलिका, ऑफिसनैलिस का अतः पात्र और अंतर्जीव प्रतिक्षेपों (मॉडल) प्रतिरक्षण अनुकूलन और प्रति ऑक्सीकारक गुणों के मूल्यांकन हेतु लक्षित है। अध्ययन की शुरूआत भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, ईज्जत नगर के सहयोग से की गई।

इस अध्ययन से निम्न परिणाम प्राप्त हुए:

अन्तः पात्र

प्रयुक्त की गई सभी पोटेंसियों में 6सी पोटेंसी सर्वाधिक उपयुक्त अन्य पोटेंसियों 30सी, 200सी और 1एम थी। प्रतिरक्षण अनुकूलन और प्रतिआक्सीकरण दोनों के लिए प्रकृति समान थी।

एन्टीऑक्सिडेंट गुण

➢ विभिन्न पोटेंसियों औषधीय पादपों में होम्योपैथी औषधियों के एंटीऑक्सिडेंट गुण अवरोही क्रम में अजादिरक्ता इंडिका (6सी), सेलेनियम (6सी), शर्क्यूरियस सोल्युबिलिस (6सी), विथानिया सोमनिफेरा,

अजादिरचता इंडिका (30सी), सेलेनियम (30सी), मर्क्यूरियस सोल्युबिलिस (30सी), एम्बलिका ऑफिसनैलिस, सेलेनियम (200सी), कोमिफोरा मुकुल, मर्क्यूरियस सोल्यूबिलिस (200सी), अजादिरक्ता इंडिका (1एम), सेलेनियम (1एम) और मर्कयूरियस सोल्युबिलिस (1एम) है।

प्रतिरक्षण अनुकूलन गुण

➢ विभिन्न पोटेंसियों औषधीय पादपों में होम्योपैथी औषधियों के प्रतिरक्षण अनुकूलन गुण अवरोही क्रम में– सेलेनिय (6सी), सेलेनियम (30सी), अजादिरक्ता इंडिका (6सी), अजादिरक्ता इंडिका (30सी), मर्क्यूरियस सोल्युबिलिस (6सी) और अच्छे औषधीय पादप विथानिया सोमनिफेरा और कोमिफोरा मुकुल सहित।

अंतर्जीव

एन्टीऑक्सीडेंट क्रिया मूल्यांकन

➢ विभिन्न पोटेंसियों और औषधीय पादपों में होम्योपैथी औषधियों के एन्टीआक्सिडेंट गुण अवरोही क्रम में – अजादिरक्ता इंडिका (6सी), सेलेनियम (6सी), मर्क्यूरियस सोल्युबिलिस (6सी), विथानिया सोमनिफेरा, अजादिरचता इंडिका (30सी), सेलेनियम (300सी) और एम्बलिका ऑफिसनैलिस।

प्रतिरक्षण अनुकूलन मूल्यांकन

सेलुलर इम्यून प्रतिक्रिया : होम्योपैथी इम्यूनोमॉइयूलेटर्स और औषधीय पादपों का सेलुलर इम्यून प्रतिक्रिया का प्रभावकारी क्रमः सेलेनियम (6सी), विथानिया सोमनिफेरा, सेलेनियम (30सी), अजादिरयता इंडिका (6सी) कोमिफोरा मुकुल (प्रभावकारिता के घटते क्रम में)।

5. "चिन्हित होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन हेतु बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण।" 1) शराब एवं अफीम के आदियों में इनको छोड़ने पर होने वाले दुष्प्रभावों के उपचार हेतु 2) शराब एवं अफीम के आदियों में शराब एवं अफीम को छोड़ने पर उत्पन्न होने वाले नकारात्मक लक्षणों के उपचार हेतु और 3) शराब और अफीम को छोड़ने पर होने वाले सामयिक दुष्प्रभाव (अवधिः सितम्बर 2008–अगस्त 2011)

सोसायटी फॉर प्रोमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस के साथ निम्न उद्देश्यों हेतु होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए दिल्ली व दार्जिलिंग स्थित इकाईयों पर अध्ययन आरंभ किया गया।

1. शराब एवं अफीम के आदियों में इनको छोडने पर होने वाले दुष्प्रभावों का उपचार
2. शराब एवं अफीम के आदियों में इनकों छोडने पर होने वाले प्रतिकूल लक्षणों का उपचार
3. शराब और अफीम के दुरूपयोग एवं मांस में इनको छोडने पर होने वाले दुष्प्रभावों से बचाव

अध्ययन में 147 मरीजों को नामांकित किया गया जिसमें से 198 शराब के आदी मरीज और 127 नामांकित मरीजों मे से 97 अफीम के आदी मरीज थे। आंकडों का विश्लेषण प्रगति पर है।

चल रहे अध्ययन

1. "होम्योपैथी औषधियों का भेषज गुण वैज्ञानिक मूल्यांकन"

होम्योपैथी औषधियों का भेषजगुण वैज्ञानिक मूल्याकंन केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के साथ फरवरी 2011 से *"होम्योपैथी औषधियों का भेषज गुण वैज्ञानिक मूल्यांकन"* पर अध्ययन चल रहा है। जिसका उद्देश्य चूहों पर औषधि की विभिन्न मात्रा का भेषजगुण वैज्ञानिक कार्य कलापों का मूल्यांकन करना है। अध्ययन के अंतिम परिणाम अच्छे है, जो कि संक्षेप में निम्न है।

- लाइकोपोडियम 30सी ने अनुशिथिलन, प्रंकुचन और धमनी रक्त चाप का मान कम किया, हृदय मापदण्डों को महत्त्वपूर्ण रूप से नियंत्रित किया। संक्षेप में हृदय वाहिका कार्यो को सुचारू करने में लाइकोपोडियम 30सी कुछ हद तक प्रभावकारी है।

- स्मृति कार्यो में यह पाया गया की चूहों की सीखने एवं स्मृति शक्ति में लाइकोपोडियम के निस्तर से फायदा हुआ।
- शोथ रोधी कार्यो में लाइकोपोडियम का परीक्षण किया गया और यह पाया गया कि इसने चूहे के पंजे के प्रथम एच 3 व 4 एच में शोधरोधी कार्य किया। लाइकोपोडियम 30सी ने 3 व 4 एच लाइकोपोडियम 200सी ने 1एच और लाइकोपोडियम 200सी ने 1 एच और लाइकोपोडियम 1 एम ने 1 एच में महत्त्वपूर्ण शोथ रोधी प्रभाव दर्शाये।
- अमाशय व्रण मॉडल में, लाइकोपोडियम (क्यू 30सी, 200सी और 1एम) ने शराब के कारण होने वाले अमाशय व्रण के विरूद्ध महत्त्वपूर्ण सुरक्षा (55–67%) सुरक्षा दर्शायी।

2. **"चिकित्सा विश्लेषक प्रणाली से हृदय गति परिवर्तनशीलता (एच आर वी) और रक्त प्रवाह परिवर्तनशीलता (वी एफ वी) पर होम्योपैथी औषधियों और पोटेंसियों की अभिक्रिया पर एक बहुकेंद्रिक अध्ययन"**

शरीर क्रियात्मक परिवर्तनशीलताओं पर होम्योपैथी औषधियों के प्रभाव के प्रमाणीकरण का पता लगाने के लिए चिकित्सा विश्लेषक प्रणाली से हृदय गति परिवर्तनशीलता (एचआरवी) और रक्त प्रवाह परिवर्तनशीलता (वी एफ वी) पर होम्योपैथी औषधियों और पोटेंसियों की अभिक्रिया पर एक बहुकेंद्रिक अध्ययन शुरू किया गया है। इस अध्ययन के अंतरिम परिणाम वैकल्पिक एवं सहायक चिकित्सा पत्रिका, 2011 (अंक 17 (8)) में प्रकाशित हुए जिसमें होम्योपैथी औषधियों के स्वचालित तंत्रिका तंत्र पर प्रभावों को प्रस्तुत किया गया। अब तक 138 नमूने प्राप्त कर लिये गये है और भविष्य के अध्ययनों को ध्यान में रखते हुए कई अन्य पायलट अध्ययन शुरू किये गये है।

3. **वैद्युत–शरीर क्रियात्मक संकेतकों का प्रयोग करते हुए मांसपेशियों की थकान में होम्योपैथी औषधि आर्निका मोन्टाना की प्रभावकारिता : एक यादृच्छिक, डबल ब्लांइड और क्रॉस–ऑवर परीक्षण– एक पायलट अध्ययन**

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान की जैव चिकित्सा प्रोद्यौगिकी इकाई के सहयोग से "वैद्युत भारीर क्रियात्मक संकेतकों का प्रयोग करते हुए मांसपेशियों की थकान में होम्योपैथी औषधि आर्निका मोन्टाना की प्रभावकारिता एक यादृच्छिक, डबल ब्लांइड और क्रॉस–ऑवर परीक्षण"–एक पायलट अध्ययन किया गया। अध्ययन ने शरीर उपयुक्त बहुस्तरीय मापदण्डों का प्रयोग करते हुए मांसपेशियों की थकान के मूल्यांकन हेतु उचित उपकरणों का प्रयोग करते हुए वैज्ञानिकता पर आधारित परिणामों को प्रस्तुत किया। इस अन्वेक्षण अध्ययन का उद्देश्य इमंपेडेन्स रक्त संचार मापन (आई पी जी), विद्युत पेशी लेखन (इ एम जी), फोटोप्लेथिसिमोग्राफी (पीजीजी) पल्स ट्रांजिट समय (पी टी टी), इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफी (इ सी जी) और मापक जैसे विजुअल एनालॉग स्केल (वी ए एस) प्राप्त थकान दर (आर पी इ) आदि का प्रयोग करते हुए मांसपेशियों की थकान को मापना था। अध्ययन अभी अनअंतिम अवस्था में है जहां की बहुत से उद्देश्य प्राप्त करने हेतु लक्षित है।

शुरू किये गये अध्ययन

1. **"गर्भावस्था पीड़ा में होम्योपैथी चिकित्सा की प्रभावकारिता'**

गर्भावस्था पीड़ा सहित प्रसूति की विभिन्न अवस्थाओं में होम्योपैथी चिकित्सा का उपयोग होता रहा है लेकिन अभी इस क्षेत्र में प्रतिवेदित याद च्छिक परीक्षणों का अभाव है। सर अरबिन्दो समग्र स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थान, कटक के साथ मिलकर 'गर्भावस्था पीड़ा पर होम्योपैथी चिकित्सा पद्धत्ति की प्रभावकारिता' शीर्शक से एक यादृच्छिक प्लासिबो नियंत्रित परीक्षण किया गया। इस अध्ययन का प्राथमिक उद्देश्य गर्भावस्था पीड़ा के उपचार में होम्योपैथी चिकित्सा की प्रभावकारिता का पता लगाना है। गर्भावस्था पीड़ा के उपचार में 7 होम्योपैथी औषधियों (असटिय रेसमोसा, बेलाडोना, कोलोफाईलम, जलसिमियम, नक्स वोमिका, पल्सैटिला और सिकेल कोर.) पर प्रकाश डाला गया।

2. **"तंत्रिका स्टेम सेल के बहुप्रसरण और पृथक्करण पर कुछ होम्योपैथिक औषधियों का अन्तःपात्र अध्ययन"**

परिषद् ने पश्चिम बंगाल तकनीकी विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के साथ एक अग्रणी अध्ययन "तंत्रिका स्टेम सेल के बहुप्रसरण और पृथक्करण पर कुछ होम्योपैथिक औषधियों का अन्तःपात्र अध्ययन (**मार्च 2012**)" किया गया। अध्ययन तंत्रिका स्टेम कोशिकाओं के बहुप्रसरण और पृथक्करण पर होम्योपैथिक दवाओं के प्रभाव और पोटेंटिकृत होम्योपैथिक औषधियों का अन्तःपात्र में तंत्रिका स्टेम कोशिकाओं पर संभावित असर और प्रभावकारिता के निर्धारण को प्रदर्शित करता है। अध्ययन तथ्य इस वजह से महत्व रखते है कि अगर होम्योपैथी औषधियों तंत्रिका स्टेम कोशिकाओं के पृथक्करण पर प्रभावी है तो ये विभिन्न मानसिक बीमारियां जैसे मोटर न्यूरॉन रोग, पार्किन्सनिज्म, अल्जाइमर और अन्य डिमेन्टिस आदि के उपचार में सहायक हो सकती है।

3. **"होम्योपैथिक औषधियों के सुरक्षा और प्रभावकारिता अध्ययनों" और "होम्योपैथिक औषधियों के प्रारंभिक भेषजगुण अध्ययन"**

चिकित्सीय सफलताओं के विभिन्न स्तरों पर कुछ होम्योपैथिक औषधियों जैसे बेलिस पेरिनिस, कुरकुमा लोंगा, राउवोलफिया सरपेनटाइन, रिसिनस कम्युनिस, ट्रिबुलस टिररेसट्रिस और ट्रमिनालिया अर्जुना का उपयोग होता रहा है, लेकिन पशु मॉडल पर उनका सुरक्षा प्रभावकारिता अध्ययन और भेषजगुण वैज्ञानिक कार्यों का अध्ययन शायद ही किया गया है। इस विचार को ध्यान मे रखते हुए और आगे का पता लगाने के लिए परिषद् ने "होम्योपैथिक औषधियों के सुरक्षा और प्रभावकारिता अध्ययनों" और "होम्योपैथिक औषधियों के प्रारंभिक भेषजगुण अध्ययन" नामक दो अध्ययनों को भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के औषध विभाग के साथ आरंभ किया। इन दो अध्ययन से बेलिस पेरिनिस, कुरकुमा लोंगा, राउलफिया सरपेनटाइन, रिसिनस कम्युनिस, ट्रिबुलस टररिसट्रिस, ट्रिरमिनालिया अर्जुना के मदर टिंचर के आक्षेपक, हृदय एवं रक्तवाहिकाओं की गतिविधि, विरोधी शोथयुक्त, एनाल्जेसिक और तीव्र एवं अर्धचिरकारी विषालुता आदि को प्रकट किया। यह उल्लेखित औषधियों और उनके नैदानिक उपयोगों के मानकीकरण में सहायता करेगा।

प्रकाशनः

1. **चिकित्सा विश्लेषक का प्रयोग करते हुए होम्योपैथी में वैज्ञानिक परीक्षणों पर एक अनवेक्षणात्मक अध्ययन। वैकल्पिक और सहायक चिकित्सा पत्रिकाः 2011;17(8): 705–710।**

हृदय स्पन्दन दर और रक्त प्रवाह की शारीरिक क्रिया विज्ञान विभिन्नता पर होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव जिसको की अन्यथा मापा नही जा सकता, के अवलोकन हेतु यह अध्ययन किया गया। यह अध्ययन चिकित्सा विश्लेषक प्रणाली (एमएएस) (इलेक्ट्रोनिक डिविजन, भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर, मुम्बई, भारत) का प्रयोग करते हुए स्वस्थ्य व्यक्तियों में चयनात्मक होम्योपैथिक औषधियों की स्वचालित प्रतिक्रिया का पता लगाने का एक प्रयास था। एकोनिटम नेपलस (6सी, 10एम), अरसेनिकम एलबम (200सी, 1एम), जेलसिमियम सेमपरवायरनस (200सी, 1एम), फासफोरस (200सी, 1एम), पुलसाटिला निगरिकेनस (200सी) और सल्फर (200सी, 1एम) बनाम प्लासिबो नियंत्रण का उपयोग कर चिकित्सा विश्लेषण प्रणाली की सहायता लेते हुए 77 व्यक्तियों की उपचार से पूर्व एवं उपचार के उपरांत हृदय स्पन्दन दर और रक्त प्रवाह को दर्ज किया गया। उपचार के उपरान्त विश्लेषण के लिए चोटियों के आयाम अर्थात कम आवृत्ति, मध्यम आवृत्ति और उच्च आवृत्ति को मापा गया। किसी भी वैध अधिकता या कमी में 100% वृद्धि या 50% कमी को महत्वपूर्ण परिवर्तन माना गया। यह देखा गया है कि एकोनाइटम नेपलस ने 30सी पोटेंसी में हृदय स्पन्दन दर परिवर्तनशीलता पर और 1एम पोटेंसी में रक्त प्रवाह परिवर्तनशीलता पर डाला। सल्फर 200सी और 1एम, जेलसिमियम 200सी और पलसाटिला 200सी ने हृदय दर परिवर्तनशीलता पर प्लासिबो के 16.6% प्रभाव की तुलना में 62.5 प्रतिशत प्रभाव डाला। जेलसिमियम, फासफोरस और सल्फर ने एक पोटेंसी में रक्त प्रवाह परिवर्तनशीलता पर प्रभाव डाला (चित्र 4) जो कि एकोनाइटम नेपलस 1एम के प्रभाव के समान था। इन आंकड़ो से पता चलता है कि स्वयनियंत्रणकारी तंत्रिका तंत्र के शारीरिक क्रिया विज्ञान मापदण्डों पर होम्योपैथिक औषधियों के प्रभावों को दर्ज करना संभव है।



चित्र–4: उपचार से पूर्व और पश्चात् (सल्फर 1एम) हृदय स्पंदन दर परिवर्तनशीलता और रक्त प्रवाह दर परिवर्तनशीलता का औसत विस्तार। हृदय स्पंदन दर परिवर्तनशीलता में 3 चोटी के आयाम में आधे तक कमी होती है जबकि रक्त प्रवाह दर भिन्नता में प्रथम चोटी आयाम में लगभग दुगनी वृद्धि होती है।

2. **"बेलाडोना 200" का सेवन करने वाली माताओं के नवजात चूहों का वायरूलेंट नाकयम स्ट्रेन जापानी मस्तिष्क शोथ विषाणु संक्रमण से बचाव। अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्मजीवविज्ञान अनुसंधान पत्रिका 2 (3): 252–257, 2011।**

बहुत से देशों में जापानी मस्तिष्क शोथ (जेई) का प्रसार अभी भी हो रहा है जो कि बहुत से लोगो की मृत्यु और विकलांगता से युक्त जीवन का कारण बन रहा है। इस रोग की कोई प्रभावकारी औषधि नहीं है और गरीब ग्रामीण जनसंख्या एवं अत्यधिक जनाधिक्य वाले महामारी संभावित क्षेत्र में टीकाकरण संभव नहीं है। अतः इस बीमारी का उपचार खोजने हेतु समस्त संभव उपायों को अपनाना समय की मांग है। यह अध्ययन नवजात चूहा मॉडल में जापानी मस्तिष्क शोथ पर बेलाडोना 200सी के बचावात्मक प्रभाव का पता लगाने हेतु लक्षित था। प्रयोगात्मक समूह में, माता चूहों का उपचार बेलाडोना 200सी से दो समूहों–प्रथम समूह का उपचार 7 दिनों के लिए और द्वितीय समूह का उपचार 14 दिनों के लिए किया गया। नियंत्रित समूह में माता चूहों का उपचार बेलाडोना 200सी से नही किया गया। प्रत्येक समूह के नवजात चूहों को मानक प्रोटोकॉल के अनुसार जापानी मस्तिष्क शोथ विषाणु से ग्रसित किया गया।

नियंत्रित समूह (संख्या = 96) जिसमें माताओं का उपचार औषधि से नही किया गया था, की औसत अस्तित्व दर 47.92 प्रतिशत, नवजात चूहों के प्रयोगात्मक समूह प्रथम (संख्या = 67) जिसमें माताओं का उपचार बेलाडोना 200सी से 7 दिनों के लिए किया गया, की औसत अस्तित्व दर 80.60 प्रतिशत और नवजात चूहों के प्रयोगात्मक समूह द्वितीय (संख्या = 53) जिसमें माताओं का उपचार औषधि से 14 दिनों के लिए किया गया, की औसत



एः नियंत्रित समूह **बीः** प्रयोगात्मक समूह जिसमें माता चूहों को बेलाडोना 200सी 7 दिनों तक दी गई। **सीः** प्रयोगात्मक समूह जिसमें माता चूहों को बेलाडोना 200सी 14 दिनों तक दी गई।

चित्र 5: जापानी मस्तिष्क शोथ वायरस के टीकाकरण के 30 दिन के उपरान्त जीवित नवजात चूहे

अस्तित्व दर 79.24 प्रतिशत थी। नियंत्रित समूह और प्रयोगात्मक समूहों के बीच में अन्तर अत्यधिक महत्वपूर्ण (पी मान <0.01) थे। यद्यपि दोनों प्रयोगात्मक समूहों में कोई महत्त्वपूर्ण अन्तर नही था। (चित्र वी ए, बी, सी)

3. **नेनोमेडिसिन के रूप में उदयीमान होम्योपैथी। इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ हाई डाइल्यूशन रिसर्च 2011: 10(37): 299–310।**

होम्योपैथिक औषधियाँ एक विशेष प्रक्रिया के द्वारा तैयार की जाती है जिसे पोटेंटीकरण कहा जाता है, जिसमें अवमिश्रण के प्रत्येक स्तर पर क्रमिक अवमिश्रणां पर शक्तिशाली प्रहार किये जाते है। होम्योपैथी विवादस्पद है क्योंकि अधिकतर औषधियों में संबंधित प्रारंभिक तत्वों का एक एकल अणु सम्मिलित नहीं होता है। इसलिए, होम्योपैथिक औषधियों की कार्य प्रणाली को स्पष्ट करने वाले एक संभव सूक्ष्म विज्ञान तंत्र की खोज करने हेतु यह अध्ययन किया गया। अत्यंत शुद्ध नमूनों को तैयार किया गया और स्कैनिंग (एसईएम) और संचरण इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (टीईएम) और ऊर्जा फैलाने वाला एक्स–रे विश्लेषण (ईडीएक्स) के अर्न्तगत इनका परीक्षण किया गया। सिलिकॉन हेतु ट्रेस तत्व परीक्षण (टीईए) किया गया। सिलिकॉन हेतु ट्रेस तत्व परीक्षण (टीईए) किया गया। होम्योपैथिक औषधियों ने 'कुछ नहीं' नहीं होने को प्रदर्शित किया, लेकिन सूक्ष्म कणों और उनके सह–सगंठनों को प्रदर्शित किया, जो क्रिस्टलीय प्रकृति के थे और सिलिकॉन से पूर्ण थे। पोटेंटीकरण में शक्तिशाली प्रहारों के दौरान, क्रमिक रूप से अवमिश्रित मूल पदार्थ से प्राप्त जानकारी परिणामतः होम्योपैथिक औषधियों मे मौजूद सिलिकॉन वाले क्रिस्टलीय सूक्ष्म कणों पर एपिटेक्सी द्वारा इन्क्रिप्टेड़ हो सकते है। सूक्ष्म कणों पर इन्क्रिप्टेड सूचना का 'आकार' अवमिश्रण की मात्रा के आधार पर भिन्न हो सकती है। जैसा की होम्योपैथिक औषधियाँ राहतकारी प्रभाव प्रदर्शित करती है, ये सूक्ष्म कण अपनी स्तह पर उक्त तलों के बीच जल द्वारा भी सूचना को ले जा सकता है, जिसको की जैविक व्यवस्था के अर्न्तगत पहचाना व लक्षित किया जा सकता है। जैसा कि सिलिका के विभिन्न रूपों को प्रोटीनों और प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाओं से संबंधित माना जाता है, इसमें होम्योपैथी एक सूक्ष्म चिकित्सा पद्धति प्रदर्शित कर सकती है। आगे की संभव पुष्टि हेतु सामग्री और उक्ततलों के बीच के जल के अनुसंधान की आवश्यकता है।

7

प्राकार-बाह्य अनुसंधान

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् आयुष विभाग को प्राकार बाह्य अनुसंधान योजना के अन्तर्गत होम्योपैथी से संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं का समन्वय कर रही है।

नये प्रस्तावों और 2 अनुवर्तन प्रस्तावों को चुनने के लिए 5 अप्रैल 2011 को आंतरिक छँटाई समिति की बैठक हुई। प्रस्तावों को संशोधनों के लिए पुनः मुख्य अनुसंधाताओं के पास भेज दिया गया। संयुक्त सचिव, आयुष विभाग की अध्यक्षता में 22 सितम्बर, 2011 को परियोजना मूल्यांकन समिति की एक बैठक आयोजित हुई। परियोजना मूल्यांकन समिति की सिफारिशों के आधार पर 4 अनुवर्तन प्रस्तावों और 3 पूर्ण अध्ययनों योजना के अन्तर्गत अनुदान की सहमति दी गई। आंतरिक छँटाई समिति द्वारा छाँटें गये तीन नये प्रस्तावों में से एक नये अध्ययन का अनुमोदन परियोजना मूल्यांकन समिति द्वारा भी किया गया। आंतरिक छँटाई समिति की एक अन्य बैठक 22 दिसम्बर, 2011 को हुई जिसमें 4 नये प्रस्तावों और 1 नये प्रस्ताव को छाँटा गया।

वर्ष के दौरान निम्न अध्ययन आरंभ किये गये:–

1. पादप आधारित जैव आमापन को एक प्रतिरूप के रूप में उपयोग करते हुए विभिन्न तिथियों को तैयार की गई पोटेंटिकृत होम्योपैथी औषधियों के प्रभाव–मिनरल्स एवं मेटिरियल्स तकनीकी संस्थान, सीएस आई आर, भुवनेश्वर।
2. एलोक्सोन प्रेरित मधुमेह ग्रस्त चूहों में एलोक्सोन के उच्च आण्विक अवमिश्रणों के प्रतिमधुमेह कारक प्रभावों के प्रकार एवं उनकी प्रणाली की पहचान–प्रयोगात्मक औषधि एवं जैव तकनीकी विभाग, पी जी आई एम इ आर, चंड़ीगढ़।

प्राकार बाह्य अनुसंधान समीक्षा समिति

पूर्ण किये गये अध्ययन

क्र.सं.	संगठन एवं प्रमुख अनुसंधाता का नाम	परियोजना का नाम	अध्ययन की अवधि
1	जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा संस्थान, पुदुचेरी **डा. वी.एस. नेगी**	रूमेटाइड संधि शोथ का होम्योपैथी औषधियों द्वारा उपचार में इम्यूनोलोजिकल अध्ययन	3 वर्ष
2	जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा संस्थान, पुदुचेरी **डा. वी.एस. नेगी**	रूमेटाइड सन्धिरोग में होम्योपैथी औषधियों द्वारा साइटोकाइन प्रोफाईल का नियंत्रणः अन्तः पात्र (इन विट्रो) अध्ययन	2 वर्ष

चल रहे अध्ययनः

क्र.सं.	संगठन एवं मुख्य अनुसंधाता का नाम	परियोजना का शीर्षक
1	डा. ए.सी. होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, भुवनेश्वर, ओडिशा डा. एल.के. नन्दा	रेट मॉडल्स में उत्पन्न उच्च रक्त दाब पर जैव रासायनिक और आण्विक आधार पर रॉवूल्फिया सर्पेन्टाइन की प्रभावशीलता का इसके मूल (क्यू) और पोटेंटिकृत (6सी और 30सी) रूप में प्रभावकारिता का मूल्यांकन।
2	आंध्रप्रदेश होम्योपैथी एसोसिएशन मल्टी–स्पेशियलिटी क्लिनिक, हैदराबाद डा. डी.जी. मोहन	होम्योपैथी उपागम द्वारा हैदराबाद की नगरीय आबादी में अवसाद जनित विकारों का अध्ययन।
3	बंगाल अभियांत्रिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल आचार्य सी.आर. महाता	पोटेंटिकृत होम्योपैथी औषधियों का वर्ण क्रमीय मानकीकरण।
4	पूर्ति प्रिया मेमोरियल, श्री राम चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान केन्द्र, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश डा. पूर्णिमा शुक्ला	स्तन की सुसाध्य नियोप्लास्टिक विक्षति का होम्योपैथी द्वारा अध्ययन।
5	मिनरल्स एवं मैटीरियल्स तकनिकी संस्थान, सी एस आई आर, भुवनेश्वर डा. एन के ढाल	पदप आधारित जैव आमापन को एक प्रतिरूप का प्रयोग करते हुए पोटेंटिकृत होम्योपैथी औषधियों का अध्ययन।
6	स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंड़ीगढ डा. दिव्यज्योति बनर्जी	एलोक्सोन प्रेरित मधुमेह ग्रस्त चूहों में एलोक्सोन के उच्च आण्विक अवमिश्रणों के प्रतिमधुमेह कारक प्रभावों के प्रकार एवं उनकी प्रणाली की पहचान।

प्रकाशनः

क्र.सं.	प्रकाशन	सार
1	अनाक्सीकृत गतिविधियों की जाँच हेतु होम्योपैथी औषधियों का अन्तः पात्र अध्ययन भारतीय औषधिया, 2011:48 (12) : 45–47	प्रस्तुत अन्तः पात्र अध्ययन में 5 होम्योपैथी औषधियों एसिड फोस, इगनाटिया अमरा, नक्स वोमिका, फॉस्फोरस और जिंकम मेटालिकम का चार विभिन्न पोटेंसियों में उनके एन्टीऑक्सीडेंट का कार्यकलाप उनकी पावर आमापन कम करते हुए मूल्यांकन किया गया। नक्स वोमिका (30सी) सर्वाधिक प्रभावकारी रही। सामान्य रूप से 5 चयनित औषधियों में से 4 औषधियों ने निम्न पोटेंसी (30सी) कम करने की क्षमता का सर्वाधिक प्रदर्शन किया।
2	"डिम्बपुटी (ओवेरियन सिस्ट) में होम्योपैथी औषधि की प्रभावकारिता का साक्ष्य आधारित अध्ययन" भारतीय होम्योपैथी अनुसंधान पत्रिका 2011; 5(1): 36–42	**पृष्ठ भूमि एवं उद्देश्यः** मरीज जो कि चिरकालिक डिम्ब पुटी से 6 महिनों से अधिक समय से पीडित है और जिन पर हार्मोन चिकित्सा का कोई प्रभाव नही पड रहा है, उनको शल्य चिकित्सा द्वारा उपचार की आवश्यकता होती है। अविवाहित और संतान रहित महिलाओं का शल्य क्रिया अधिकतर नहीं की जाती है क्यों कि उनमें भविष्य में प्रजनन अंगों का अत्यधिक महत्त्व होता है। कुछ ऐसे मामले है जिनमें होम्योपैथी चिकित्सकों ने डिम्ब पुटी का होम्योपैथी चिकित्सा द्वारा उपचार के दावे किये है। ऐसे दावों को ना तो वैज्ञानिक रूप से दस्तावेजिकृत किया गया और ना ही उन्हें प्रकाशित किया गया। ऐसे कतिपय दावों को वैज्ञानिक समर्थन प्रदान करने के लिए डिम्ब पुटी के मरीजों के उपचार में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए एक नैदानिक परीक्षण किया गया।

क्र.सं.	प्रकाशन	सार
		पद्धतिः अध्ययन मापदण्डों के आधार डिम्ब पुटी से पीड़ित 73 मरीजों का नामांकन किया गया, जिनमें 48 मरीजों ने प्रोटोकोल के अनुसार अध्ययन पूरा किया। होम्योपैथी के सिद्धांतो के आधार पर चयनित औषधियां मरीजों को दी गई डिम्ब पुटी के आकार में परिवर्तनों को उपचार के एक वर्ष से पहले और बाद की अल्टासोनोग्राफी रिपोर्टों और हार्मोन परीक्षणों के आधार पर मूल्यांकित किया गया। परिणाम : उपचार से पहले व बाद की सोनोग्राफी रिपोर्टो की तुलना करने पर डिम्ब पुटी के आकार के माध्यम में रूप से महत्त्वपूर्ण (मान <0.05) परिवर्तन देखा गया। 8 (16.67%) मरीजों में पुटी पूर्ण रूप से वियोजित (समाप्त) हो गया। 10 (20.83%) मरीजों में पुटी के आकार में कमी हुई, 21 (43.75%) मरीज स्थिर रहे जबकि 9 (18.75%) मरीजों की हालत नहीं सुधरी। सर्वाधिक उपयोगी पाई गयी औषधियां नेट्रम म्युराटिकम (सं.=7), पल्साटिला (सं.=3), सेपिया (सं.=3), कलकेरिया कार्बोनिकम (सं.=2) थी। **निष्कर्षः** इस अध्ययन से प्राप्त आरंभिक परिणाम उत्साहजनक है। यह अध्ययन डिम्ब पुटी के उपचार में होम्योपैथी चिकित्सा की सकारात्मक भूमिका को दर्शाता है। आगे वैधीकरण हेतु इस अध्ययन को बडे आकार में यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण द्वारा किया जाना चाहिए। **मूल शब्दः** होम्योपैथी, प्रेक्षणात्मक अध्ययन डिम्ब पुटी, नेट्रम म्युराटिकम, पल्साटिला, सेपिया
3	"पी सी 12 कोशिकाओं पर बैलिस पेरेनिस और हाइपेरिकम परफोरेटम का तंत्रिका रक्षात्मक प्रभाव" भारतीय होम्योपैथी अनुसंधान पत्रिका 2011; 8(3) 27–35	तंत्रिकाओं के कार्यकलापों के अध्ययन के लिए चूहा फियोक्रोमोसिटोमा (पी सी 12) कोशिका रेखा को बहुतायत से आदर्श रूप में स्वीकार किया जाता है। तंत्रिका वृद्धि कारक (एन एफ जी) के अतिरिक्त इन कोशिकाओं में पृथ्करण एसिटीचोलाइनस्टरेज गतिविधि वृद्धि और न्यूराइट जैसी प्रक्रिया में विस्तार होता है। तंत्रिका अवसाद विकार के रोगमूलक में उपचयन स्पष्ट नहीं होता है और इस अध्ययन का उद्देश्य स्वस्थ तंत्रिका कोशिकाओं पर बेलिस पेरेनिस (वी इ) और हाइपेरिकम परफोरेटम (एच वाय) (6सी और 30सी) के प्रभावों का मूल्यांकन करना है। दोनों होम्योपैथी औषधियों अपनी तीन विभिन्न पोटेंसियों 2, 4 और 8 एन जी एफ से पृथक पी सी 12 कोशिकाओं पर अध्ययन किया गया। कोशिकाओं की जीवन क्षमता एम टी टी (3–{4,5 डीमेथिलथाइजोल–2–वाय एल}–2,5, डिफिनाइल टेराजोलियम ब्रोमाइड) और एनआरयू (न्यूटरल रेड अपटेक) से जाँची गई। ऑक्सीडेटिव क्षति के परीक्षण और होम्योपैथी औषधियों के सेवन के बाद थियोबारबिटरिक एसिड प्रतिक्रिया प्रजातियाँ (टी बी ए आर एस), ग्लूटेथाइन स्तर, ग्लेटेथाइन पराक्साइडेस की गतिविधि, ग्लेटेथाइन रेडुक्टेस (जी आर), एसिटीलकोलाइन एस्टरेस, ए टी पी फेस और मोनोमाइन ऑक्सीडेस का विश्लेषण किया गया। इन परिणामों की तुलना सकारात्मक परिणामों (9 प्रतिशत एल्कोहल) से की गयी। औषधियों द्वारा उपचारित समूह में एल पी ओ संघटक में महत्त्वपूर्ण रूप से कमी हुई जबकि एच सकारात्मक समूह में जी एस एच का स्तर महत्त्वपूर्ण रूप से अधिक हुआ। सकारात्मक

क्र.सं.	प्रकाशन	सार
		निंयत्रित समूह की तुलना में औषधि द्वारा उपचारित समूह ये अन्य सभी एन्जाइमों की गतिविधि पुनः संचालित हुई। संक्षेप में, इन औषधियों का पृथ्थकृत पी सी 12 कोशिकाओं पर बचावात्मक प्रभाव पड़ता है। **मूलशब्दः** होम्योपैथी औषधियों पी सी 12 कोशिका; एन एफ जी, ऑक्सीडेटिव अवसाद

निरीक्षणः

क्र.सं.	अनुसंधान स्थल	विशेषज्ञ
1	"होम्योपैथी औषधियों से उपचारित रूमेटाइड गठिया में रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता अध्ययन" और "रूमेटाइड गठिया में होम्योपैथी औषधियों द्वारा साइटोकाईन प्राफाईल का नियंत्रण" जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुचेरी 27 जुलाई 2011	1. डा. वी.के. गुप्ता,सदस्य, वै.प.स., के.हो.अ.प. 2. डा. पी. सचदानन्दम, विभागाध्यक्ष, जैव–रसायन विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय 3. डा. अनिल खुराना, सहायक निदेशक (होम्यो.) के.हो.अ.प. मुख्यालय, नई दिल्ली
2	"सुसाध्य नियोप्लास्टिक स्तन घावों का होम्योपैथी उपचार–एक साक्ष्य आधारित अध्ययन पूर्तिप्रिया मेमोरियल, श्री राम मेडिकल एवं होम्यो. अनुसंधान केन्द्र, गोरखपुर, उ.प्र. 19 मार्च, 2012"	1. डा. वी.के. गुप्ता, सदस्य, वै.प.स. के.हो.अ.प. 2. डा. गिरीश गुप्ता, लखनऊ सदस्य, औषध प्रमाणन उप समिति; के.हो.अ.प., नई दिल्ली 3. डा. निलिमा सिंह, एम डी. (ओ एवं जी) लखनऊ 4. डा. अनिल खुराना, सहायक निदेशक (होम्यो.), के.हो.अ.प. मुख्यालय, नई दिल्ली
3	"पोटेंटिक त होम्योपैथी औषधियों का स्पेकट्रल मानकीकरण बंगाल अभियांत्रिकी एवं विज्ञान पश्चिम बंगाल 7 सितम्बर 2011"	1. डा. आलोक कुमार, प्रभारी महानिदेशक, के.हो.अ.प., नई दिल्ली 2. डा. अनिल खुराना, सहायक निदेशक (होम्यो.) के.हो.अ.प. मुख्यालय, नई दिल्ली

8
लैंगिक मुद्दे

परिषद् द्वारा किये गये अधिकांश अनुसंधान अध्ययनों में पुरूषों और महिलाओं के बीच भेदभाव नहीं किया गया है। केवल जेंडर विशिष्ट नैदानिक अनुसंधान अध्ययन है। उनमें से एक पुरूषों में 'सुसाध्य प्रोस्टेट अतिवृद्धि' और दो महिलाओं में रजोनिवृत्ति और स्तन कैंसर के दुष्प्रभाव' अन्य सभी नैदानिक अनुसंधानों और औषध प्रमाणन अध्ययनों में लिंग विभाजन यादृच्छिक है।

परिषद् ने आयुष विभाग के निर्देशों के अनुसार, लिंग विशिष्ट मुददों के अनुवीक्षण के लिए एक जेंडर बजटिंग सेल भी गठित किया है।

परिषद् 2007 में माता एवं शिशु रक्षा हेतु होम्योपैथी की शुरूआत होने के बाद वर्ष 2009–10 से अपने विभिन्न संस्थानों/इकाईयों के माध्यम माता एवं शिशु स्वास्थ्य निदानगृह और समुदाय जागरूकता शिविरों को आयोजन कर रही है।

निम्नलिखित सारणी परिषद् के संस्थानों/इकाईयों के बाह्य रोगी विभाग में मरीजों की कुल उपस्थिति, बाह्य रोगी विभाग में महिलाओं के प्रतिशत और परिषद् के अनुसंधान क्षेत्रों में उनकी तुलनात्मक प्रतिभागिता को दर्शाती है।

क्रियाकलाप	कुल	महिलाएं	महिलाओं का प्रतिशत
सामान्य बाह्य रोगी विभाग में उपस्थिति	453019	262296	57.90%
नैदानिक अध्ययन में नामांकित मरीज	3679	1894	51.48%
माता एवं शिशु स्वा. निदानगृह एवं समुदाय जागरूकता शिविर	57201	17142	29.97%
योग	**513899**	**281332**	**54.74%**



प्रकाशन एवं पुस्तकालय

9
प्रकाशन

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् के वैज्ञानिकों द्वारा किये गये अनुसंधानों को भारतीय होम्योपैथी अनुसंधान पत्रिका सी सी आर एच समाचार पत्रिका और पुस्तकों में प्रकाशित किया। परिषद् ने होम्योपैथी से जुडे विषयों और परिषद् के वैज्ञानिकों द्वारा किये गये अनुसंधानों के साथ–साथ होम्योपैथी को लोकप्रिय बनाने हेतु होम्योपैथी व्यवसाय विदों के लिए सूचनात्मक परचों का प्रकाशन भी करवाया। इस प्रतिवेदित वर्ष के दौरान परिषद् के प्रकाशन निम्न है:–

1. **भारतीय होम्योपैथी अनुसंधान पत्रिका**

क) खंड 5 संख्या 1 की विषयवस्तु

- उच्च अवमिश्रणों की उपस्थिति में जल में बढ़ी हुई सुपर कॉन्टीनम जेनरेशन्स
- अमूरा होहिटुका : एक बहुकेन्द्रिक डबल ब्लांइड होम्योपैथी रोगमूलक परीक्षण
- एमी विसनागा एल फ्रूट का मानकीकरण–एक होम्योपैथी औषधि
- क्रकुमा लोंगा– एक बहुकेंद्रिक नैदानिक सत्यापन अध्ययन
- जठरांत्र शोथ के उपचार में पूर्व चिन्हित होम्योपैथी औषधियों के एक समूह के साथ होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की भूमिका का मूल्यांकन करने हेतु एक अग्रदर्शी बहुकेंद्रिक प्रेक्षणात्मक अध्ययन
- डिम्ब पुटी के उपचार में होम्योपैथी औषधियों की प्रभावकारिता पर साक्ष्य आधारित नैदानिक अध्ययन।

ख) खंड 5 संख्या 2 की विषय वस्तु

- केडमियम क्लोराइड के उच्च सांद्रण से प्रभावित एल एल सी–पी के 1 कोशिका पर इसी धातु के उच्च अवमिश्रण की तथाकथित रक्षात्मक भूमिका: अंत: पात्र आमापन में एक सदृश्य चिकित्सा
- एन्ड्रोग्राफिस पेनिकुलेटा – एक बहुकेन्द्रिक, यादृच्छिक, डबल ब्लांइड
- होम्योपैथी औषधि एक्वीलेजिया वलगेरिस एल का मानकीकरण
- केसिया फिस्टुला – एक बहुकेंद्रिक नैदानिक सत्यापन अध्ययन
- मूत्राश्यता के उपचार मे होम्योपैथी चिकित्सा की भूमिका के मूल्यांकन हेतु एक बहुकेंद्रिक प्रेक्षणात्मक अध्ययन
- कोलॉयडल पर्ववत् घेंघा का एक रोग मामला

ग) खंड 5 संख्या 3 की विषय वस्तु

- एल्युमिनियम के विषकारी स्तरों के प्रति काहु बीजों का अंकुरण और विगोर जिनके ऊपर होम्योपैथी औषधियों एलुमिना और कलकेरिया कार्बोनिका का लेप हो।
- एस्क्लेपियास कर्रासविका– एक बहुकेंद्रिक, यादृच्छिक डबल ब्लांइड होम्योपैथी रोगमूलक परीक्षण।
- होम्योपैथी औषधि का मानकीकरण सिजिगियम जम्बोस (एल.) अलस्टोन

- चिरकालिक श्वसनी शोथ के उपचार में होम्योपैथी औषधियों के एक समूह की उपयोगिता के मूल्यांकन हेतु एक अग्रदर्शी बहुकेंद्रिक प्रेक्षणात्मक अध्ययन।
- पी सी 12 कोशिकाओं पर बेलिस पेरेनिस और हाइपरिकम पर्फोरेटम का तंत्रिका रक्षात्मक प्रभाव
- अल्फाल्फा–एक बहुकेंद्रिक नैदानिक सत्यापन अध्ययन
- नैदानिक सत्यापन द्वारा होम्योपैथी औषधियों का अध्ययन – एक नवीन परिप्रेक्ष्य (खंड–1 व 2)

2. सीसीआरएच समाचार; अंक संख्या 58, 59, 60, 61 (प्रेस में)
3. वार्षिक प्रतिवेदन (2010–11)
4. परचें / कर पत्रक

सामान्य जनता को विभिन्न रोग अवस्थाओं और उनके उपचार एवं रोगों से बचाव में होम्योपैथी चिकित्सा की भूमिका में जानकारी देने के लिए परिषद् परचों / कर पत्रकों का प्रकाशन करती है। स्वास्थ्य मेलों एवं प्रदर्शनियों में इन परचों / कर पत्रकों को सामान्य जन में बांटा जाता है। प्रतिवेदित वर्ष के दौरान तीन अंग्रेजी परचों / कर पत्रकों का हिन्दी में अनुवाद किया गया।

ये निम्न है–

- डेंगू : अपराधी (मच्छर) आपके पडोस में पनप रहा है।
- होम्योपैथी के संग चोट में भी मुस्कान
- मलेरिया : अपराधी (मच्छर) आपके नजदीक हो सकता है।

5. मूल्याधारित प्रकाशनों का एक सूचीपत्र प्रकाशित किया गया और होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालयों को इसका प्रेशण किया गया।

पुस्तकालय

पुस्तकें



– प्राप्ति क्रमांक दिये गये शीर्षकों की संख्या	– 156
– विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रकाशन	– 035
– अनुपूरक के रूप में प्राप्त पुस्तकों की संख्या	– 011
– अधिप्राप्त पुस्तकों की संख्या	– 110
दिनांक 31.03.2012 को यथास्थिति कुल पुस्तकें	– 10449

वार्षिक प्रतिवेदन 2011-2012 केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्

पत्रिकाएं

पूर्वक्रीत पत्रिकाओं की संख्या

- विदेशी — 25
- भारतीय — 03
- वि.स्वा.स.की पत्रिकाएं — 13

प्रलेखन — 06

सूचना संबंधी सेवाएं

- रेप्रोग्राफिक सेवा उपलब्ध कराना
- संदर्भ संबंधी सेवा उपलब्ध कराना
- डाक/दूरभाष के माध्यम से प्राप्त प्रच्छाओं का उत्तर देना
- पाठकों को अपेक्षित सूचना समय पर उपलब्ध कराने में सहायता करना।

संदर्भिका संबंधी सेवाएँ

- सामयिक स्वास्थ्य साहित्य जागरूकता सेवाएँ — 04
- मेडिको अब्सट्रेक्टस (समय–समय पर नवीनीकृत)

वेबसाइट — 08

- जब कभी आवश्यक हो परिषद् की वेबसाइट को अद्यतन बनाना।

विविध कार्यकलाप

मातृ एवं शिशु सुरक्षा के लिए होम्योपैथी राष्ट्रीय अभियान

आयुष विभाग ने जन स्वास्थ्य हेतु होम्योपैथी को प्रचारित और प्रोत्साहित करने के लिए नवम्बर, 2007 में माता एवं शिशु सुरक्षा के लिए होम्योपैथी पर राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत निम्न उद्देश्यों के लिए की:

- माता एवं शिशु सुरक्षा के लिए होम्योपैथी की भूमिका से नीति निर्माताओं, कार्यक्रम मूल्यांकन कर्ताओं, विचारकों, होम्योपैथी एवं एलोपैथी के साथ अन्य चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सकों और गैर सरकारी संगठनों को अवगत करना।
- माता एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा में होम्योपैथी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढाने एवं चिकित्सा शास्त्र की विभिन्न धाराओं के चिकित्सकों होम्योपैथिक, एलोपैथिक एवं अन्य के बीच समन्वय के बेहतर मार्ग प्रशस्तीकरण हेतु।

अभियान के प्रथम स्तर में नवम्बर, 2007 में नई दिल्ली में 'स्वस्थ माता और खुशहाल शिशु' हेतु होम्योपैथी पर **राष्ट्रीय कार्यशाला** का आयोजन किया गया। यह अभियान होम्योपैथी के प्रसार एवं उसके लाभों के प्रचार और होम्योपैथिक चिकित्सकों के कौशलों में वृद्धि हेतु राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का एक आंरभ मात्र था। आयुष विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार समुदाय जागरूकता शिविर और मात्र एवं शिशु स्वास्थ्य निदानगृहों के आयोजन हेतु होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालयों को भी आंमत्रित किया गया।

उक्त कार्यों के द्वारा वर्ष 2011–12 में जमीनी स्तर पर एक बहुत बड़े जन समूह को होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करायी गई। चूंकि मार्च 2012 में यह अभियान समाप्त हो गया है अतः अब कोई भी समुदाय जागरूकता शिविर आयोजित नहीं किया जायेगा। यद्यपि लोगों में अत्यधिक लोकप्रियता और पूर्व स्थापित आधारभूत सुविधाओं के कारण परिषद् अपने विभिन्न केन्द्रों पर माता एवं शिशु स्वास्थ्य निदानगृहों की व्यवस्था करती रहेगी।

समुदाय जागरूकता शिविर

समुदाय जागरूकता शिविरों के आयोजन हेतु 57 होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालयों और परिषद् के 26 अनुसंधान केन्द्रों को धनराशि स्वीकृत की गई। यह शिविर राष्ट्रीय अभियान का एक बहुत महत्त्वपूर्ण भाग है जिसमें माता एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल में होम्योपैथी की भूमिका के बारे में जागरूकता उत्पन्न की जाती है। शिविरों का आयोजन दूरस्थ ग्रामीण स्थानों पर किया जाता है ताकि आवश्यकता वाले लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। समुदाय जागरूकता शिविरों के माध्यम से प्राप्त उपलब्धियां नीचे तालिका में उपलब्ध है।

क्र.सं.	विवरण	कुल शिविरों की संख्या	कुल लाभांवित मरीजों की संख्या
1	होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालयों द्वारा आयोजित समुदाय जागरूकता शिविर	300	36,530
2	परिषद् की इकाईयों/संस्थानों द्वारा आयोजित समुदाय जागरूकता शिविर	235	28,450

माता एवं शिशु स्वास्थ्य बाह्य रोगी विभाग

अभियान के दौरान 96 होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालयों और परिषद् के 26 अनुसंधान केन्द्रों ने माता एवं

शिशु स्वास्थ्य बाह्य रोगी विभाग का आयोजन किया जिसमें बहुत बडी संख्या में मरीज लाभांवित हुए और जिन्होंने माता एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की भूमिका को जाना। निदानगृहों में उपचार करवाने वाले मरीजों के आंकड़े नीचे तालिका में प्रस्तुत है।

माता एवं शिशु निदान गृह	परिषद् के अधीनस्थ संस्थानों/इकाईयाँ	होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय
निदानगृहों की संख्या	26	30
जाँचे गये मरीज		
प्रसूति	11,110	7,012
बाल रोग	25,620	11,310
कुल	**36,730**	**18,322**

प्रतिपुष्टि प्रारूप

राष्ट्रीय अभियान मार्च 2012 में पूर्ण हुआ। इस अभियान की महत्त्वपूर्ण गतिविधियों और उपलब्धियों को दर्शानें वाली एक विस्तरित रिपोर्ट परिषद् द्वारा तैयार की जा रही है। इस उद्देश्य हेतु परिषद् द्वारा अभियान पर विचारों को जानने हेतु एक प्रतिपुष्टि प्रारूप तैयार किया गया और अभियान में सम्मिलित समस्त होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालयों, परिषद् के अनुसंधान संस्थानों/इकाईयों एवं राज्य आयुष निदेशालयों को प्रेषित किया गया।

समिति की बैठकें

क्र.सं.	बैठक	स्थान	दिनांक
1.	शासी निकाय की 16वीं बैठक	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली	28 अक्तूबर, 2011
2.	**वैज्ञानिक परामर्श समितिः**		
	• वैज्ञानिक परामर्श समिति की 50वीं बैठक	परिषद् मुख्यालय	30 जून, 2011
	• वैज्ञानिक परामर्श समिति की 51वीं बैठक		23 मार्च, 2012

वैज्ञानिक परामर्श समिति की बैठक

3.	**स्थायी वित्त समितिः**		
	• स्थायी वित्त समिति की 55वीं बैठक	आयुष विभाग	21 अक्तूबर, 2011
	• स्थायी वित्त समिति की 56वीं बैठक		09 दिसम्बर, 2011
	• स्थायी वित्त समिति की 57वीं बैठक		9 मार्च, 2012
4.	**नैतिक समितिः**		
	• नैतिक समिति की 13वीं बैठक	परिषद् मुख्यालय	07 जून, 2011
	• नैतिक समिति की 14वीं बैठक		28 जून, 2011
	• नैतिक समिति की 15वीं बैठक		28 फरवरी, 2012

परिषद् में नैतिक समिति की बैठक

क्र.सं.	बैठक	स्थान	दिनांक
5.	**विविध तकनीकी बैठकें:**		
	• 2011–2012 में आरसीटी अध्ययन को शुरू करने, गंभीर वायुविकारशोथ के नमूना आकार को अंतिम रूप देने के लिए बैठक	परिषद् मुख्यालय	9 मई, 2011
	• हिन्दी कार्यशाला में व्याख्यान अनुवीक्षण	केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) कोट्टायम	17 से 20 मई, 2011
	• 2011–2012 में आरसीटी अध्ययन को शुरू करने, गंभीर वायुविकारशोथ पर प्रोटोकॉल का प्रशिक्षिण एवं अन्तिम रूप देने के लिए समन्वयकों के साथ बैठक	परिषद् मुख्यालय	18 और 19 मई, 2011
	• 2011–2012 में आरसीटी अध्ययन को शुरू करने, सुसाध्य प्रॉस्टेट अतिवृद्धि पर प्रोटोकॉल का प्रशिक्षिण एवं अन्तिम रूप देने के लिए विशेषज्ञों के साथ बैठक	परिषद् मुख्यालय	23 और 24 मई, 2011
	• 2011–2012 में आरसीटी अध्ययन को शुरू करने, खडित मनस्कता पर प्रोटोकॉल का प्रशिक्षिण एवं अन्तिम रूप देने के लिए विशेषज्ञों के साथ बैठक	परिषद् मुख्यालय	30 और 31 मई, 2011
	• संक्रामी कामला पर आरसीटी के प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देने के लिए बैठक	परिषद् मुख्यालय	20 जून, 2011
	• परिषद् की अन्तर भित्ति अनुसंधान निति पर बैठक	परिषद् मुख्यालय	23 जून, 2011
	• एकीकृत अस्पताल प्रबंधन प्रणाली के लिए मॉड्यूल कार्य पर बैठक	परिषद् मुख्यालय	18 और 19 जुलाई, 2011
	• परिषद् की 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए तकनीकी अधिकारियों की बैठक	परिषद् मुख्यालय	9 अगस्त, 2011
	• आरसीटी पर अध्ययन के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुवाहाटी, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), जयपुर, न्यू शिमला और केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा से क्लीनिसिस्ट (एस)/ डिस्पेंसर (एस) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	परिषद् मुख्यालय	18 और 19 अगस्त, 2011
	• मलेशियन प्रतिनिधी श्री एस. सेवनथिननथन, प्राचार्य सहायक निदेशक, टीसीएम विभाग, मलेशिया के साथ बैठक	केन्द्रीय आयुर्वेदिक एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद्	26 अगस्त, 2011
	• एई–पीसीओएस बैठक	अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली	29 से 30 अगस्त, 2011
	• नैदानिक परीक्षण रजिस्ट्री की आचार समिति के सदस्यों के लिए कार्यशाला	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली	26 सितम्बर, 2011

क्र.सं.	बैठक	स्थान	दिनांक
	• होम्योपैथी औषध अनुसंधान संस्थान लखनऊ के विस्तार केन्द्र की स्थापना हेतु आरंभिक तैयारियों के लिए गोरखपुर में बैठक	गोरखपुर	16 से 18 दिसम्बर, 2011
	• मूत्राश्मता (यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण) के एलोपैथिक भाग पर प्रोटोकॉल पर विचार–विमर्श हेतु केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा में बैठक	केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नोएडा	4 जनवरी, 2012
	• सुसाध्य प्रोस्टेट अतिवृद्धि लेप्टोस्पाइरोसिस, चिकिनगुनियां और मधुमेह दूरस्थ प्रतिसम बहुतंत्रिका रोग शोध पत्र का पुनः विश्लेषण हेतु डा. सी.एम. पाण्ड़े के साथ बैठक	परिषद् मुख्यालय	27 से 28 जनवरी, 2012
	• प्राकार आंतरिक अनुसंधान नीति के मुद्दे पर बैठक	परिषद् मुख्यालय	17 फरवरी, 2012

होम्योपैथिक भेषजकोश समिति

भारतीय होम्योपैथी भेषजकोश तैयार करने हेतु वर्ष 1962 में होम्योपैथी भेषजकोश समिति का गठन किया गया। अब तक भारतीय होम्योपैथी भेषजकोश के 9 खण्ड व एक होम्योपैथिक फार्मास्युटिकल कोडेक्स का प्रकाशन किया जा चुका है। भेषजकोश हेतु कार्य योजना के अनुसार होम्योपैथी भेषजकोश समिति ने 250 नई औषधियों पर विनिबंधों की सिफारिश की गई जिनमें से वर्ष 2011–12 में 45 (होम्योपैथी भेषजकोश प्रयोगशाला, गाजियाबाद के द्वारा 35 और परिषद् द्वारा 10) औषधियों पर तैयार किये गये।

होम्योपैथी भेषजकोश समिति द्वारा निम्न 45 विनिबंधों का अनुमोदन किया गया।

क्र.सं.	औषधियों के नाम
1.	सिटरस डेकुमिना
2.	यूफ़ोरबिया हापरिसिफोलिया
3.	ऑरिगेनम मजोराना
4.	वनिला पलानिफोलिया
5.	एकोनिटम रेडिक्स
6.	एकोरस केलामस
7.	अरनिका रेडिक्स
8.	आजादीरक्ता इंडिका
9.	बोटुलिनम
10.	बक्सस सेमपरवायरनस
11.	फ्रेगारिया वेस्का
12.	रहुस गल्बरा
13.	रोसमारिनस ऑफिसिनालिस
14.	सिटरस लिमोनम
15.	यूजिनिया जम्बोरस
16.	विटेक्स ट्रिफोलिया
17.	राइटिया टिंक्टोरिया
18.	एग्रिमोनिया इयूपाटोरिया फलोस
19.	केन्डीडा एलबिकेन्स
20.	कसिया फिसटुला
21.	कोफिया टोसटा
22.	कनवोलवुलस अरविन्सिस
23.	सपारटियम स्कोपरियूम
24.	यूफोरबिया पिलुलिफेरा
25.	जरानियम रोर्बटियानम
26.	रोसा डमोसिना
27.	एक्यूलिगा वलगैरिस
28.	एनथुरम मुरियाटिकेटस
29.	एनेथरासिनम
30.	टेट्नोटोक्सिनम
31.	कराया एलबा
32.	सिरिस सरपेनटाइनस
33.	कुकुरबिटा सिटरूलस
34.	डिक्टामनस
35.	डोरफोरा डिसिमलिनेटा
36.	ग्लिनसोगा परविफलोरा
37.	गेलियम एपराइन
38.	जियुम रिवेल
39.	हेडिओमा पिलिगिओडस
40.	जुनिपेरस वरजिनिनस
41.	माइरिस्टिका सेविफेरा
42.	फाइसालिस एलकेकंगी
43.	रिहस एरोमेटिका
44.	सिसर अरिटिनम
45.	सोलेनम टयूबरोसम

भारतीय होम्योपैथी भेषजकोश को दो खण्डों में संकलित करने और कोडेक्स में संशोधन एवं सुधार करने का कार्य प्रगति पर है।

प्रकाशनः

निम्न प्रलेखों के प्रकाशन का कार्य प्रगति पर है।

1. भारतीय होम्योपैथी औषधकोश का दसवां खण्ड जिसमें 101 औषधियाँ उल्लेखित है–मसौदा तैयार किया जा रहा है और आगे जांच होगी।
2. भारतीय होम्यापैथी भेषजकोश में औषधीय पादपों के देशी नामों को सम्मिलित किया गया–मसौदे की जाँच की जा रही है।

कार्यशाला/सम्मेलन/निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

वर्ष 2011–12 के दौरान एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। परिषद् ने होम्योपैथिक चिकित्सकों को अनुसंधान परिणामों से अवगत करवाने एवं प्रशिक्षित करने हेतु 9 चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों को उत्तरी–पूर्वी क्षेत्र में आयोजन किया गया।

क्र. सं.	गतिविधियाँ	स्थान	दिनांक	प्रतिभागियों की संख्या
1.	माता एवं शिशु रोगों पर निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुवाहाटी	26 से 27 अप्रैल, 2011	29
2.	मधुमेह एलर्जी जनित गठिया और चिरकालिक श्वसनी शोथ पर निरंतर चिकित्सा कार्यक्रम	नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), दीमापुर	27 से 28 अप्रैल, 2011	40
3.	श्वसन तंत्र विकारों पर निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम	नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), शिलोंग	28 से 29 अप्रैल, 2011	20
4.	मलेरिया, मधुमेह और मूत्राश्यता पर निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), इम्फाल	29 से 30 अप्रैल, 2011	48
5.	प्रयोगशाला तकनीशियनों हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम	पुष्पागिरि चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल	19 से 24 सितम्बर, 2011	15
6.	बाल चिकित्सा विकारों पर निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम	नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), शिलोंग	26 से 27 सितम्बर, 2011	28
7.	जीवन शैली संबंधी विकार और नैदानिक अनुसंधान के महत्त्व पर निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुवाहाटी	28 से 29 सितम्बर, 2011	51
8.	एचआईवी/एड्स और श्वसन तंत्र विकारों पर निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम	नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), अगरतला	21 से 22 अक्तूबर, 2011	31
9.	श्वसन तंत्र विकारों पर निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम	नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), सिलिगुड़ी	17 से 18 नवम्बर, 2011	24
10.	जीवसांख्यिकी पर कार्यशालाएँ	परिषद् मुख्यालय	26 नवम्बर, 2011	35
11.	लेखा एवं प्रशासन पर तकनीकी कार्यशाला	परिषद् मुख्यालय	7 से 8 दिसम्बर, 2011	40
12.	लेखा एवं प्रशासन पर तकनीकी कार्यशाला	परिषद् मुख्यालय	21 से 23 दिसम्बर, 2011	38
13.	त्वचा विकारों पर निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), इम्फाल	27 से 28 दिसम्बर, 2011	50
14.	जीवसांख्यिकी पर कार्यशालाएँ	परिषद् मुख्यालय	14 जनवरी, 2012	24
15.	जीवसांख्यिकी पर कार्यशालाएँ	परिषद् मुख्यालय	16 फरवरी, 2012	27
16.	जीवसांख्यिकी और अच्छे नैदानिक अभ्यासों पर कार्यशालाएँ	क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुवाहाटी	5 से 6 मार्च, 2012	65

इम्फाल में निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

शिलोंग में निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

गुवाहाटी में निरन्तर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

एलएमएचआई, नई दिल्ली में परिषद् प्रकाशन की स्टॉल

गुवाहाटी में जीवसांख्यिकी पर कार्यशालाएँ

स्वास्थ्य मेला/प्रदर्शनी

वर्ष 2011–12 के दौरान परिषद् द्वारा निम्नलिखित स्वास्थ्य मेलों और प्रदर्शिनियों में भाग लिया गया।

क्र.सं.	स्वास्थ्य मेला/प्रदर्शिनी	स्थान	दिनांक
1	राज्य आरोग्य मेला	मिलिनियम टॉप रूफ, आइजॉल	9 से 12 मई, 2011
2	जन सूचना अभियान	झांसी, उ.प्र.	21 से 24 जून, 2011
3	राज्य आरोग्य मेला	परेड़ ग्रांऊड, देरादून	8 से 11 जुलाई, 2011
4	जन सूचना अभियान	पिंडवाड़ा, सिरोही, राजस्थान	28 से 30 सितम्बर, 2011
5	ए.टी.एन.एल. परफेक्ट हेल्थ मेला	एन.डी.एम.सी. ग्रांऊड, लक्ष्मीबाई नगर, नई दिल्ली	19 से 23 अक्तूबर, 2011
6	भारतीय अतंर्राष्ट्रीय औद्योगिक मेला–2011	प्रगति मैदान, नई दिल्ली	14 से 17 नवम्बर, 2011
7	प्रेस सूचना कार्यालय द्वारा भारत निर्माण अभियान	करूर वानियाचित्यार, तिरूमाना मनदापम, थनथोनद्रीमलाई, करूर, तमिलनाडु	19 से 21 नवम्बर, 2011
8	सिकिटैक्स	गैंगटोक, सिक्किम	24 से 25 नवम्बर, 2011
9	66वां लीगा मेडीकोरम होम्योपैथिका इंटरनैशलनलाइस–2011	सिरिफोर्ट ऑडीटोरियम, नई दिल्ली	1 से 4 दिसम्बर, 2011
10	राज्य आरोग्य मेला	एसएमएस इन्वेस्टमेन्ट ग्राऊंड, जयपुर	6 से 9 जनवरी, 2012
11	प्रेस सूचना कार्यालय द्वारा भारत निर्माण जन सूचना अभियान	गंव निजाम, पाली–जयतरन, राजस्थान	22 से 24 जनवरी, 2012
12	26वां सूरजकुण्ड शिल्प मेला	सूरजकुण्ड, फरीदाबाद, हरियाणा	1 से 15 फरवरी, 2012
13	आरोग्य एक्सपो–2012	गायत्री विहार, पैयलेस ग्राऊंड, बैंगलुरू	9 से 13 फरवरी, 2012
14	ग्लोबल आयुर्वेद प्रदर्शनी	कनकाकुनु पैयलेस, तिरूवेन्द्रम	9 से 14 फरवरी, 2012
15	राष्ट्रीय खेल सप्ताह 2012	मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योगिक संस्थान, अशोका रोड़, नई दिल्ली	12 से 18 फरवरी, 2012
16	राज्य आरोग्य मेला	अर्न्राष्ट्रीय मेला ग्राऊंड, हपानिया, अगरतला, त्रिपुरा	18 से 22 फरवरी, 2012
17	आयुष मेला 2012	डेंगाई पी एच सी, ईस्ट खासी हिल्स, मेघालय	16 मार्च, 2012
18	प्रेस सूचना कार्यालय, रांची द्वारा भारत निर्माण जन सूचना अभियान	एस.एस. मोर कॉलेज ग्राऊंड, गोविन्दपुर, धनबाद, झारखंड	22 से 24 मार्च, 2012

मदुराई में भारत निर्माण अभियान

अगरतला में राज्य आरोग्य मेला

प्रेस सूचना कार्यालय द्वारा सिरोही, राजस्थान में आयोजित अभियान में भाग लेते मरीज।

अगरतला में निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

आयुष अनुसंधान पोर्टल

आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आयुष की समस्त चिकित्सा पद्धतियों (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी) से संबंधित अनुसंधानों की जानकारी के प्रसार एवं वितरण हेतु आयुष अनुसंधान पोर्टल विकसित किया है। पोर्टल विभिन्न पियर–रिव्यूड और अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशित उच्च गुववत्ता के शोध–पत्र निम्न 4 श्रेणियों में उपलब्ध करवाता है:

1. नैदानिक अनुसंधान– विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित "परम्परागत चिकित्सा प्रणाली में अनुसंधान एवं मूल्यांकन की पद्धतियों हेतु सामान्य दिशा–निर्देशों" के आधार पर जिसको आगे साक्ष्य आधारित श्रेणी अ ब स व द में वर्गीकृत किया गया है।
2. पूर्व–नैदानिक अध्ययन
3. औषध अनुसंधान
4. मूलभूत अनुसंधान

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् ने आयुष अनुसंधान पोर्टल में "तकनीकी एडिटिंग एवं शोध पत्रों की गुणवत्ता" नियंत्रण हेतु निम्न 3 समितियों का गठन किया:

1. खोज एवं पीयर–रिव्यू समिति
2. संपादकीय समिति
3. केन्द्रीय समन्वय समिति

परिषद् ने पोर्टल हेतु अनुसंधान शोध पत्रों के चयन और सार अथवा पूर्ण रूप में (जहां तक निःशुल्क हो) उनकों पोर्टल पर उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान किया है। मूल्याधारित शोध–पत्रों के सम्बन्ध में पूर्ण पेपर हाइपरलिंक उपलब्ध करवाया गया है।

इस वर्ष के दौरान परिषद् ने पोर्टल पर 1100 शोध–पत्र उपलब्ध करवायें। आयुष पोर्टल (http://ayushportal.ap.nic.in/) अनुसंधान आंकड़ों तक पहुँच को सुगम बनाऐगा और विश्व में आयुष में चिकित्सा पद्धतियों में हो रहे नवीन अनुसंधानों से चिकित्सकों अनुसंधाताओं, नीति–निर्माताओं, लेखकों, विद्यार्थियों और सामान्य जनता को जानकारी उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा साक्ष्य और श्रेणीकारण की सिफारिशों के आधार पर नैदानिक अध्ययनों हेतु साक्ष्य स्तर कसौटी निम्न प्रकार से है:–

सिफारिशों का श्रेणीकरण

श्रेणी	अनुशंसा
ए (साक्ष्य स्तर गुणवत्ता एल ए, एलबी)	कम से कम एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण की आवश्यकता होती है जैसा कि सभी प्रकार से ठीक एवं विशिष्ट सिफारिशों की विश्वसनीयता को दर्शातें हुए संपूर्ण।
ब (साक्ष्य स्तर II ए, II बी, III)	भली प्रकार से किये नैदानिक अध्ययन की आवश्यकता पर सिफारिशों के बिन्दुओं पर किसी यादृच्छिक निंयत्रिक परीक्षण की आवश्यकता नही होती है।
सी (साक्ष्य स्तर IV)	विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट या विचार या प्राधिकारियों नैदानिक अनुभव से साक्ष्य की आवश्यकता होती है। अच्छी गुणवत्ता प्रत्यक्ष रूप से लाल अध्ययन की कमी को दर्शाता है।

साक्ष्य के स्तर

स्तर	साक्ष्य के प्रकार
I ए	यादृच्छिक निंयत्रित परीक्षण के मेटा विश्लेषण से प्राप्त साक्ष्य
I बी	कम से कम एक यादृच्छिक निंयत्रित परीक्षण से प्राप्त साक्ष्य
II ए	कम से कम एक अन्य प्रकार के सुव्यवस्थित के यादृच्छिकता रहित नियंत्रित अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य
II बी	कम से कम एक अन्य प्रकार के सुव्यवस्थित अर्ध–प्रयोगात्मक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य
III	सुव्यवस्थित गैर प्रयोगात्मक वर्णनात्मक अध्ययनों जैसे तुलनात्मक अध्ययनों, सहसंबन्ध अध्ययनों और केस कंट्रोल अध्ययनों से प्राप्त साक्ष्य
IV	विशेषज्ञ समिति रिपोर्ट या विचार अथवा मान्य प्राधिकारियों के नैदानिक अनुभवों से प्राप्त साक्ष्य

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली

